राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 11 अंक-109
लखनऊ, बुधवार 06 दिसंबर, 2023
पृष्ठ- 12 मूल्य- रु 4.00
आमंत्रण मूल्य ₹3
लखनऊ व कानपुर से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



गांवों के संतुलित विकास से रुकेगा गांवों से शहरों की ओर पलायन 03

भारतीय संस्कृति की पहचान और वाहक रही है संस्कृत : राष्ट्रपति 12

# पीएम आवास योजना में यूपी अव्वल

## प्रदेश में स्वीकृत 17.65 लाख आवासों के सापेक्ष योगी सरकार ने धरातल पर उतारे 17 लाख से ज्यादा मकान

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** गरीब और वंचित लोगों के अपने मकान का सपना सच करने के लिए पीएम मोदी के मार्गदर्शन में शुरू हुई पीएम आवास योजना (पीएमएवाई) उत्तर प्रदेश में नए कीर्तिमान बना रही है। सीएम योगी के निर्देश पर निरंतर उत्कृष्टता का प्रदर्शन करते हुए उत्तर प्रदेश ने प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई) के कार्यान्वयन में पिछले कुछ वर्षों से अपना स्थान सबसे आगे बनाए रखा है। इसी क्रम में अब उत्तर प्रदेश ने 14 लाख से अधिक पूर्ण आवासों के रिकॉर्ड को पार कर लिया है। नगर विकास विभाग के प्रमुख सचिव की अध्यक्षता में हाल ही में हुई बैठक में राज्य के निरंतर बेहतर प्रदर्शन के साथ ही जल्द पूरी होने वाली परियोजनाओं की प्रगति पर प्रकाश डाला गया। पीएम आवास योजना के तहत उत्तर प्रदेश में 17 लाख 65 हजार से ज्यादा आवासों की स्वीकृत किया गया है।



इसके तहत अब तक 17 लाख से अधिक आवास धरातल पर नजर आ रहे हैं। वहीं, 59 हजार आवासों का काम भींजल्द शुरू होने वाला है। साथ ही 14 लाख एक हजार से ज्यादा आवास बनाकर पूर्ण हो चुके हैं, जो बहुत बड़ी उपलब्धि है। जो आवास पूर्ण हो चुके हैं उनमें 12 लाख 12 हजार से ज्यादा आवास बेनिफिशियरी एलईडी कंस्ट्रक्शन (बीएलसी) के

### महिला अपराध में सजा के मामले में यूपी नंबर वन

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के कानून एवं व्यवस्था स्पेशल डीजी प्रशांत कुमार ने मंगलवार को बताया कि राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) ने वर्ष 2022 के अपराध के आकड़े जारी कर दिए गए हैं। उत्तर प्रदेश सरकार तथा यूपी पुलिस द्वारा अपराध और अपराधियों के प्रति जो जीरो टॉलरेंस की नीति अपनायी गई है। उसके साथ विभिन्न विभागों के समन्वय से जो प्रयास किए गए हैं उसके सार्थक परिणाम क्राइम इन इंडिया 2022 के द्वारा प्रख्यापित आकड़ों में साफ नजर आ रहे हैं। अगर हम पूरे आईपीसी अपराध को देखे तो भारतवर्ष का 11.28 प्रतिशत आईपीसी अपराध उत्तर प्रदेश में अपराध गठित हुए है। विभिन्न राज्यों में हमारी रैंकिंग 20वें स्थान में है। 19 राज्य ऐसे है, जहां हमसे ज्यादा अपराध गठित हुए हैं। अगर हम अपराध की दरों की बात करें। उन्होंने कहा कि हत्या की दरों की बात करें तो हमारा स्थान 28वां है। हत्या के प्रयास में 25वां, महिलाओं की छेड़खानी के मामले में 17वां, किडनैपिंग और फिरोती के मामले में 30वां, रेप के मामले में 24वां स्थान है। बलवे में भी 24वां, लूट के मामले में 27वां स्थान है। सभी मुख्य अपराधों में पुलिस ने अपराध और अपराधियों पर चौतरफा कार्रवाई करते हुए अच्छे गुड वर्क किए हैं। इसके सुखद परिणाम आये हैं। महिलाओं के संबंधित अपराध जिसमें शासन की विशेष प्राथमिकता है, उसमें महिलाओं के प्रति जो गठित कुल अपराध है उसमें उत्तर प्रदेश का स्थान 14वां है।

# श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष की हत्या

एजेंसी

▶ लारेंस विश्नोई गैंग से जुड़े रोहित गोदारा ने ली हत्या की जिम्मेदारी

**जयपुर।** राजस्थान की राजधानी जयपुर के श्याम नगर थाना क्षेत्र में मंगलवार दोपहर कार सवार तीन बदमाशों ने श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की घर में गोली मारकर हत्या कर दी। गंभीर हालत में उन्हें मेट्रो मास हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

घटना के दौरान मौजूद गार्ड अजीत सिंह भी इस हमले में गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। हालांकि गार्ड की ओर से की गई फायरिंग में एक बदमाश की भी मौत हो गई। फिलहाल, इस हत्या की जिम्मेदारी लारेंस विश्नाई गैंग से जुड़े रोहित गोदारा ने ली है। इधर, वारदात के बाद पुलिस की ओर से जयपुर शहर में कड़ी नाकाबंदी करवाई गई है। पुलिस की टीमें हमलावरों की धर-पकड़ के लिए दौड़ भाग कर रही हैं। फिलहाल समाचार लिखे जाने तक उनका कोई सुराग नहीं लग पाया है। सुखदेव सिंह गोगामेड़ी के समर्थकों का कहना है उनको काफी समय से यूपी समेत अन्य इलाकों से धमकियां मिली थीं।

साथ ही पाकिस्तान से भी उनको धमकी मिली थी लेकिन पुलिस ने कोई ध्यान नहीं दिया। नतीजतन, सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की आज हत्या कर दी गई। जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जार्ज जोसेफ ने बताया कि श्याम नगर जनपथ पर सुखदेव सिंह गोगामेड़ी का घर है।

## संक्षिप्त समाचार

### डेढ़ करोड़ से ज्यादा की अफीम बरामद, चार तस्कर गिरफ्तार

**शाहजहांपुर।** पुलिस ने जैतीपुर और मदनापुर थाना क्षेत्र से बाइक सवार दो-दो मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को एक करोड़ साठ लाख रुपये कीमत की अफीम तस्करों के पास से मिली है। जैतीपुर थानाध्यक्ष अवधेश कुमार सिंह ने बताया की सोमवार को देर रात पुलिस टीम पडैनिया पुलिया के पास वाहन चेकिंग कर रही थी। इस दौरान पुलिस टीम ने बाइक सवार दो मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए तस्कर जलालाबाद थाना क्षेत्र के गांव कटका निवासी भंवरपाल उर्फ बबलू तथा रितेश है। उनके कब्जे से उच्च क़्वालिटी की डेढ़ किलोग्राम अफीम बरामद हुई है, जिसकी कीमत अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में लगभग डेढ़ करोड़ रुपये है। मदनापुर प्रभारी निरीक्षक अश्वनी कुमार ने बताया की बीती रात मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने सलेमपुर पुलिया के पास से बाइक सवार जनपद बरेली निवासी हसीब और उसके साथी याकूब उर्फ गुड्डू को सौ ग्राम स्मैक के साथ पकड़ लिया। बरामद स्मैक की कीमत अन्तर्राष्ट्रीय बाजार मे लगभग दस लाख रुपये है।

### एक निशान, एक विधान व एक प्रधान ही चलेगा : शाह

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने लोकसभा में टीएमसी के वरिष्ठ सदस्य सौगत रॉय के उस बयान पर आपत्ति जताई जिसमें उन्होंने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के नारे को राजनीतिक करार दिया था।
सदन में मंगलवार को जम्मू-कश्मीर आरक्षण (संशोधन) विधेयक-2023 पर चर्चा के दौरान सौगत रॉय ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का एक देश में एक निशान, एक विधान और एक प्रधान का नारा राजनीतिक था। इससे जम्मू-कश्मीर की जनता से कोई लेना-देना नहीं है। सौगत रॉय के इस बयान को सुनते ही गृहमंत्री शाह नाराज हो गए। उन्होंने आसान के माध्यम से रॉय को संबोधित करते हुए कहा कि दादा, ये बयान आपत्तिजनक है। अब आपकी उम्र हो चुकी है। शाह ने सवाल किया कि एक देश में दो प्रधानमंत्री, दो झंडे और दो संविधान कैसे हो सकते हैं? यह पूरी तरह गलत है।

### लोकपाल नियुक्ति में विफल विवि पर होगी कार्रवाई

**नई दिल्ली।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने उन विश्वविद्यालयों पर सख्त कार्रवाई करने का फैसला किया है, जिसने अभी तक विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (छात्रों की शिकायतों का निवारण) विनियम-2023 में दिए गए लोकपाल की नियुक्ति पर उसके पिछले निर्देशों का पालन नहीं किया है। यूजीसी ने एक पत्र में कहा है कि सभी विश्वविद्यालयों को लोकपाल नियुक्त करके छात्र शिकायत निवारण समिति का गठन करके नियमों का पालन करना आवश्यक है। हालांकि, यह समझा जाता है कि कुछ विश्वविद्यालयों को अभी भी नियमों का पालन करना बाकी है। यूजीसी के सचिव मनीष आर. जोशी ने केंद्रीय, राज्य, निजी और डीम्ड विश्वविद्यालयों के कुलपतियों को पत्र लिखा है। इसमें विश्वविद्यालयों को तुरंत लोकपाल नियुक्त करने और 31 दिसंबर 2023 को या उससे पहले यूजीसी विनियमों के अन्य प्रावधानों को लागू करने के लिए कह गया है।

# अविवाहित को सरोगेसी के लाभ से रोकने वाले प्रावधानों को चुनौती

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने अविवाहित महिलाओं को सरोगेसी का लाभ उठाने से रोकने के लिए सरोगेसी कानून के प्रावधानों को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया है।

जस्टिस बीवी नागरत्ना की अध्यक्षता वाली बेंच ने नोटिस जारी किया। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ वकील सौरभ कृपाल ने कहा कि सिंगल महिलाओं को सरोगेसी से बच्चा करने से रोकने के लिए जो नियम है, वह संविधान के अनुच्छेद 14 और 21 का उल्लंघन करता है। उन्होंने कहा कि अगर कोई महिला बच्चा चाहती है लेकिन गर्भधारण नहीं कर सकती है तो उसे शादी के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि क्या यह कोर्ट के द्वारा विचार किये जाने योग्य नहीं है। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने पूछा कि महिला के प्रजनन को पूरा करने के लिए स्थानांतरित करके गर्भावस्था प्राप्त करने के लिए उपयोग की जाने वाली सभी तकनीक एआरटी का इस्तेमाल भारत में कितनी अविवाहित महिलाओं पर हुआ है। कोर्ट ने कहा कि हमें भारतीय समाज को भी देखना होगा। दरअसल, एक अविवाहित महिला ने याचिका दाखिल कर सरोगेसी कानून, 2021 के उस प्रावधान को चुनौती दी है, जिसमें अविवाहित महिलाओं को इच्छुक महिला की परिभाषा के दायरे से बाहर रखा गया है। ऐसा होने से याचिकाकर्ताओं को सरोगेसी के जरिये संतान का विकल्प खत्म हो जाता है। याचिका में कहा गया है कि इस कानून के तहत इच्छुक महिलाओं में भारतीय महिलाएं शामिल हैं, जो 35 से 45 वर्ष की आयु के बीच विधवा या तलाकशुदा हैं और जो सरोगेसी का लाभ उठाने का इरादा रखती हैं।

# टेरर फंडिंग मामले में एनआईए की जम्मू कश्मीर में आठ स्थानों पर छापेमारी

▶ आतंकियों को धन मुहैया कराने से जुड़ी है यह छापेमारी

एजेंसी



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने मंगलवार को आतंकी फंडिंग मामले में जम्मू-कश्मीर में आठ स्थानों पर छापेमारी की है।

जम्मू-कश्मीर पुलिस और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के साथ एनआईए की कश्मीर में सात और जम्मू में एक स्थान पर छापेमारी आज जारी है। यह छापेमारी आतंकियों को धन मुहैया कराने के मामले से जुड़ा हुआ है। एनआईए की टीमें शोपियां और बारामूला समेत अन्य इलाकों में छापेमारी कर रही हैं। मामले से जुड़े संदिग्धों के निवास स्थानों तथा अन्य ठिकानों की तलाशी ली जा रही है। यह छापेमारी केंद्रीय एजेंसी द्वारा कश्मीर में सक्रिय आतंकवादियों को ड्रोन के माध्यम से हथियारों की डिलीवरी से जुड़े पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद मामले में की जा रही है। एनआईए जम्मू शाखा की टीम के जरिए 27 नवंबर को जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले के 22 साल के जाकिर हुसैन को गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद एजेंसी ने 29 नवंबर को इनपुट शेयर किया था। पिछले साल 30 जुलाई में एनआईए के जरिए दर्ज किए गए एक मामले में गिरफ्तार किए जाने वाले 8 आरोपितों में से आठवा आरोपी जाकिर था। गौरतलब है कि पहले गिरफ्तार किए गए सात आरोपितों में से एक की न्यायिक हिरासत में दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई थी। कश्मीर घाटी और पूरे भारत में आतंक और हिंसा की घटनाओं को अंजाम देने के लिए पाकिस्तान समर्थित आतंकवादी समूहों की बड़ी साजिश का पर्दाफाश करने के लिए एनआईए इस मामले में अपनी जांच जारी रखे हुए है।

# सनातन धर्म पर टिप्पणी में स्टालिन पर कार्रवाई की मांग

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सनातन धर्म के अपमान का मुद्दा मंगलवार को राज्यसभा में भी गूंजा। भाजपा के राज्यसभा सदस्य जीवीएल नरसिम्हा राव ने सनातन धर्म का अपमान करने वाले तमिलनाडु के युवा कल्याण व खेल विकास मंत्री उदयनिधि स्टालिन व राज्य सरकार की आलोचना करते हुए कार्रवाई की मांग की है।

राव ने आज सदन में शून्यकाल के दौरान उदयनिधि स्टालिन और राज्य सरकार पर कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि तमिलनाडु के मंत्री ने सार्वजनिक तौर पर सनातन धर्म को अपमानित किया है । वह सनातन धर्म के उन्मूलन की बात कह रहे हैं। ऐसे लोगों को पद पर बने रहने का कोई अधिकार नहीं है। उदयनिधि स्टालिन सामाजिक ताने-बाने को बिगाड़ रहे हैं। राव ने अपने उद्बोधन के दौरान आई.एन.डी.आई. गठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि इस गठबंधन का उद्देश्य सिर्फ सनातन को अपमानित करना है। यह गठबंधन भारत विरोधी एजेंडा चला रहा है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के बेटे उदयनिधि स्टालिन सनातन पर टिप्पणी कर सामाजिक सौहार्द्र बिगाड़ने का काम करते हैं और आई.एन.डी.आई. गठबंधन का कोई नेता कुछ नहीं बोलता है। उल्लेखनीय है कि डीएमके नेता उदयनिधि स्टालिन ने बीते दिनों अपने भाषण में सनातन धर्म की तुलना डेंगू, मलेरिया से की थी। इसको लेकर उन्हें भारी विरोध का सामना करना पड़ा था। इसके बावजूद उन्होंने अपने बयान को लेकर माफी नहीं मांगी। इसको लेकर भाजपा ने विरोध जताया है।

### कॉनक्लेव में साइन हुए 40 हजार करोड़ के एमओयू

**देहरादून।** डेस्टिनेशन उत्तराखंड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के तहत मंगलवार को सचिवालय में आयोजित उत्तराखंड एनर्जी कॉनक्लेव में मुख्यमंत्री की उपस्थित में 40 हजार 4 सौ 23 करोड़ के एमओयू हस्ताक्षरित किये गये। इस मौके पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखंड में ऊर्जा के क्षेत्र में कार्य करने के लिए अपार संभावनाएं हैं। उत्तराखंड राज्य की अवधारणा में ऊर्जा सेक्टर का महत्वपूर्ण योगदान था। उन्होंने कहा कि राज्य में निवेश बढ़ाने के लिए राज्य सरकार द्वारा लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। औद्योगिक जगत से जुड़े लोगों के सुझावों के आधार पर 27 नई नीतियां बनाई गई हैं और अनेक नीतियों को सरल बनाया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 08 और 09 दिसम्बर 2023 को एफआरआई में डेस्टिनेशन उत्तराखंड, ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन किया जा रहा है।

# पीएम मोदी 17 दिसंबर को काशी को देंगे 1000 करोड़ का तोहफा

समृद्धि न्यूज



▶ प्रधानमंत्री सेवापुरी विस क्षेत्र में जनसभा को करेंगे संबोधित

**वाराणसी ।** पीएम नरेंद्र मोदी 17 दिसंबर को वाराणसी आयेंगे। वे अपने संसदीय क्षेत्र की जनता खातिर एक हजार करोड़ रुपये से ज्यादा की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। विकसित भारत संकल्प यात्रा के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के काशी आगमन के तहत पीएमओ की टीम वाराणसी पहुंची है।

पीएमओ ने संसदीय क्षेत्र में चल रहे विकसित भारत संकल्प यात्रा का फीडबैक ले लिया है। लोकार्पण के लिए 12 परियोजनाओं की सूची तय है। भौतिक सत्यापन कराया जा रहा है। दो दिवसीय प्रवास के दौरान प्रधानमंत्री सेवापुरी विधानसभा क्षेत्र में जनसभा को संबोधित करेंगे। परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। शहर को जाम मुक्त करने के लिए बनकर तैयार फुलवरिया फोरलेन और काशी के अर्धचंद्राकार घाटों की श्रृंखला में चार चांद लगाने वाले नमो घाट की सौगात भी मिलेगी। प्रधानमंत्री कार्यालय के अधिकारी अखिलेश मिश्र ने काशी विद्यापीठ और आराजी लाइन विकास खंडों का दौरा किया। उन्होंने काशी विद्यापीठ ब्लॉक के मड़ाव और आराजी लाइन विकास खंड के धानापुर में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा का निरीक्षण किया।

### राजस्थान में करणपुर विधानसभा सीट पर पांच जनवरी को होगा मतदान

**जयपुर।** केंद्रीय निर्वाचन आयोग ने राजस्थान के श्रीगंगानगर जिले की करणपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए चुनाव कार्यक्रम घोषित कर दिया है। इस सीट पर मतदान 5 जनवरी को और मतों की गणना 10 जनवरी को होगी। इस सीट के कांग्रेस उम्मीदवार के निधन के कारण चुनाव कार्यक्रम निरस्त कर दिया गया था। निर्वाचन आयोग के मुताबिक करणपुर सीट के लिए 12 दिसंबर से नामांकन प्रक्रिया शुरू होगी। 19 दिसंबर नामांकन की आखिरी तारीख है। 20 को जांच और 22 दिसंबर तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। पांच जनवरी को मतदान और 10 जनवरी को मतगणना होगी। कांग्रेस उम्मीदवार गुरमीत सिंह कुन्नर के निधन के बाद इस सीट पर चुनाव रद्द किए गए थे। राज्य की 200 में से 199 विधानसभा सीटों के लिए 25 नवंबर को मतदान हुआ था और तीन दिसंबर को मतों की गणना की गई।

# 22 हजार गांवों में प्राण-प्रतिष्ठा का निमंत्रण

समृद्धि न्यूज

**प्रयागराज।** रामनगरी अयोध्या में श्रीरामलला की मूर्ति में प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी 2024 को दोपहर 12 बजकर 20 मिनट पर होंगी। प्राण प्रतिष्ठा समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी,राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ मोहन भागवत की खास उपस्थिति रहेगी। समारोह में देश के संत, महंत, महामण्डलेश्वर सहित प्रबुद्ध आध्यात्मिक सांस्कृतिक समाज के 10 हजार लोग मौजूद रहेंगे।

पूरे काशी प्रांत में हिंदू-शक्ति के व्यापक जन जागरण के लिए चरणबद्ध ढंग से एक बड़े गृह संपर्क महाअभियान की तिथि वार घोषणा की गई। मंगलवार को प्रयागराज के नैनी स्थित माधव ज्ञान केंद्र इंटर कॉलेज में संघ विचार परिवार के प्रमुख पदाधिकारियों की उपस्थिति में आरएसएस के काशी प्रांत प्रचारक रमेश ने इस महाअभियान की घोषणा की। विश्व के सबसे बड़े संगठन की ओर से चलाया जाने वाला विश्व का सबसे बड़ा महाजनसंपर्क अभियान होगा। यह श्री राम जन्मभूमि रामलला प्राण प्रतिष्ठा ग्रह संपर्क महाअभियान के रूप में चलाया जाएगा। काशी प्रांत के 22 हजार गांवों में 55 हज़ार टोली बनाकर लगभग 3 लाख कार्यकर्ता पूजित अक्षत, श्रीराम मंदिर का चित्र एवं निमंत्रण पत्रक सबको देकर अयोध्या पहुंचने का निमंत्रण देंगे। बैठक में विश्व हिंदू परिषद काशी प्रांत के अध्यक्ष केपी सिंह, कोषाध्यक्ष रविंद्र मोहन, सत्य प्रकाश मिश्रा, प्रांत संगठन मंत्री नितिन ने प्रयाग उत्तर, प्रयाग दक्षिण, गंगापार तथा यमुनापार जिला एवं नैनी भाग के लिए अयोध्या से आए पूजित अक्षत वाले कलश पांच जिलों के कार्यवाह तथा संघचालक को सौंप दिए।

### एक से 15 जनवरी तक चलेगा महा अभियान

1 से 15 जनवरी 2024 तक चलने वाले इस महाभियान को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं की टोली बनेगी। एक टोली में पांच कार्यकर्ता होंगे । जिन्हें 15 दिनों में 100 घरों में संपर्क करना होगा। संपर्क अभियान के दौरान कार्यकर्ता सामाजिक समरसता का वातावरण पैदा करते हुए महा संपर्क अभियान में सभी स्थानीय प्रमुख मंदिरों की सूची, उनका स्थान, किस देवता का मंदिर है आदि विवरण भी कार्यकर्ता संग्रहित करेंगे। यह कार्यालय में डाटा के रूप में सुरक्षित रखे जाएंगे। इसके पहले इस कार्य के लिए आगामी 20 दिसंबर तक टोली निर्माण तथा 24 दिसंबर को टोली प्रमुखों का प्रशिक्षण होगा। इस दौरान उन्हें अपने चिन्हित गांवों के लिए अक्षत चित्र एवं निमंत्रण पत्र सौंप दिए जाएंगे। काशी प्रांत के चयनित 3 हजार श्रीराम भक्त 30 जनवरी को अयोध्या पहुंचेंगे। प्रांत प्रचारक ने बैठक में बताया कि 22 जनवरी को पूर्वांह 11:00 बजे से अपरान्ह 1:00 बजे तक प्रांत के सभी मंदिरों में भजन कीर्तन, श्री राम जय राम जय जय राम का सामूहिक जाप तथा 11 से 12 तक सामूहिक आरती एवं 12 से 1 बजे तक प्राण प्रतिष्ठा समारोह का जीवंत एवं सीधा प्रसारण कार्यकर्ताओं को दिखाया जाएगा।

सवाल-जवाब

## वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान कहा

# बैंक कमा रहे लाभ, देश की अर्थव्यवस्था हो रही है मजबूत

एजेंसी



**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज राज्यसभा में जोर देकर कहा कि देश में बैंकों की गैर निष्पादित संपत्ति निरंतर कम हो रही है और सभी बैंक फायदे की स्थिति में है तथा देश की अर्थव्यवस्था मजबूत हो रही है।

श्रीमती सीतारमण ने मंगलवार को सदन में प्रश्नकाल के दौरान तृणमूल कांग्रेस के जवाहर सरकार के पूरक प्रश्न का जवाब देते हुए कहा कि पिछले कुछ वर्षों में सरकार की नीतियों के कारण गैर निष्पादित संपत्ति यानी एनपीए निरंतर कम हो रहा है तथा बैंकों की स्थिति मजबूत हो रही है क्योंकि वे मुनाफा कमा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका और जर्मनी सहित दुनिया के विभिन्न बड़े देशों के बैंकों की हालत खस्ता हो रही है वहीं भारत में बैंक फल फूल रहे हैं। उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2022-23 के अनुसार वाणिज्यिक बैंकों की गैर निष्पादित संपत्ति 0.95 प्रतिशत पर तो सरकारी बैंकों की गैर निष्पादित संपत्ति 1.24 प्रतिशत तक आ गयी है। उन्होंने कहा कि सरकार की नीतियों के चलते कभी बुरी हालत में रही हमारी अर्थव्यवस्था अब तेज गति से बढ रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन सरकार के दस वर्ष के शासनकाल में 'फोन बैंकिंग' के कारण बैंकों की हालत चरमरा गयी थी। उस समय बैंकों के कामकाज में राजनीतिक हस्तक्षेप किया जाता था और लोगों को बिना जांच और प्रक्रिया के ही नियमों का उल्लंघन कर टेलिफोन के माध्यम से रिण देने की सिफारिश की जाती थी। इससे बैंकों की व्यवस्था चरमरा गयी। श्रीमती सीतारमण ने कहा कि जानबूझकर रिण नहीं चुकाने वाले ढाई हजार से भी अधिक लोगों के खिलाफ व्यापक स्तर पर कार्रवाई की जा रही है।

### 33 हजार 801 करोड़ की अब तक हो चुकी है वसूली

उन्होंने कहा कि 13 हजार 978 खाताधारकों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की गयी है। सरफेसी अधिनियम के तहत भी 11 हजार 483 मामलों में कदम उठाये जा रहे हैं। सरकार की कार्रवाई के कारण 33 हजार 801 करोड़ रूपये की वसूली की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि इस तरह के लोगों के खिलाफ सीबीआई, प्रवर्तन निदेशालय और आयकर विभाग निरंतर कड़े कदम उठा रही है। वित्त राज्य मंत्री भगवत कराड़ ने भी एक पूरक सवाल के जवाब में कहा कि दिवालिया प्रक्रिया से गुजरने वाली कंपनियों में 'हेयर कट' की राशि तय करने में सरकार की कोई भूमिका नहीं होती क्योंकि यह सब निश्चित प्रक्रिया का हिस्सा है और इसका निर्णय साहुकारों की समिति यानी कमेटी ऑफ क्रेडिटर्स लेती है।

### दिसंबर के तीसरे हफ्ते में होगी इंडिया की बैठक

**नई दिल्ली।** इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इनक्लूसिव अलायंस की कल यानी 6 दिसंबर को होने वाली बैठक फिलहाल टाल दी गई है। अब यह मीटिंग दिसंबर के तीसरे हफ्ते में होगी। बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, बिहार के सीएम नीतीश और सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव समेत कई नेताओं ने बैठक में शामिल होने से इनकार किया था। इसमें हाल ही में आए चुनाव नतीजों पर चर्चा होनी थी। 3 दिसंबर को पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों के नतीजे आए थे। इसमें मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में बीजेपी ने जबर्दस्त जीत दर्ज की। इसी के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने 6 दिसंबर को इंडिया की मीटिंग बुलाने की घोषणा की थी। बैठक में ना जाने के किसने क्या कारण बताए थे ममता बनर्जी- मुझे नहीं पता।

# ज्ञानवापी मामले में सुनवाई टली, अगली सुनवाई कल

समृद्धि न्यूज

▶ न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल की पीठ के समक्ष हुई सुनवाई

**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने मंगलवार को ज्ञानवापी मामले में सुनवाई सात दिसंबर के लिए टाल दी। वाराणसी स्थित ज्ञानवापी मस्जिद का प्रबंधन करने वाली अंजुमन इंतेजामिया कमेटी ने इस मस्जिद के स्थान पर मंदिर बहाल करने की मांग वाले वाद की पोषणीयता को चुनौती देते हुए याचिका दायर कर रखी है।

यह मामला सुनवाई के लिए न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल की पीठ के समक्ष सूचीबद्ध था। जब इस मामले पर सुनवाई शुरू हुई, तब कुछ देर के बाद अदालत ने सुनवाई टाल दी और अगली तिथि सात दिसंबर निर्धारित की। इससे पूर्व, तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश प्रीतिंकर दिवाकर ने 28 अगस्त, 2023 को यह कहते हुए इस मामले को न्यायमूर्ति प्रकाश पाडिया से अपने पास स्थानांतरित करवाया था कि रोस्टर के मुताबिक, इस मामले पर सुनवाई उनके (प्रकाश पाडिया के) न्यायिक क्षेत्र में नहीं था। मुख्य न्यायाधीश ने कहा था कि एकल न्यायाधीश से इस मामले को लेकर मुख्य न्यायाधीश की अदालत में भेजने का निर्णय न्यायिक संपत्ति, न्यायिक अनुशासन और पारदर्शिता के हित में प्रशासनिक स्तर पर किया गया था।

## नोडल की अगुवाई में गांवों तक पहुंचा मोदी के विकास की गारंटी वाला रथ

# विकसित राष्ट्र बनाने में योगदान करेंगे ग्रामवासी, लिया संकल्प

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

योजनाओं का रथ मंगलवार को विकसित भारत संकल्प लेकर निर्धारित रोस्टर के अनुसार नोडल की अगुवाई में ब्लॉक लखीमपुर के ग्राम पचपेड़वा और धौरहरा, ब्लॉक पलियाकलां के ग्राम बसही कालोनी और रानीनगर कालोनी, ब्लॉक बांकेगंज के ग्राम बुधेली नानकार और ग्रन्ट डाटपुर, ब्लॉक नकहा के ग्राम कोरैय्या संजर और बेड़नापुर, ब्लॉक निघासन के ग्राम लालापुर और जसनगर, ब्लॉक बेहजम के ग्राम ओयल देहात और मड़िया, ब्लॉक कुम्भी (गोला) के ग्राम गोला देहात और कोरैया में दस्तक दी, जहां भारी संख्या में ग्रामीण ने जोरदार स्वागत किया।

ब्लॉक बेहजम के ग्राम ओयल देहात पहुंची यात्रा को संबोधित करते हुए सांसद प्रतिनिधि अरविन्द सिंह 'संजय' ने ग्राम ओयल देहात में कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि पीएम नरेन्द्र मोदी द्वारा जो भी महत्वकांक्षी योजनाएं चलाई जा रही है उन्हें जन-जन तक पहुंचाना हमारा उद्देश्य है। हम सब एकजुट होकर इन महत्वकांक्षी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाए तथा उन्हें इन योजनाओं का लाभ दिला सके। साथ-साथ ग्रामवासियों से कहा कि आप सभी विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाएं तथा पीएम के सपने विकसित भारत को पूरा करने में हमारा सहयोग करें।

कार्यक्रम में डीसीबी अध्यक्ष विनीत मनार, बीडीओ बेहजम, ब्लाक प्रमुख पलिया वीरेन्द्र शुक्ला, ब्लाक प्रमुख फूलबेहड़ विश्वनाथ सिंह, प्रिया दीक्षित एडीओ (स0क0), संतोष कुमार सिंह,उत्तम बंसवार, एडीओ (आईएसबी), सांसद प्रवक्ता अम्बरीश सिंह, राकेश सिंह, रामनरेश सिंह, आचार्य अनूप मिश्रा, बालमुकुन्द, रामगुलाम प्रधान प्रतिनिधि, अनुज शुक्ला 'बीटू', धीरज शुक्ला, प्रेम बाजपेई, नागेन्द्र सिंह सेंगर, विकास मिश्रा, दीपक मिश्रा, राजेश दीक्षित सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे।



### गांव-गांव जाकर योजनाओं की जानकारी मुहैया करा रही यात्रा : विधायक

अपने विधानसभा क्षेत्र में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा को विधायक मंजू त्यागी ने सम्बोधित करते हुए कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा चल रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी लाभार्थियों तक पहुंच सके तथा वह लाभार्थी उस योजना का लाभ ले सके इसलिए इस यात्रा को गांव-गांव ले जाकर योजनाओं की जानकारी मुहैया कराई जा रही है, जिससे कोई भी लाभार्थी जिस योजना में वह पात्र है उस योजना से वंचित न रह सके।

### लाभार्थियों को मिली सौगातें, खिले चेहरे

विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान जनप्रतिनिधियों ने अफसरो के साथ विभिन्न ग्रामों में आयोजित कार्यक्रमों में मौजूद लाभार्थियों को पोषण किट, पीएम आवास योजना (ग्रामीण) के अन्तर्गत सांकेतिक आवास चाभी एवं फल वितरण किया गया। इसके साथ ही सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को हितपत्र भी प्रदान किए। पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, उज्ज्वला योजना का प्रचार-प्रसार, पंजीकरण एवं आधार सीडिंग, सरकारी योजनाओं के लिए जागरूकता कार्यक्रम, प्रशिक्षण कार्यक्रम डिजीटल विपणन, वित्तीय साक्षरता, ई-कामर्स, पीएम आवास योजना (ग्रामीण), जनधन योजना,जीवन ज्योति बीमा, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, पीएम मुद्रा लोन एवं अन्य वित्तीय समावेशन योजनाओं में अभ्यर्थियों का पंजीकरण, कृषि विभाग द्वारा कार्यशाला एवं प्रदर्शनी, सरकारी योजनाएं, नवीनतम तकनीकी, पीएम किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम प्रणाम, नैनो फर्टिलाइज़र के प्रचार -प्रसार के साथ-साथ लाभार्थियों को लाभान्वित भी किया।

### आज इन गांव में दस्तक देगी विकसित भारत भारत संकल्प यात्रा

बुधवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा ब्लॉक लखीमपुर के ग्राम नरदवल एवं उदयपुर सिकटिहा, ब्लॉक पलिया के ग्राम कमलापुरी कालोनी और मजरा पश्चिम, ब्लॉक बांकेगंज के ग्राम ग्रन्ट नंबर-14 एवं बहारगंज, ब्लॉक नकहा के ग्राम चहमलपुर एवं बड़ागांव, ब्लॉक निघासन के ग्राम बनवीरपुर एवं गुलरिया पत्थरशाह, ब्लॉक बेहजम के ग्राम जाममुबारकपुर एवं खागी ओयल तथा ब्लॉक कुम्भी (गोला) के ग्राम नगरासलेमपुर एवं लाल्हापुर में पहुंचेगी।

# विश्व मृदा दिवस : किसानों को मृदा संरक्षण को लेकर दी गई जानकारी

**बरवर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

विश्व मृदा दिवस के अवसर पर बरवर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत सेमरा जानीपुर में स्मार्ट कृषि परियोजना के अंतर्गत किसान गोष्ठी का आयोजन कर किसानों को मृदा के संरक्षण और उसको सतत बनाए रखने पर जानकारी दी गई।

चर्चा में संस्था के परियोजना अधिकारी शशिवेंद्र सिंह ने बताया कि विकास की अंधी दौड़ में कही न कही प्राकृतिक संसाधनों का अति दोहन हो रहा है। जिसका यदि न्यायिक उपयोग न किया गया तो जीवन का आस्तित्व ही खतरे में पड़ जायेगा। परियोजना अधिकारी शशिवेंद्र सिंह ने कहा कि इसे पुनर्योजी कृषि के माध्यम से संरक्षित किया जा सकता है। इस मौके पर डीसीएम श्रीराम समूह इकाई अजबापुर गन्ना विभाग अध्यक्ष विवेक तिवारी ने गन्ना किसानों को खेती में




गन्ना पत्ती प्रबंधन सरकारी अनुदान एवम् मृदा स्वास्थ्य पर जानकारी देते हुए बताया कि पत्ती खेत में समावेशित करने से खेत की जल धारण क्षमता बढ़ती है ।जिससे सिंचाई जहां एक ओर लागत कम होती है कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए समूह के उप महाप्रबंधक ए. सिद्दीकी ने जैविक उत्पादों के माध्यम से ट्रैश खेत में डिकोंपोज करने की विधि बताई। इस कार्यक्रम में लैब इंचार्ज चंद्रिका प्रसाद, मृदा परीक्षण इंचार्ज प्यारेलाल पांडे, कंसल्टेंट अभिषेक वर्मा, सुरेंद्र शर्मा समेत आसपड़ोस गांव के सैकड़ों किसान मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### ग्रामीण रूटों पर खुलेआम चल रहें डग्गामार वाहन



**मोहम्मदी खीरी, समृद्धि न्यूज।** मोहम्मदी क्षेत्र मे आए दिन हादसे होने के बावजूद ग्रामीण रूटों पर चल रहे डग्गामार वाहनों में ओवरलोडिंग पर लगाम नहीं लग पा रही है। अधिक कमाई के लालच में वाहन चालक ग्रामीणों की जिंदगी के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। इसके बावजूद न तो पुलिस प्रशासन ध्यान दे रहा है और नहीं परिवहन विभाग द्वारा कोई कार्रवाई की जा रही है। साधनों का अभाव और गंतव्यों पर पहुंचने की मजबूरी के चलते ग्रामीणों को रोजाना अपनी जान हथेली पर रखकर सफर करने को विवश होना पड़ रहा है। स्थानीय प्रशासन की हीला हवाली के चलते हैं ओवरलोड वाहनों पर अंकुश लगता नहीं दिखाई दे रहा है।

### तीन से नही हुई धान की उठान, क्रय केंद्र पर तौल ठप

**सिद्धौर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** दसिद्धौर क्षेत्र के अंतर्गत धान क्रय केंद्र पर खरीदा गया।धान उठान न होने के कारण तीन दिनों से खरीद पूरी तरह से ठप है। लगभग 4 हजार कुंतल खरीदा गया धान खुले आसमान के नीचे लगा है। धान कर केंद्र सेमरावा पर खरीदे गए धान की उठान परिवहन ठेकेदार द्वारा न करने के कारण क्रय केंद्र पर खरीद चार दिनों से पूरी तरह से बंद कर दी गई है। क्योंकि खराब मौसम के चलते खरीदा गया धान खुले आसमान के नीचे लगा हुआ है। केंद्र प्रभारी द्वारा तिरपाल से खराब मौसम के चलते ढाका गया है।केंद्र प्रभारी अनिल कुमार का कहना है कि 4 हजार कुंतल से अधिक धान की खरीद की जा चुकी है। लेकिन परिवहन ठेकेदार द्वारा लगातार संपर्क करने के बाद भी आज तक उठान नहीं शुरू हुआ है।जिसके चलते खरीद बंद करनी पड़ी हे। यही हाल धान क्रय केंद्र चांदपुर का है यहां पर भी केंद्र प्रभारी द्वारा खरीदा गया धान समिति के अंदर जगह न होने के कारण खुले आसमान के नीचे लगाया गया था। खराब मौसम को देखते हुए केंद्र प्रभारी सरबजीत ने खरीद बंद कर दी है।

### बिजली बिल के लिए लगा शिविर, दो लाख 20 हजार जमा

**सिद्धौर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** विकास खंड सिद्धौर क्षेत्र के अंतर्गत मोहम्मदपुर चंदी सिंह ग्राम पंचायत में विद्युत कैंप का आयोजन अवर अभियंता अजय कुमार के नेतृत्व में सिद्धौर विद्युत केंद्र के अंतर्गत मोहम्मदपुर चंदी सिंह ग्राम पंचायत में विद्युत कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 2 लाख 20हजार रुपए विद्युत बिल जमा कराया गया। इसके अलावा 35 लोगों को ओटीएस योजना के तहत छूट करवा कर विद्युत बिल में लाभ दिया गया।इसके अलावा नगर पंचायत सिद्धौर मोहम्मदपुर चंदी सिंह ग्राम पंचायत में बड़े बकाया दारों के लगभग 15 उपभोक्ताओं के विद्युत केबल काटे गए।10 विद्युत बिल संशोधन के आवेदन भी प्राप्त हुए। इस मौके पर अभियंता अजय कुमार ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सुरेंद्र कुमार वर्मा लवकुश नीरज सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### ग्राहक सेवाओं की दी गई जानकारी

**मसौली बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** केनरा बैक शाखा मसौली के तत्वाधान मे मंगलवार को ग्राम भगगापुरवा मजरे रहरामऊ मे ग्राहक सेवा गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमे ग्रामीणों को चालू एव बचत खाता सहित खुदरा मियादी जमा अभियान के प्रति जागरूक किया गया। शाखा प्रबंधक नितिका पंकज ने ग्राहकों को बैंक खाता खोलने, आधार कार्ड से लिंक करने, कैशलेस लेनदेन, हिम पैसा एप, डेबिट और क्रेडिट कार्ड के माध्यम से लेनदेन, बचत, पीएमजेडीवाई और पीएमएसबीवाई आदि के बारे में जानकारी दी। बैंक से संबंधित शिकायतों के निपटारे के लिए बैंकिंग लोकपाल में शिकायत कैसे दर्ज करें इसकी भी जानकारी दी। इस मौक़े पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अनिल कुमार वर्मा सहित बैंक के ग्राहक मौजूद थे ।

# मछली लदी पिकप टायर फटने से पलटी बाल-बाल बचे चालक व खलासी



**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

मछली लाद कर लखनऊ से हैदरगढ़ की तरफ जा रही पिकअप टायर फटने से असंतुलित होकर पलट गई हालांकि दुर्घटना में चालक व खलासी दोनों बाल बाल बच गए।

घटना लोनी कटरा थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे पर छबील चौकी के पास की है। जहां एक पिकअप मछली लाद कर लखनऊ की तरफ से हैदरगढ़ की ओर आ रही थी तभी गाड़ी का अचानक टायर फट गया और और पिकअप असंतुलित होकर डिवाइडर से टकराकर सड़क पर पलट गयी, जिससे सारी मछलियां पूरे सड़क पर बिखर गई। घटना की सूचना पर पहुंची मुकामी पुलिस ने फौरी तौर पर कार्रवाई करते हुए हाईवे आवागमन के लिए बहाल कराया।

# छात्राओं ने किया महिला थाने का भ्रमण, पुलिस की कार्यशैली जानी

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पखवाड़ा के अवसर पर महिला कल्याण विभाग की अगुवाई में जीजीआईसी की छात्राओं का दल ने मंगलवार को महिला थाने का भ्रमण किया। उन्होंने पुलिस के कामकाज के तौरतरीके जाने। एफआईआर, महिला हेल्प डेस्क और साइबर हेल्प डेस्क के बारे में जानकारी ली।

प्रभारी थानाध्यक्ष उपनिरीक्षक साधना यादव ने छात्राओं को अपनी सुरक्षा और अधिकारों के प्रति सचेत रहने को कहा।

महिला कल्याण विभाग की ओर से मंगलवार दोपहर राजकीय कन्या इंटर कॉलेज की छात्राओं को महिला थाने का भ्रमण कराया गया। छात्राएं पहली बार थाने पहुंची थीं। कई छात्राएं थाने में जाने से घबरा रही थीं,




लेकिन थाने में मौजूद प्रभारी थानाध्यक्ष उपनिरीक्षक साधना यादव ने उनकी घबराहट खत्म कराई। महिला पुलिस कर्मी उन्हें थाने के अंदर ले गई और पुलिस के कामकाज के हर पहलू की जानकारी दी। कार्यालय के नजदीक बनी महिला हेल्प डेस्क दिखाते हुए बताया कि यहां महिलाओं से संबंधित मामलों की सुनवाई और कार्रवाई होती है। शिकायत करने वाली महिलाओं या छात्राओं के नाम गोपनीय रखे जाते हैं। उनकी समस्या सुनकर कार्रवाई की जाती है। साइबर हेल्प डेस्क की ओर इशारा करते हुए बताया कि यहां साइबर ठगी के मामलों में कार्रवाई की जाती है। छात्राओ ने पुलिस कार्रवाई के संबंध में कई सवाल पूछे। प्रभारी थानाध्यक्ष उपनिरीक्षक साधना यादव ने उनके सभी सवालों के जवाब दिए। कहा, छोटे मामलों को बातचीत और सुलह-समझौते के आधार पर निपटाते हैं। बड़े मामलों में रिपोर्ट दर्ज की जाती है। प्रभारी थानाध्यक्ष/ उपनिरीक्षक साधना यादव ने हेल्पलाइन नंबरों की भी छात्राओं को जानकारी दी। कहा, 112 पुलिस हेल्प लाइन नंबर जरूर याद रखें। किसी भी मुसीबत के समय पुलिस को कॉल कर सकती हैं। छात्राओं ने कहा कि उन्हें थाने आने पर कई जानकारियां मिलीं। पुलिस के कामकाज को नजदीक से समझने का मौका मिला। अब तक जो सिर्फ किताबों में पढ़ा था, उसे प्रत्यक्ष देखा। इस मौके पर हेड कांस्टेबल शशिप्रभा, रेनू सिंह, माधुरी, रेखा सिंह, जीजीआईसी की शिक्षिका कोमल, शिवानी, शशि, महिला कल्याण अधिकारी आर्य मित्रा बिष्ट, जिला समन्वयक निक्की गुप्ता सहित महिला कल्याण विभाग के अन्य कार्मिक मौजूद रहे।

# अज्ञात वाहन की चपेट में आकर दम्पति घायल

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



लोनी कटरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत मंगलपुर चौराहे पर स्थित कट को क्रॉस कर रहे बाइक सवार दंपति अज्ञात वाहन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को कस्बावासियों व पुलिस की मदद से एंबुलेंस के सहारे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र त्रिवेदीगंज इलाज के लिए लाया गया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। मिली जानकारी के मुताबिक महुवाबेज थाना कमरौली जिला अमेठी निवासी मोहम्मद पुत्र हबीब अपनी पत्नी के साथ मोटरसाइकिल से थाना क्षेत्र के भितरी पंचायत के मनीपुरवा गांव अपने रिश्तेदारी में जा रहे थे। मंगलपुर चौराहे पर पहुंचते ही हाईवे का कट पार करने लगे इसी बीच सुल्तानपुर से आ रहे अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। जहां दोनों लोग टक्कर की चपेट में आकर घायल हो गए। जिसमें मोहम्मद का पैर टूट गया वहीं उनकी पत्नी का एक हाथ टूट गया है। पुलिस घटना की जानकारी परिजनों को देखकर फरार वाहन की तलाश में जुटी हुई है।

### चोरों ने बाइक उड़ाई, पीड़ित ने पुलिस को दी तहरीर

**हैदरगढ़ बाराबंकी।** नैपुरा ग्राम पंचायत के पूर्व प्रधान के यहां आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने गये एक व्यक्ति की मोटरसाइकिल पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्यवाही की गुहार लगाई है। कोतवाली क्षेत्र के पूरे सूबेदार मजरे रैनी ग्राम निवासी मोल्हे राम पुत्र माता प्रसाद 4 दिसंबर की रात नैपुरा के पूर्व प्रधान मौजीराम यादव के यहां आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लेने गए थे गाड़ी खड़ी करके कार्यक्रम में शामिल होने चले गए और जब वापस लौटे तो गाड़ी गायब थी काफी ढूंढने के बाद न मिलने पर मंगलवार को कोतवाली में तहरीर देकर जांच करवा कर उचित कार्यवाही करने की मांग की है।

# पशु आरोग्य शिविर का हुआ आयोजन

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

पंडित दीन दयाल उपाध्याय निशुल्क पशु आरोग्य शिविर/ मेला का आयोजन ग्राम ओहरामऊ चौबीसी मे पशु चिकित्सा अधिकारी चौबीसी डॉ धनेश कुमार गुप्ता के नेतृत्व व मुख्य पशु चिकित्साधिकारी बाराबंकी डॉ ए के . अवस्थी के मार्गदर्शन मे संपन्न हुआ. जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि हैदरगढ़ रामदेव सिंह द्वारा गौपूजन, फीता काटकर, दीप प्रज्वलन करके व पंडित दीन दयाल उपाध्याय जी के फोटो पर माल्यार्पण करके किया गया.।

मौके पार ग्राम प्रधान ओहरामऊ समेत सैकड़ो पशुपालक मौजूद थे.कैंप मे सहयोग देने वाले पशु चिकित्साधिकारी



त्रिवेदीगंज डॉ ओ पी सिंह ने पशुपालको को बिभिन्न योजनाओ के बारे मे बताया, डॉ शकील मादा रोग विशेषज्ञ ने पशुओं मे होने वाले बाझपन रोग से बचाव के बारे मे बताया. मौके पार पशु बीमा, के सी सी, चिकित्सा, टीकाकरण,के बारे मे डॉ धनेश पशुचिकित्साधिकारी चौबीसी ने बताया। मौके पर विशेष अतिथि के रूप मे प्रधान प्रतिनिधि माहेश्वरी प्रताप सिंह राजन सिंह, मंडल महामंत्री रंजीत सिंह महंत, प्रवीण सिंह राणा, पशुपालक शंकर बख्स सिंह, महाराजदीन पाण्डेय मंडल अध्यक्ष बीजेपी किसान मोर्चा, रामसरण गुप्ता समेत सैकड़ो पशुपालक मौजूद रहे. श्रीमती डॉ सूची शुक्ला ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया पशुधन प्रसार अधिकारी, अजीत, दिनेश कुमार, अरुण कुमार, पवन तिवारी, राकेश, डॉ संहित, परावेट सोनू, रवि कुमार, सत्यदेव, सुनील, रामदेरज, अंशु, संतराम मौजूद रहे.बिभिन्न दवा कम्पनी विरबैक, मार्क व इंट्स कंपनी के अधिकारी और एम आर उपस्थित रहे।

# ग्राहक सेवा केंद्र पर हुई धोखाधड़ी, खाते से पैसे निकालने का मामला उजागर

**बेलहरा बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

बैंक ऑफ इंडिया शाखा बेलहरा द्वारा कस्बे में संचालित ग्राहक सेवा केंद्र पर एक खाता धारक के खाते से धोखाधड़ी कर पैसा निकालने का मामला प्रकाश में आया है। जानकारी होने पर पीड़ित ने शाखा प्रबंधक को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र अंतर्गत पल्हरा गांव निवासी प्रदुम कुमार पुत्र विनोद बैंक ऑफ़ इंडिया शाखा बेलहरा का खाता धारक है। प्रदुम कुमार ने शाखा प्रबंधक को दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया है कि बैंक द्वारा कस्बे के मौर्या मार्केट में ग्राहक सेवा केंद्र(बीसी) संचालक अनुपम मौर्य के यहां से उसने बीती 8 अक्टूबर को अपने खाते से 15 हजार रुपए निकलवाए थे। उसके बाद जब उसने अपना बैंक स्टेटमेंट देखा तो उसके खाते से उसी तारीख में उसी समय में दस-दस हजार कर तीन बार और एक बार पांच हजार सहित कुल 35000 रुपरे निकाले गए हैं। मंगलवार को जब इसकी जानकारी हुई तो उसने अपना बैंक स्टेटमेंट निकलवाया जिसमें स्पष्ट भी हो रहा है कि पैसा उसी दिन निकाला गया है। पीड़ित ने शाखा प्रबंधक को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। वही इस संबंध में शाखा प्रबंधक शिवम सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है जांच की जा रही है। सूत्रों की माने तो उक्त बी सी पर इससे पहले भी कई ग्राहकों के खातों से धोखाधड़ी कर पैसे निकाले जा चुके हैं लेकिन बैंक द्वारा अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

### लेखपाल की मिलीभगत से ग्राम समाज की भूमि पर अवैध कब्जा

**मसौली बाराबंकी।** ग्राम पंचायत डमौरा मे ग्राम प्रधान एव हल्का लेखपाल की मिलीभगत से गांव के ही एक दबँग व्यक्ति ने ग्राम समाज की कीमती भूमि पर आर आर सी के पिलर गाड़ कर अवैध कब्जा कर लिया है। ग्रामीण राकेश कुमार ने उपजिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है। ग्राम बरगदीया मजरे डमौरा निवासी राकेश कुमार पुत्र छोटेलाल ने उपजिलाधिकारी को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि ग्राम समाज की गाटा संख्या 722 रकबा 0.200 हेक्टेयर जो राजस्व अभिलेखो मे परती भूमि है जिस पर ग्राम प्रधान एव हल्का लेखपाल की मिलीभगत से गांव के ही दरबारीलाल पुत्र छंगालाल ने आर आर सी पिलर गाड़ कर कब्जा कर लिया है।

# विकसित भारत यात्रा को सफल बनाने में जुटें कार्यकर्ता : अवनीश

- दिन भर चली बैठकों में जिला प्रभारी ने गिनाई प्राथमिकताएं
- लोकसभा चुनाव में 51 प्रतिशत वोट प्राप्त करने की बनी रणनीति

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

कुछ माह बाद होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा ने संगठन को चुस्त दुरुस्त करने एवम रणनीति बनाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।मंगलवार को भाजपा कार्यालय पर दिन भर मैराथन बैठकों का दौर चला।एमएलसी व जिला प्रभारी अवनीश सिंह ने बैठकों में अपनी प्राथमिकताएं गिनाई तथा आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर रणनीतिक चर्चा करके आवश्यक दिशा निर्देश दिए।सुबह 10 बजे उन्होंने जिला पदाधिकारियों संग बैठक की।जिले में चल रही विकसित भारत यात्रा की समीक्षा की।कहा कि कार्यकर्ताओं को इसमें अपनी सहभागिता सुनिश्चित करके अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति को इस यात्रा का लाभ दिलाने में पूरी ताकत झोंकनी होगी। उन्होंने इस अभियान में लगे संयोजक मंडल को ग्राम पंचायत स्तर की टोली बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने पदाधिकारियों को अनुशासन का पाठ भी पढ़ाया।कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता एक समान हैं भले ही उनके दायित्व या पद भिन्न हो।कहा कि भाजपा का नेतृत्व ईमानदार,कर्तव्यनिष्ठ एवम राष्ट्रवादी हाथो में है।कहा कि लोकसभा चुनाव में कुछ माह का समय शेष बचा है। संगठन के राष्ट्रीय नेतृत्व ने प्रत्येक लोकसभा में 51 प्रतिशत या इससे अधिक वोट पाने का लक्ष्य निर्धारित किया है।जिसे जिले की दोनो लोकसभा में हासिल करने के लिए विशेष रणनीति




पर काम करना होगा।प्रधानमंत्री मोदी की ताजपोशी की हैट्रिक बनाने के लिए बी व सी ग्रेड के बूथों पर विशेष ध्यान देना होगा। उन्होंने युवा मोर्चा,महिला मोर्चा,किसान मोर्चा,अनुसूचित मोर्चा सहित अन्य सभी मोर्चों एवम प्रकोष्ठों के साथ अलग अलग बैठके करके सांगठनिक चर्चा करके दिशा निर्देश दिए।उन्होंने मध्यप्रदेश,राजस्थान एवम् छत्तीसगढ़ में भाजपा की ऐतिहासिक जीत के लिए बधाई दी। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अरविंद कुमार मौर्य, महामंत्री संदीप गुप्ता, गुरुशरण, शील रत्न मिहिर, पवन, विजय आनंद बाजपेई, करुणेश वर्मा,सीता शरण वर्मा, डॉक्टर अंजू चंद्रा, सीए अश्वनी श्रीवास्तव, प्रमोद तिवारी, शुशील जायसवाल मौजूद रहे।

# प्रधान के उत्कृष्ट कार्यों की राज्यपाल ने राजभवन में की सराहना

**गोला गोकर्णनाथ खीरी, समृद्धि न्यूज।**

प्रदेश के कुल 13 प्रधानों को उनके पंचायत में उत्कृष्ट कार्यों को लेकर लखनऊ स्थित राजभवन में राज्यपाल की उपस्थिति में एक कार्यक्रम मे नन्ही परी की टीम में बुलाया गया था जिसमें जिला लखीमपुर खीरी की कुंभी गोला ब्लॉक की एकमात्र ग्राम पंचायत शहाबुद्दीनपुर की प्रधान सुरभि वर्मा को बुलाया गया और उनके उत्कृष्ट कार्यों की सराहना की गई। राज्यपाल आनंदीबेन ने प्रधान सुरभि वर्मा से चर्चा के दौरान आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत को दो-दो आंगनबाड़ी किट राजभवन की ओर से देने के लिए कहा। राजपाल के द्वारा सभी प्रधान व प्रधान पति/ प्रतिनिधि का उत्साह वर्धन किया गया। शहाबुद्दीनपुर की प्रधान सुरभि वर्मा ने बताया कि उनके पति अजीत वर्मा के सहयोग से क्षेत्र में तमाम पिछड़ी वर्ग के लोगों की मदद की गई है जिसमें सैकड़ो की संख्या में महिलाओं को निः शुल्क सिलाई, कढ़ाई इत्यादि सिखाए गए। प्रधान पति अजीत वर्मा ने बताया कि समाज में लड़की के जन्म पर कई बार घर में लोग मायूस हो जाते हैं ऐसे में हम लोगों के द्वारा उनके घर जाकर खुशियां बांटी गई और उनको समझाया गया की लड़कियां ही समाज का भविष्य हैं उनके कंधे पर दो परिवारों की जिम्मेदारी होती है।



### क्षेत्र में भी प्रधान प्रतिनिधि अजीत वर्मा के कार्यों की हो रही सराहना



कुंभी गोला की प्रधान सुरभि वर्मा के पति व प्रधान प्रतिनिधि अजीत वर्मा ने बताया कि पिछले तीन वर्षों से हम लोग पंचायत अंतर्गत तमाम कार्य जैसे कोरोना काल में निशुल्क आवश्यक एवं खाद्य सामग्री वितरण करना, स्वरोजगार हेतु ग्रामीण महिलाओं के प्रशिक्षण कौशल विकास कार्यक्रम आयोजित करना जिसमें जरूरतमंदों को निशुल्क सिलाई मशीन भी वितरण किए गए, योग प्रशिक्षण एवं प्राकृतिक चिकित्सा शिविर का आयोजन करवाना, निशुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं आंख चिकित्सा शिविर का आयोजन करवाना जिसमें तमाम जरूरतमंद का इलाज व संबंधित उपकरण निशुल्क उपलब्ध कराया गया, वृक्षारोपण कार्यक्रम, सामाजिक चेतना एवं समरसता की भावना हेतु कार्यक्रम आयोजित करना, ग्रामीण परिवेश में जीवन विद्या शिविर का आयोजन, चाइल्डलाइन जैसे तमाम उपयोगी कार्यक्रमों का समय-समय पर आयोजित कराया गया जिससे कि गांव के तमाम पिछड़े लोग को नई दिशा मिल सके और अपना जीवन सफल बना सके।

# नगर पंचायत में गंदगी का अंबार, जीना हुआ दुश्वार

**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

स्थानीय नगर पंचायत में सफाई व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है।नगर मे जहां देखो वही गंदगी का अंबार जाम नालियो एवं बजबजाते कूड़े के ढेर से सड़ांध एवं बदबू के कारण नागरिकों का खुली हवा में सांस लेना मुश्किल हो गया है ऐसे में डेंगू जैसी बीमारी का भय बना हुआ है। ऐसे में सरकार के स्वच्छता सफाई अभियान को बड़ा झटका लग रहा है।जानकारी के अनुसार जैदपुर स्थानीय नगर पंचायत में सफाई व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। जहां देखो वहीं गंदगी का अंबार।



जाम नालियों एवं बजबजाते कूड़े के ढेर से सड़ांध एवं बदबू के कारण नागरिको का खुली हवा में सांस लेना मुश्किल हो गया है। उत्तर प्रदेश सरकार के स्वच्छता अभियान को जैदपुर में बड़ा झटका लगा है।वार्ड रईस कटरा मे कोई सफाई कर्मचारी नही आता है नगर पंचायत कार्यालय से कोई भी सर्वे करने भी नही निकलता जब सभासद नगर पंचायत को फोन करके अवगत करते है तभी नगर पंचायत को जानकारी मिलती है।नगर पंचायत कार्यालय में बराबर हाजरी चढ़ती रहती है और पैसो मे बंदरबांट होता रहा है।इस मे सफाई ठेकेदार भी शामिल है।लिपिक टेक्स कलेक्टर प्रदीप कुमार व अधिशाषी अधिकारी आलोक कुमार भी इस पर मौन धारण करते नजर आ रहे हैं। सभासद ताहिर अंसारी ने नगर पंचायत के कर्मचारी दिनेश कुमार व चैयरमैन प्रतिनिधि दाऊद अलीम को इस की सूचना भी दी है।लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।वार्ड रईस कटरा के निवासियो मे इस बात को लेकर गहरा आक्रोश है कि लाखों खर्च करने के बाद भी नगर की सफाई व्यवस्था मे कोई सुधार नजर नही आ रहा।

# इलाहाबाद एचसी से अखिलेश यादव को मिली बड़ी राहत

समृद्धि न्यूज

**प्रयागराज।** पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव को इलाहाबाद उच्च न्यायालय से बड़ी राहत मिल गई है। फरवरी 2022 में अखिलेश यादव समेत जयंत चौधरी के खिलाफ नोएडा के दादरी थाने में आपराधिक मुकदमा दर्ज हुआ था।

हाईकोर्ट ने आपराधिक मुकदमे की कार्यवाही पर रोक लगा दी है। जिससे अखिलेश और जयंत चौधरी दोनों को एक बड़ी राहत मिल गई है। बता दें कि अखिलेश यादव और जयंत चौधरी पर आरोप है कि इन्होंने वर्ष 2022 में आचार संहिता और कोविड नियमों का उल्लंघन किया। इनके खिलाफग्रेटर नोएडा के दादरी

**दादरी थाने में दर्ज आपराधिक मुकदमे पर लगाई रोक**

पुलिस थाना में मामला दर्ज किया गया था। आरोप पत्र और निचली अदालत में हुई संपूर्ण कार्यवाही को चुनौती देते हुए अखिलेश और अन्य द्वारा एक याचिका दायर की गई थी। न्यायमूर्ति राजवीर सिंह ने आपराधिक मुकदमे पर रोक लगाते हुए राज्य सरकार के वकील को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया और मामले में अगली सुनवाई की तिथि तीन फरवरी, 2024 तय की गई। अखिलेश की याचिका में निचली अदालत में चल रही प्रोसिडिंग्स और चार्जशीट रद्द किए जाने की मांग की गई थी।

# गांवों के संतुलित विकास से रुकेगा गांवों से शहरों की ओर पलायन

## डिप्टी सीएम केशव मौर्य ने योजना भवन में मुख्य विकास अधिकारियों के साथ की विकास कार्यो के क्रियान्वयन की समीक्षा

समृद्धि न्यूज



**ग्राम उत्थान से ही होगा देश का उत्थान, स्मार्ट सिटी की तरह बनाना है स्मार्ट विलेज : केशव प्रसाद मौर्य**

**लखनऊ।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि ग्राम उत्थान से ही देश का उत्थान सम्भव है।देश की खुशहाली का रास्ता गांवो से होकर जाता है। हम सबको मिलकर स्मार्ट सिटी की तरह स्मार्ट विलेज बनाना है। उत्तर प्रदेश को सर्वोत्तम प्रदेश बनाना है।

श्री मौर्य आज योजना भवन लखनऊ में प्रदेश के समस्त मुख्य विकास अधिकारियों के साथ आयोजित विकास कार्यो के क्रियान्वयन की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने मुख्य विकास अधिकारियों को निर्देश कि गांवो के विकास का मास्टर प्लान बनाएं। प्रत्येक ब्लॉक की चयनित 10 पिछड़ी ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों पर विशेष रूप से फ़ोकस करें, उन्हें मुख्य धारा में लायेंउन्होंने कहा कि जिस तरह से आकांक्षात्मक जिलों, व आकांक्षात्मक विकास खण्डों में विशेष रूप से फ़ोकस करके उनका सर्वांगीण विकास किया जा रहा है, उसी तरह से यह कार्य भी करना है, जिन ग्राम पंचायतों में अपेक्षाकृत विकास कम हो पाया है, विभिन्न पैरामीटर्स पर अध्ययन, भ्रमण, व विचार विमर्श कर ठोस व प्रभावी रणनीति बनाकर विकास कार्य कराये जायं। कहा कि कई योजनाओं में विकास विभाग के अमले ने मिलकर देश व प्रदेश में नये कीर्तिमान स्थापित किए हैं। अमृत सरोवरो के निर्माण व ग्राम चौपालो के आयोजन की चर्चा बड़े पैमाने पर हो रही है।कहा कि गांव - गरीब के विकास की योजनाएं समाज के अंतिम छोर तक पहुंचाएं और अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को समाज की मुख्य धारा से जोड़ें।

### गांवों के विकास से ही पूरा होगा विकसित भारत का लक्ष्य

**सभी ग्राम पंचायतों में चौपालों का आयोजन दोबारा शुरू**

2047 तक विकसित भारत बनाने का लक्ष्य गांवों के विकास से ही संभव होगा। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दूरगामी परिणाम हासिल होंगे। विकसित भारत बनाने में उत्तर प्रदेश अग्रणी भूमिका में रहेगा।क्षेत्र पंचायतों से मनरेगा के कार्य नियमावली के तहत जरूर कराये जांय। प्रदेश में हर ग्राम पंचायत में महिला मेट का चयन किया गया है। गांवों के संतुलित विकास से ही गांवों से शहरों की ओर पलायन रुकेगा। ग्राम चौपालों की सफलता की चर्चा करते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक शुक्रवार को प्रत्येक विकासखण्ड की दो ग्राम पंचायतों में ग्राम चौपाल का आयोजन किया जा रहा है। ग्राम चौपालों से एक दिन पूर्व वहां पर विशेष सफाई अभियान चलाया जाए और ग्राम चौपाल का व्यापक प्रचार प्रसार कराया जाए। ग्राम चौपालों के रोस्टर की प्रति जन प्रतिनिधियों को उपलब्ध कराकर उन्हें चौपाल में आमन्त्रित किया जाए। पूरे प्रदेश की सभी ग्राम पंचायतों में ग्राम चौपालों का आयोजन एक बार किया जा चुका है और अब दुबारा भी शुरूआत हो गयी है। उन्होंने मुख्य विकास अधिकारियों कोनिर्देश दिए कि स्वच्छता अभियान, ग्राम चौपालों के आयोजन, अमृत सरोवरों के निर्माण, रखरखाव करने, महिला सशक्तिकरण कार्यों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों व जनप्रतिनिधियों आदि को सम्मानित करें।

## खबरें एक नजर में

### दिनदहाड़े महिला से लूट ले गए सोने की चेन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ के सुशांत गोल्फसिटी थाना क्षेत्र में पैदल जा रही एक महिला के गले पर झपट्टा मारकर बाइक सवार बदमाश सोने की चेन लूटकर ले गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की, लेकिन लुटेरों का पता नहीं लग सका। पुलिस आस पास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है, जिससे लुटेरों का सुराग लग सके। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक,सुनीता पति अशोक चौरसिया के साथ अवध बिहार योजना के प्रधान मंत्री आवास (निकट मेदांता हास्पिटल ) आवास एवं विकास परिषद में रहती हैं। वह बीती सोमवार शाम करीब 6.20 बजे गंगोत्री एनक्लेव से अंसल की तरफपैदल जा रही थी। इसी दौरान पीछे से आए एक बाइक पर सवार दो युवक सुनीता के गले से सोने की चेन खींच कर अंसल की तरफभाग निकले। वह जब तक कुछ समझ पाती तब तक बाइक सवार दोनों युवक काफी स्पीड में बाइक लेकर भाग भाग चुके थे । उन्होंने घर पहुंच कर परिजनों को जानकारी देने के साथ ही पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लुटेरों की तलाश शुरू कर दी है।

### मेमोरियल आर्टिकल राइटिंग के पोस्टर का अनावरण

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** यूनिवर्सिटी मूट कोर्ट एसोसिएशन ने द्वितीय डॉक्टर अवतार सिंह मेमोरियल आर्टिकल राइटिंग प्रतियोगिता के पोस्टर का अनावरण किया। विधि संकाय के डीन प्रो. डॉ. बंशी धर सिंह ने गर्व से प्रतियोगिता के पोस्टर का अनावरण किया। सभी छात्रों को इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। उनके साथ फैकल्टी कोऑर्डिनेटर, राधेश्याम प्रसाद और डॉ. अर्चना सिंह ने ज्ञान और अंतर्दृष्टि के भंडार के लिए उत्साह व्यक्त किया। प्रतियोगिता कानूनी विद्वानों और उत्साही लोगों के लिए सार्थक चर्चा में शामिल होने और बौद्धिक आदान–प्रदान की भावना को बढ़ावा देने के लिए एक मंच के रूप में कार्य करेगी। प्रतिभागियों को देश में कानूनी विचार के विकास में योगदान देने के लिए समसामयिक कानूनी मुद्दों पर गहराई से विचार करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। पंजीकरण की अंतिम तिथि 15 दिसंबर और सबमिशन की अंतिम तिथि 20 दिसंबर है।

### आवर्डिंग बॉडी (ड्यूल) के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण परिषद, नई दिल्ली तथा उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के मध्य आवर्डिंग बॉडी (ड्यूल) हेतु एमओयू हस्ताक्षरित किया गया। इससे उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन को नये पाठ्यक्रम तैयार करने, स्वयं असेसमेंट, सर्टिफिकेशन और उपाधि को प्रदान करने का प्राधिकार प्रदेश में प्राप्त हो गया है। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन राज्य की पहली संस्था है जो आवर्डिंग बॉडी (ड्यूल) बनी है। इसका लाभ उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन से प्रशिक्षण लेने वाले युवाओं को प्राप्त होगा। एमओयू के समय उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से प्रमुख सचिव, व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग एम. देवराज द्वारा हस्ताक्षर किये गए हैं।

### 11 से सी.एम.एस. में होगा अन्तर्राष्ट्रीय पर्यावरण ओलम्पियाड

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर (द्वितीय कैम्पस) द्वारा चार दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय पर्यावरण ओलम्पियाड का आयोजन 11 से 14 दिसम्बर तक सी.एम.एस. कानपुर रोड ऑडिटोरियम में किया जा रहा है। इस अन्तर्राष्ट्रीय पर्यावरण ओलम्पियाड में बांग्लोदश, श्रीलंका, नेपाल, अमेरिका, रूस एवं देश के विभिन्न प्रान्तों की छात्र टीमें प्रतिभाग कर रही हैं। यह जानकारी सी.एम.एस. के मुख्य जन–सम्पर्क अधिकारी श्री हरि ओम शर्मा ने दी है। श्री शर्मा ने बताया कि इस अन्तर्राष्ट्रीय ओलम्पियाड के अन्तर्गत विभिन्न रोचक प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं, जिनमें एलोक्यूशन, फोटोग्राफी, स्पेस इनोवेटर्स चैलेन्ज, पेन्टिंग, गेमिंग एप्लीकेशन, इन्वार्यनमेन्टल क्विज, कोरियोग्राफी, कोर्ट रूम ड्रामा, ए–कैपेला एवं फ्यूचर फ्रेण्डली स्कूल आदि प्रमुख हैं। इन प्रतियोगिताओं में देश–विदेश के छात्र अपने ज्ञान–विज्ञान का प्रदर्शन करने के साथ ही एक–दूसरे की सभ्यता व संस्कृति से भी परिचित हो सकेंगे। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह ओलम्पियाड किशोर एवं युवा पीढ़ी को पर्यावरण के प्रति उनके दायित्वों से अवगत कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा।

### हस्तशिल्प महोत्सव : कांटा लगा गर्ल की प्रस्तुति से झूमे दर्शक




**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ7 स्मृति उपवन में आयोजित माँ गायत्री जन सेवा संस्थान एवं नीशू वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव की सांस्कृतिक संध्या पर मंगलवार को कार्यक्रम के छठे दिन रंगमंच से सुप्रसिद्ध गायिका शेफाली जरीवाला ने जब मंच से अपने मधुर अंदाज में अपने सुप्रसिद्ध गाना कांटा लगा गीत प्रस्तुत किया तो श्रोतागण कुर्सियां छोड़ झूमने को मजबूर हो गए और मंच तक आ गए। कार्यक्रम के छठे दिन सांस्कृतिक मंच का शुभारम्भ महोत्सव समिति आयोजक अरुण प्रताप सिंह व गुंजन वर्मा रनवीर सिंह एवं विनय दुबे ने द्वीप प्रज्वल्लन कर किया। महोत्सव के रंगमंच पर मंगलवार की शाम सुरभि कल्चरर ग्रुप द्वारा नन्ही कलाकार अनाया गौतम ने उई माँ– उई माँ गाने पर नृत्य प्रस्तुत कर दर्शको का मन मोह लिया। इस क्रम में रंगमंच से अंशजीत कौर कलवेलिया राजस्थानी फोकडांस कर महोत्सव में चारचांद लगा दिया।

# उत्तर प्रदेश ने अपनी स्वास्थ्य सेवाओं को किया बेहतरीन : सीएम योगी

## मुख्यमंत्री योगी ने 278 सहायक आचार्यो, 2142 स्टॉफ नर्स को दिए नियुक्ति पत्र

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को यहां लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान नवचयनित 278 सहायक आचार्य, 2142 स्टाफ नर्स, 48 आयुष चिकित्सा शिक्षकों को नियुक्ति पत्र वितरित किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी ने आपातकालीन एंबुलेंस सेवा के अंतर्गत 674 एम्बुलेंस एवं 81 एडवांस लाइफ सपोर्ट (एएलएस) एम्बुलेंस का फ्लैग ऑफ भी किया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि लगभग ढाई हजार नवचयनित युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किया जा रहा है। पिछले साढ़े छह वर्ष में स्वास्थ्य विभाग ने अपनी सेवाओं में वृद्धि की है, उसी के क्रम में 674 एम्बुलेंस एवं 81 एडवांस लाइफ सपोर्ट (एएलएस) एम्बुलेंस जोड़ी गयी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर



स्वास्थ्य ठीक नहीं है तो सब बेकार है। ईश्वरीय कृपा से इसमें एलेपैथ और आयुर्वेद, दोनों के हैं। प्रदेश ने अपनी स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतरीन किया है। 2017 के पहले पहचान का संकट था। आप में से बहुत से लोग बाहर पढ़ने गए होंगे तो वे अपना नाम, अपने प्रदेश का नाम छिपाए होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 के पहले मेडिकल कॉलेजों की प्रदेश में संख्या 18 रही। आज हम हर जिले में मेडिकल कॉलेज स्थापित कर रहे हैं। 18 से तो अधिक पांच साल में ही शुरू कर दिए हैं। अटल मेडिकल विश्वविद्यालय की स्थापना की गयी है। प्रदेश के सभी मेडिकल कॉलेज संबद्ध किए गए हैं। आज कोई गरीब यह नहीं कह सकता कि धनाभाव में वह अपना इलाज नहीं करा पा रहा है। पांच लाख रुपये तक इलाज का खर्च आयुष्मान कार्ड और मुख्यमंत्री आरोग्य योजना के तहत उपलब्ध कराया जा रहा है। गोरखपुर और रायबरेली में एम्स भी शुरू किए गए हैं। यह डबल इंजन की सरकार का प्रयास है।

### चिकित्सा क्षेत्र में केस स्टडी को बढ़ावा देने की जरूरत

जाति के नाम पर विलाप करने वाले लोग समाज और देश को कमजोर करते हैंय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जाति के नाम पर विलाप करने वाले लोग समाज और देश को कमजोर करते हैं। 2017 के पहले प्रदेश में इंसेफेलाइटिस से होने वाली मौतें इनके चेहरों को बेनकाब करती थीं। 40 वर्षों में इंसेफेलाइटिस से पचास हजार से अधिक बच्चों की मौतें हुईं, लेकिन जाति–जाति करने वाले लोग वोट बैंक की राजनीति करते रहे, जो उनकी संवेदनहीनता को प्रदर्शित करती है। आज उत्तर प्रदेश में इंसेफेलाइटिस पूरी तरह से नियंत्रण में है। इससे होने वाली मौतों में 96 से 98 प्रतिशत तक की कमी आई है। उन्होंने कहा कि चिकित्सा शिक्षा और आयुष से जुड़े लेक्चरर, असिस्टेंट प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर और चिकित्सा शिक्षा से जुड़े कॉलेजों के प्रिंसिपल नियमित ओपीडी में बैठें। जितने भी पेशेंट देखें, उनकी केस स्टडी तैयार करें। साथ ही चिकित्सा शिक्षा में शोध को बढ़ावा दें। सीएम योगी के अलावा कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, आयुष राज्यमंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु, चिकित्सा शिक्षा राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा पार्थ सारथी सेन शर्मा, प्रमुख सचिव आयुष लीना जौहरी और अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# तृतीय चरण के प्रशिक्षण कार्यक्रम की संशोधित समय-सारिणी जारी

समृद्धि न्यूज

**प्रशिक्षणार्थियों की बायोमैट्रिक उपस्थिति के साथ प्रशिक्षण 26 से**

**लखनऊ।** प्रदेश के दिव्यांगजन सशक्तिकरण एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेन्द्र कश्यप ने बताया कि पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग में वर्ष 2023-24 हेतु कम्प्यूटर प्रशिक्षण कार्यकम की तृतीय चरण के प्रशिक्षण की संशोधित समय-सारिणी जारी की गई है। जिसके अनुसार 17 दिसम्बर 2023 तक प्रशिक्षणार्थियों द्वारा ओ लेवल कम्प्यूटर प्रशिक्षण एवं सीसीसी कम्प्यूटर प्रशिक्षण हेतु ऑनलाइन आवेदन एवं शैक्षिक व अन्य अभिलेखों को अपलोड़ किया जाएगा तथा आवेदन की प्रति डाउनलोड कर समस्त अभिलेखों सहित निर्धारित तिथि तक जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी कार्यालय में हार्ड कापी जमा किया जायेगा।

18 दिसम्बर से 21 दिसम्बर तक जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी द्वारा ऑनलाइन प्राप्त आवेदन पत्रों एवं अभिलेखों का प्रिंट प्राप्त किया जायेगा, आय, जाति प्रमाण पत्र व अन्य शैक्षिक अभिलेखों का ऑनलाइन सत्यापन करना एवं उनकी जाँच की जायेगी। प्रशिक्षण हेतु पात्र प्रशिक्षणार्थियों को सत्यापित कर लॉक करना तथा अपात्र/त्रुटिपूर्ण आवेदनों को निरस्त किया जायेगा। निदेशालय द्वारा संस्थावार/ पाठ्यकमवार आवंटित लक्ष्य के सापेक्ष अनुमोदनोपरान्त चयनित लाभार्थियों को सत्यापित कर डिजिटली लॉक किया जाएगा तथा शेष प्रशिक्षणार्थियों की प्रतीक्षा सूची तैयार करते हुए चयनित/प्रतीक्षासूची पर जिला स्तरीय चयन समिति का अनुमोदन प्राप्त किया जायेगा। पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री ने बताया कि 22 दिसम्बर से 25 दिसम्बर तक चयनित अभ्यर्थियों का सम्बन्धित संस्था द्वारा संस्था में प्रवेश लेते हुये प्रशिक्षणार्थियों का निलिट में रजिस्ट्रेशन कराया जायेगा तथा प्रवेश न लेने वाले प्रशिक्षणार्थियों के सापेक्ष प्रतीक्षा सूची से पोर्टल पर एलाटमेन्ट करते हुए प्रवेश दिलाया जायेगा, सूचना ऑनलाइन लॉगिन पर अपडेट किया जायेगा। 26 दिसम्बर से प्रशिक्षणार्थियों का प्रशिक्षण प्रारम्भ कराया जायेगा तथा प्रशिक्षणार्थियों की आधार आधारित बायोमैट्रिक उपस्थिति करायी जायेगी।

# भर्ती नियम में बदलाव : अपर निजी सचिव के लिए कंप्यूटर ज्ञान जरूरी

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** सचिवालय और अन्य सरकारी विभागों में अपर निजी सचिव बनने के लिए अब कंप्यूटर प्रमाण पत्र से काम नहीं चलेगा, पर्याप्त जानकारी भी अनिवार्य है। कंप्यूटर पर टाइपिंग के साथ इसके बारे में अन्य जानकारी के लिए टेस्ट लिया जाएगा। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग अधीनस्थ सेवा नियमावली में संशोधन की तैयारी है।

प्रस्ताव तैयार हो गया है और जल्द ही कैबिनेट से मंजूर कराने की तैयारी है। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग अपर निजी सचिव पदों पर भर्ती के लिए परीक्षा कराता है। मौजूदा समय शार्ट हैंड और टाइपिंग टेस्ट लिया जाता है। कंप्यूटर के लिए ट्रिपल सी प्रमाण पत्र की योग्यता रखी गई है। इस योग्यता के आधार पर भर्तियां हो जाती हैं, लेकिन चयनित होने वालों के कंप्यूटर में दक्ष न होने की वजह से परेशानियां आ रही हैं।लोक सेवा आयोग में इसको लेकर पिछले बैठक हुई थी। इसमें भर्ती को लेकर विचार-विमर्श किया गया। इसमें तय किया



**प्रस्ताव बनकर हुआ तैयार और जल्द ही कैबिनेट से मंजूर कराने की तैयारी**

गया कि कंप्यूटर में दक्ष होने वाले को ही अपर निजी सचिव भर्ती के लिए पात्र माना जाएगा।

लोक सेवा आयोग इसके लिए अधीनस्थ सेवा नियमावली में संशोधन करने का प्रस्ताव कार्मिक विभाग को प्रस्ताव भेजा है। इसमें कंप्यूटर प्रमाण पत्र ट्रिपल सी के अलावा अन्य उच्च संस्थानों का मान्य किया जा रहा है।शार्टहैंड के साथ हिंदी टापइिंग कंप्यूटर पर अनिवार्य होगी। कंप्यूटर पर अन्य जानकारियों के संबंध में अभ्यर्थियों का टेस्ट लिया जाएगा। इसके आधार पर अपर निजी सचिव पद पर चयन होगा।

### मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हुई स्टेट गंगा कमेटी की 12वीं बैठक

**लखनऊ।** मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र की अध्यक्षता में स्टेट गंगा कमेटी की 12वीं बैठक आयोजित हुई। बैठक में अयोध्या विकास प्राधिकरण द्वारा सरयू नदी के गुप्तार घाट पर पंचवटी द्वीप व राम अनुभव केन्द्र तथा वाराणसी विकास प्राधिकरण द्वारा गंगा नदी के किनारे (रामनगर की ओर) टेंट सिटी के निर्माण का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया, जिसे मुख्य सचिव द्वारा राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन से अनुमति प्राप्त करने हेतु प्रेषित करने की संस्तुति की गई। बैठक में बताया गया है कि पंचवटी द्वीप पर राम अनुभव केन्द्र के निर्माण का मुख्य उद्देश्य अपनी वैदिक सभ्यता का गौरव केवल शास्त्रों तक सीमित न रखकर व्यक्तिगत जुड़ाव के माध्यम से आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना है। पंचद्वीप पर 75 एकड़ में राम अनुभव केंद्र, राम वन गमन पथ, श्री राम और रामायण की प्रासंगिकता, कल्प वास एवं वैदिक ग्राम, अमृत भोजन प्रसाद, योगनग्राम, जैविक कृषि, तरुताल वैदिक विद्यालय और खेल प्रशिक्षण केंद्र, पर्यावरण जागरूकता और रोजगार के अवसर, आजीविका, अर्थ गंगा का सृजन जैसे कार्य प्रस्तावित किये गये हैं।

# कार्यों में लापरवाही पर सरोसा फतेहगंज विद्युत वितरण खण्ड के एसडीओ सस्पेंड

**मानक को दरकिनार कर केबल खींचकर कराई बिजली चोरी**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा के सख्त निर्देश व नाराजगी पर सरोसा फतेहगंज, विद्युत वितरण खण्ड, सेस-2, लेसा, लखनऊ के उपखण्ड अधिकारी अमन तिवारी को कार्यों में लापवाही बरतने, नियमों की अनदेखी करने व कदाचार के गम्भीर प्रकरण में प्रथम दृटया दोषी पाये जाने पर तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया गया है। प्रबन्ध निदेशक मध्यांचल भवानी सिंह खंगारौत ने एसडीओ अमन तिवारी को सस्पेंड कर मुख्य अभियन्ता वितरण कार्यालय लेसासिस गोमती बंग्ला बाजार से सम्बद्ध कर दिया है।

ऊर्जा मंत्री श्री शर्मा 14 कालीदास आवास पर प्रदेश की जनता जनार्दन की समस्याओं को सुनने और उसका निदान करने हेतु जनता दर्शन लगाकर



सप्ताह में दो दिन सोमवार और वृहस्पतिवार को जनसुनवाई करते हैं। मंत्री के जनसुनवाई में अभी 04 दिसम्बर को पत्र के माध्यम से सरोसा टिकरा, भरोसा निवासी शिकायतकर्ता श्याम बाबू गुप्ता ने अवगत कराया गया कि उनके द्वारा विद्युत संयोजन लेने के लिए किए गए आवेदन पर एसडीओ अमन तिवारी द्वारा स्थलीय निरीक्षण कर बताया गया कि संयोजन हेतु अलग से ट्रांसफार्मर लगेगा और लाइन भी बनानी पड़ेगी। शिकायतकर्ता श्याम बाबू गुप्ता ने जनता दर्शन में यह भी शिकायत की थी कि उसके निवास के पास वहां पर स्थापित ट्रांसफर्मर से तीन अन्य उपभोक्ताओं को विभाग की मिलीभगत से चोरी से कनेक्शन देकर वहां पर विद्युत चोरी करायी जा रही है। मंत्री जी को की गई इस शिकायत शिकायत पर हुई जाँच में बिजली चोरी कराया जाना सही पाया गया और वहां स्थापित ट्रांसफार्मर से तीन अन्य लोगों को विभाग के 40 मीटर के दायरे को दरकिनार कर 100 से 150 मीटर दूरी तक केबल खींचकर बिजली दी गई थी। ऊर्जा मंत्री ने इस गम्भीर प्रकरण में सख्त नाराजगी व्यक्त की और संबंधित के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने के निर्देश प्रबंध निदेशक मध्यांचल को दिए थे।

ऊर्जा मंत्री ने विद्युत अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा है कि उपभोक्ताओं का किसी भी रूप में उत्पीड़न व उनके साथ दुर्व्यवहार करना बर्दास्त नहीं किया जायेगा। विभागीय कार्यों में लापरवाही बरतने तथा नियमों की अनदेखी कर विभाग की आँखों में धूल झोकने का कार्य अब बर्दास्त नहीं किया जायेगा, ऐसे कार्मिकों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी। अधिकारी कर्मचारी अपनी कार्य संस्कृति एवं कार्य व्यवहार में सुधार कर और प्रदेश सरकार की मंशानुरूप कार्य करें।

**पहल** — प्रधानमंत्री मोदी सात को नमो ऐप पर विकसित भारत एम्बेसडर का मॉड्यूल करेंगे लॉन्च

# दो करोड़ लोगों को नमो ऐप से जोड़ेगी भारतीय जनता पार्टी

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उत्तर प्रदेश में दो करोड़ से अधिक लोगों को नमो ऐप से जोड़कर विकसित भारत का एम्बेसडर बनाएगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 07 दिसम्बर को नमो ऐप पर विकसित भारत एम्बेसडर का मॉड्यूल लॉन्च करेंगे। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी तथा मोदी ऐप के राष्ट्रीय संयोजक कुलदीप सिंह चहल ने वर्चुअल माध्यम से मंगलवार को क्षेत्रीय अध्यक्ष, क्षेत्रीय प्रभारी, जिलाध्यक्ष तथा जिला प्रभारियों तथा सांसद, विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष, सदस्य, ब्लॉक प्रमुखों से संवाद किया। बैठक का संचालन प्रदेश महामंत्री संजय राय ने किया। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि नमो ऐप हमारी संगठनात्मक क्रियाशीलता के प्रदर्शन का सशक्त प्लेटफॉर्म है।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा सात दिसम्बर से लांच होने वाले ÷विकसित भारत एम्बेसडर÷ मॉड्यूल के माध्यम से एक-एक कार्यकर्ता तथा नागरिकों के द्वारा किए जाने वाले संगठनात्मक कार्यों तथा रचनात्मक कार्यों को बड़ा कैनवास मिलेगा। जो स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के माध्यम आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगा।

वर्चुअल बैठक में प्रमुख रूप से केन्द्र सरकार के मंत्री डॉ महेन्द्र नाथ पाण्डेय, जनरल वीके सिंह, साध्वी निरंजन ज्योति, कौशल किशोर, अजय मिश्रा टेनी, भानु प्रताप वर्मा, पंकज चौधरी, एसपी सिंह बघेल, बीएल वर्मा, प्रदेश सरकार के मंत्री सुरेश खन्ना, सूर्य प्रताप शाही, स्वतंत्र देव सिंह, लक्ष्मी नारायण चौधरी, बेबी रानी मौर्य, जयवीर सिंह, धर्मपाल सिंह, अनिल राजभर, जितिन प्रसाद, राकेश सचान सहित बड़ी संख्या में उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री सम्मिलित रहे।

### सात दिसम्बर से शुरू होगा अभियान

प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने कहा कि बूथ स्तर तक प्रत्येक कार्यकर्ता के मल्टीमीडिया मोबाइल में नमो ऐप डाउनलोड कराना है। इसके साथ 07 दिसम्बर से ही अभियान चलाकर卐विकसित भारत एम्बेसडर卐 मॉड्यूल से अधिक से अधिक लोगों को जोड़ना है। उन्होंने कहा कि पार्टी के प्रदेश, क्षेत्र, जिला, मंडल से लेकर बूथ तक के सभी पदाधिकारी, कार्यकर्ता तथा सांसद विधायक से लेकर सभी जनप्रतिनिधि प्रदेश द्वारा लिए गए दो करोड़ लोगों को अभियान से जोड़ने के लक्ष्य से अधिक परिणाम देने में सहभागी बनेंगे। मोदी ऐप के राष्ट्रीय संयोजक कुलदीप सिंह चहल ने कहा कि कहा कि प्रदेश के प्रत्येक कार्यकर्ता को नमो ऐप से जोड़ना है। इसके साथ प्रत्येक कार्यकर्ता द्वारा अधिक से अधिक लोगों को विकसित भारत एम्बेसडर बनाना है। जिला स्तर पर कार्यशालाएं आयोजित कर पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को विकसित भारत एम्बेसडर से लोगों को जोड़ने की प्रक्रिया का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### ब्रेनोब्रेन वन्डरकिड प्रतियोगिता में सीएमएस छात्रों ने जीते 15 गोल्ड




**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, स्टेशन रोड कैम्पस के 15 मेधावी छात्रों ने राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित अन्तर–विद्यालयी ब्रेनोब्रेन वन्डरकिड प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतकर लखनऊ का गौरव सारे देश में बढ़ाया है। यह प्रतियोगिता शैक्षिक संस्था ब्रेनोब्रेन किड्स एकेडमी के तत्वावधान में आयोजित हुई। गोल्ड मेडल अर्जित करने वाले इन मेधावी छात्रों में अनिका गुप्ता, हरीम फातिमा, प्रोमिता चंद्रा, अदीब फारुकी, समीक्षा यादव, भाग्यश्री गुप्ता, आराध्या त्रिवेदी, वत्सल अग्रवाल, अनुभव कुमार शर्मा, अब्दुल अजीम खान, काव्यांश मिश्रा, अव्यांश वर्मा, सक्षम यादव, मजना फातिमा एवं अंश यादव शामिल हैं। सी.एम.एस. संस्थापक व प्रख्यात शिक्षाविद् डा. जगदीश गाँधी ने इन सभी मेधावी छात्रों को आशीर्वाद देते हुए विद्यालय के शिक्षकों व प्रधानाचार्या के प्रति आभार व्यक्त किया है। यह जानकारी सी.एम.एस. के मुख्य जन–सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने दी है। श्री शर्मा ने बताया कि इस प्रतियोगिता में देश भर के अनेक प्रतिष्ठित विद्यालयों के छात्रों ने प्रतिभाग किया जिसमें सी.एम.एस. स्टेशन रोड कैम्पस के इन प्रतिभाशाली छात्रों ने मेन्टल मैथ्स, लॉजिकल एबिलिटी, जनरल नॉलेज एवं स्पीड टाइपिंग में अपनी दक्षता का प्रदर्शन कर गोल्ड मेडल अर्जित किया।

## खबरें एक नजर में

### बारिश से लहलहा उठी दलहनी एवं तिलहनी फसले

**सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।** तड़के हुई रिमझिम बरसात से दलहनी एवं तिलहनी फसले पानी की बूंदे पाकर लहलहा उठी है। किसान बारिश को फसलों के लिए अमृत समान मान रहा है। चार दिन के फासले के बाद मंगलवार को तडके पूरे क्षेत्र में रिमझिम बरसात होने से रबी की फसलों को राहत मिली है। बारिश की बूंदे पाकर दलहनी एवं तिलहनी फसले लहलहा उठी है। किसान परशुराम, सुरेश कुमार, उदयभान, राजू यादव, राजू श्रीवास, राजेश धुरिया, राधेश्याम तिवारी, मानसिंह भदौरिया ने बताया कि एक सप्ताह के अंदर दो बार रिमझिम बरसात का फायदा मटर, मसूर, चना, सरसों, अलसी, जौ आदि की फसलों को मिला है। बारिश की बूंदों से फसलों की रंगत बदल गई है। धूप खिलते ही दिन दूना, रात चौगुना बढ़ने की उम्मीद नजर आने लगी है। इस बारिश से किसी तरह का नुकसान फसलों को नहीं है। इससे ज्यादा से ज्यादा फायदा फसलों को मिलेगा और पाला, कोहरा से फसलों का बचाव होगा। कृषि रक्षा इकाई के तकनीकी सहायक अजित शुक्ला का कहना है कि यह बारिश दलहनी फसलों के लिए बेहद मुफीद हैं। अगहन मास की यह बारिश दलहनी फसलों के उत्पादन को बढ़ाने में कारगर साबित होगी।

### चौकीदार की घटना का पुलिस नहीं कर सकी खुलासा

**मौदहा, समृद्धि न्यूज।** बीते एक सप्ताह पहले रेलवे के प्राईवेट चौकीदार की हत्या को एक सप्ताह गुजर जाने के बाद भी पुलिस किसी नतीजे पर नहीं पहुंची है हालांकि पुलिस अलग अलग एंगल से जांच की बात कह रही है। बीते एक सप्ताह पहले कोतवाली क्षेत्र के ग्राम इचौली निवासी रामसेवक( 78 )पुत्र सुक्खा प्रजापति जो रेलवे के बन रहे पुल में सामान की चौकीदारी करता था।किसी ने हत्या कर दी थी जिसके बाद क्षेत्राधिकारी विवेक यादव, डाग स्क्वायड,फील्ड यूनिट आदि ने मौके पर पहुंच कर मामले की अलग अलग एंगल से जांच की थी और हत्या का जल्द खुलासा करने की बात कही थी लेकिन हत्या के एक सप्ताह से अधिक समय गुजर जाने के बाद भी पुलिस हवा में तीर चला रही है और उसके हाथ खाली हैं।इस सम्बंध में कोतवाली प्रभारी सुरेश कुमार सैनी ने बताया कि घटना की दो एंगल से जांच की जा रही है जिसमें पहले तो यह है कि हो सकता है कि कोई चोर रेलवे का सामान चोरी करने आया हो और चौकीदार के जाग जाने के कारण उसने हत्या कर दी हो और दूसरा यह कि चौकीदार का एक पुत्र पहले खत्म हो गया था जिससे चौकीदार की बहू जमीन बंटवारे को लेकर विवाद कर रही थी और चौकीदार जमीन नहीं बांट रहा था।फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और जल्द घटना का खुलासा किया जाएगा।

### अच्छा उत्पादन लेने के दिए गए टिप्स

**मुस्करा, समृद्धि न्यूज।** विकासखंड परिसर में कृषि विभाग ने कृषि सूचना तंत्र का सुदृढ़ीकरण योजना एवं सबमिशन आन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन योजना के तहत रबी गोष्ठी का आयोजन किया। जिसमें कम लागत में अच्छा उत्पादन करने के साथ सरकार की विभिन्न लाभकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई।

गोष्ठी की अध्यक्षता भाजपा नेता विमलचंद्र गुरुदेव ने की। संचालन प्रधान संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष हरस्वरूप व्यास ने किया। किसानों को कम लागत में अच्छा उत्पादन करने के बारे में जानकारी दी। कीट विज्ञान विभाग के वैज्ञानिक शैलेंद्र कुमार ने मृदा प्रयोगशाला में खेतों की मिट्टी के परीक्षण पर जोर दिया। उन्होंने दलहन में मटर, मसूर, चना आदि में लगने वाले कीटों को नष्ट करने के लिए नीम की पत्तियों के उबले पानी का छिड़काव करने की सलाह दी। पादप रोम विज्ञान विभाग के रविंद्र सोनी ने किसान भाइयों को केमिकल युक्त दवाओं की जगह देशी दवाओं का घोल तैयार कर फसलों में छिड़काव करने पर बल दिया। ब्लॉक प्रमुख वीर नारायण सिंह राजपूत ने स्थायी खेती पद्धति पर जोर दिया और प्रधान मंत्री द्वारा मोटे अनाज अपनाने के लिए किसानों को प्रेरित किया। जिला पंचायत सदस्य करण सिंह राजपूत, खंड विकास अधिकारी प्रमेंद्र कुमार पांडेय, सुनील अग्रवाल, जिला मंत्री कुबेर सिंह, एडीओ कृषि जगतराज सिंह, कृषि बीज गोदाम प्रभारी सुनील कुमार राजपूत, प्रेमानंद एटीएम, विनय कुमार टीएससी, जगदीश प्रसाद सहित सैकड़ों किसान मौजूद रहे।

# जिला एथलेटिक्स चैंपियनशिप प्रतियोगिता आयोजित

## 100 मीटर बालिका वर्ग में लक्ष्मी प्रथम, रानी द्वितीय, रीना रहीं तृतीय

- जनपद के 20 खिलाड़ियों ने किया प्रतिभाग

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**





डिस्ट्रिक्ट एथलेटिक्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिता का मंगलवार को आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रभारी क्रीड़ाधिकारी अनुपमा धानुक द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करके किया गया।जिसमे जनपद के अंदर 20 खिलाड़ियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

प्रतियोगिता में 100 मीटर बालक वर्ग में अमरदीप प्रथम , गुलशन द्वितीय, सचिन यादव तीसरे स्थान पे रहे। जबकि 100 मीटर बालिका वर्ग में लक्ष्मी पाठक प्रथम, रानी पाठक द्वितीय, रीना सिंह तृतीय स्थान पे रही। 400 मीटर बालक वर्ग में सचिन प्रथम, विशाल द्वितीय, जसमिंदर तृतीय रहे। जबकि 200 मीटर बालिका वर्ग में कविता प्रथम, शिवानी सिंह द्वितीय, आरोही तृतीय रही, 1500 मीटर बालक वर्ग में अमरदीप प्रथम, रंजीत द्वितीय, मनदीप तृतीय रहे। जबकि 1500 मीटर बालिका वर्ग में रानी पाठक प्रथम, कविता द्वितीय, रीना तृतीय रही। ह्यलंबी कूद बालक वर्ग में गुलशन प्रथम, सचिन द्वितीय, अंकुर तृतीय रहे। डिस्कस थ्रो बालक वर्ग में अमरदीप प्रथम, शरीफ द्वितीय, विशाल तृतीय रहे। जैवलिन थ्रो बालिका वर्ग में लक्ष्मी प्रथम, शिवानी पांडे द्वितीय, आरोही तृतीय स्थान पे रही। प्रतियोगिता का समापन डिस्ट्रिक्ट एथलेटिक्स एसोसिएशन अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह टिंकू द्वारा खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण करके किया गया। प्रतियोगिता में निर्णायक मनोज पाल, रोहित सिंह , मो आरिफ, राकेश पासवान व मनीष बघेल रहे। इस दौरान एथेलेटिक्स सचिव अटल सिंह, दिव्यांशु तलरेजा, कैलाश यादव, विजय पांडे, महेश यादव, आदित्य मिश्र, सहित सैकड़ों प्रतिभागी व अन्य मौजूद रहे।

## श्रीमद्भागवत कथा और विराट सनातन धर्म संसद का कलश यात्रा के साथ शुभारंभ



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जिले के नगरौर ग्राम पंचायत के हनुमंत पुरम में मंगलवार से सनातन धर्म सम्मेलन और श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ। 10 दिनों तक चलने वाले सम्मेलन में विभिन्न क्षेत्र के साधु और संत शामिल होंगे। कलश यात्रा श्री सनातन धाम मंदिर भक्ति योग संस्थानम हनुमंत पुरम नगरौर परिसर से चितौरा झील के लिए भारी संख्या में महिला, पुरुष, बच्चे एवं लखनऊ गुरुकुल से आए वेदपाठी बच्चों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पहुंच कर कलश में जल भरने का कार्य पूरा किया। आप को बताते चलें कि हनुमंत पुरम (नगरौर)के पीठाधीश्वर ब्रह्मऋषि स्वामी विष्णु देवाचार्य महाराज के तत्वाधान में दस दिवसीय यज्ञ का आयोजन किया जाना है। जिसके क्रम में मंगलवार को कलश यात्रा के साथ कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ हुआ। आयोजित यज्ञ में श्रीमद्भागवत कथा के व्यास विष्णुदेवाचार्य महाराज सहित अयोध्या के कई पूज्य संतो का आगमन भी होना है। कार्यक्रम के आयोजक स्वामी विष्णु देवचार्य महाराज ने बताया कि लगातार दस दिनों तक चलने वाले इस महायज्ञ एवं श्रीमद्भागवत कथा एवम् धर्म संसद (सम्मेलन) का प्रतिदिन आने वाले पूज्य संतो के मुखारविंद से कथा का श्रवण श्रोता कर सकेंगे। कलश यात्रा में मुख्य रूप से अनिल, चन्दन, विवेक, नीतेश, विद्या, पुनीत, राहुल, सत्यम, संजीत, अप्रित, अक्षय, शुभम, आलोक, आदि लोग सम्मिलित हुए।

# गंगवल स्टेट के राजा का निधन

**विशेश्वरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज।**



जिले के गंगवल स्टेट के राजा उदय प्रताप सिंह की लखनऊ में हृदय गति रुकने से निधन हो गया। उनके निधन का समाचार मिलने पर क्षेत्र के लोग आवास पर पहुंच रहे हैं।विकास खण्ड क्षेत्र बिशेश्वरगंज अंतर्गत राजा गंगवल नाम से विख्यात राजा उदय प्रताप सिंह कि डिवाइन हार्ट सेंटर लखनऊ मे हृदय गति रुकने से मृत्यु हो गई ।वें 80 वर्ष के थे , इनके पिता राजाराम सिंह 1962 में एमपी थे। राजा साहब उदयप्रताप सिंह ने समाज में गरीब असहाय और बेसहारों के लिए बढ़-चढ़कर के योगदान किया निराश्रित लोगों का बहुत ध्यान रखा जिले और क्षेत्र के लोग इनको अपना संरक्षक मानते थे राजा साहब का फ़ैजाबाद मण्डल मे केले की खेती के क्षेत्र में महती भूमिका रही है। 1972 में फैजाबाद मंडल में पहली बार केला की खेती इन्होंने शुरू की और यह केला के जनक कहे जाते थे। ग्लोरियस फूल की खेती करने वाले मण्डल मे पहले व्यक्ति थे। केला की खेती में हिंदुस्तान में उनका दसवां स्थान था उनके यहां सैकड़ो श्रमिक हमेशा काम करते थे वे समाज के महान चिंतक भी थे सभी संप्रदाय के लोग इनका बहुत सम्मान करते थे।उनके यहाँ गरीबों की मुफ्त दवा वितरित किया जाता था। दाह संस्कार बुधवार को अयोध्या मे होगा। मालूम हो की राजा साहब की चार पुत्रियां हैं।

# स्टाफ नर्सों को मिला नियुक्ति पत्र तो खिल उठे चेहरे

- जिला पंचायत अध्यक्ष, सदर और नानपारा विधायक के साथ डीएम ने बांटे नियुक्ति पत्र

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



आयोग की ओर से बहराइच मेडिकल कॉलेज को 139 स्टाफ नर्स मिले हैं। इनमें से 76 स्टाफ नर्सो को मंगलवार को मेडिकल कॉलेज में जिला पंचायत अध्यक्ष, सदर और नानपारा विधायक भाजपा जिलाध्यक्ष और डीएम ने नियुक्ति पत्र बांटे।

नियुक्ति पत्र पाकर स्टाफ नर्सो के चेहरे खिल उठे। सभी ने बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देने का भरोसा दिया।आटोनामिक मेडिकल कॉलेज बहराइच में मंगलवार को स्टॉफ नर्सो को नियुक्ति पत्र वितरण करने का कार्यक्रम आयोजित हुआ।

मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू सिंह, विधायक सदर बहराइच अनुपमा जायसवाल, नानपारा राम निवास वर्मा रहें। अतिथियों के साथ जिलाधिकारी मोनिका रानी, भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय व अन्य अतिथियों ने महाराजा सुहेलदेव स्वाशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में मुख्यमंत्री के सजीव प्रसारण कार्यक्रम को देखा। इसके उपरान्त जनप्रतिनिधियों, भाजपा जिलाध्यक्ष, जिलाधिकारी व अन्य द्वारा दीप प्रज्जवलित कर जनपद में नवनियुक्त 76 स्टाफ नर्सो को नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया। मालूम हो कि जनपद के लिए कुल 139 स्टाफ नर्सो का चयन किया गया है। जिसमें से कार्यक्रम स्थल महाराजा सुहेलदेव स्वाशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में 76 स्टाफ नर्सो को नियुक्ति पत्र वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सेवा में उल्लेखनीय कार्य हुआ है। प्रदेश के स्वास्थ्य केन्द्रों को संसाधनों से लैस किया गया है प्रदेश वासियों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त हो रही है। प्रदेश के लगभग सभी जनपदों में मेडिकल कालेज की स्थापना की जा रही है। स्टॉफ नर्सो द्वारा नियुक्ति पत्र मिलने पर खुशी जताई गई। सभी ने बेहतर स्वास्थ्य देने की बात कही।

इस अवसर पर प्राचार्य मेडिकल कालेज संजय खत्री, सीएमएस डॉ एमएम पाण्डेय, चिकित्सालय प्रबन्धक रिजवान सहित मेडिकल कालेज के शिक्षण, स्टाफ, नवनियुक्त स्टाफ नर्स तथा अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# पांच बसें सीज कर आरटीओ ने वसूला 1.27 लाख जुर्माना

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**





- कार्रवाई के चलते संचालको में मचा हडकंप

भारत नेपाल के बीच संचालित होने वाली बसों के विरुद्ध मंगलवार को भी अभियान चला। आरटीओ ने पुलिस टीम के साथ जांच करते हुए पांच बसों को अधूरे कागजात मिलने के चलते सीज कर दिया है। जबकि बस संचालकों से 1.27 लाख की वसूली की है।

डीएम मोनिका रानी व पुलिस अधीक्षक प्रशान्त वर्मा द्वारा दिये गये निर्देश के तहत सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) ओपी सिंह, उप जिलाधिकारी नानपारा अजीत परेस व पुलिस विभाग की टीम ने मंगलवार को संयुक्त विशेष चेकिंग अभियान चलाया। जिसके तहत बहराइच रूपईडीहा अंतरराष्ट्रीय राजमार्ग पर संचालित 5 बसों को थाना रूपईडीहा अन्तर्गत रूपईडीहा बस स्टेशन में निरुद्ध किया गया। इसके बाद पुलिस को पत्र देकर बसों को सीज करवा दिया। इसके अलावा इन बसों पर 1 लाख 27 हजार 500 रू का अर्थदण्ड भी लगाया गया।

एआरटीओ प्रवर्तन ओपी सिंह ने बताया कि बस संख्या यूपी 63एटी 9643 के विरुद्ध 24500, एनए 8केएचए 5350 के विरुद्ध 36 हजार, यूपी 63एटी 8326 के विरुद्ध 46 हजार, एमपी 07पी 1113 के विरुद्ध 10 हजार, आरजे 9 पीवी 6111 के विरुद्ध 11 हजार हजार रूपये अर्थदण्ड लगाया गया है। अभियान में सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन, मालकर अधिकारी, यातायात निरीक्षक एवं अन्य पुलिस कर्मियों द्वारा अभियान को संचालित किया गया। आरटीओ ने बताया कि अनाधिकृत बसों के विरुद्ध नियमित रूप से प्रवर्तन की कार्रवाई चलती रहेगी।

## जीवन में सुख और शांति चाहिए तो केंद्र में धर्म को रखना होगा : प्रेमभूषण



**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** सनातन धर्म में मनुष्य जीवन के हर क्षण को व्यवस्थित करने की व्यवस्था है। हमारे सनातन धर्म ग्रंथ बार-बार यह प्रमाणित करते हैं कि जिस व्यक्ति ने अपने जीवन के केंद्र में धर्म को रखा वही सुख और शांति के साथ जीवन जीने में सफल हो सका है। उक्त उद्गार अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त श्रीराम कथा प्रेमभूषण महाराज ने शहर के रामलीला मैदान में चल रही नौ दिवसीय श्रीराम कथा के सातवें दिन व्यासपीठ से कथा वाचन करते हुए व्यक्त किये।

# जिला उपाध्यक्ष प्रतीश, ब्लॉक अध्यक्ष परितोष व नगर अध्यक्ष बने सुनील

- जनपद में हुआ अखिल विश्व हिंदू एकता मंच का विस्तार

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**





अखिल विश्व हिंदू एकता मंच, उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष आनन्द मोहन मिश्र की सहमति से प्रतीश कुमार शुक्ल को जिला उपाध्यक्ष, परितोष कुमार पाठक को ब्लॉक अध्यक्ष विशेश्वरगंज तो वही सुनील कुमार शुक्ल को नगर अध्यक्ष पद के अति महत्वपूर्ण पदों की जिम्मेदारी प्रदेश अध्यक्ष आनन्द मोहन मिश्र की उपस्थिति में जिलाध्यक्ष सुरेश चंद्र दुबे के द्वारा मनोनयन पत्र देकर दी गई।अखिल विश्व हिंदू एकता मंच,जनपद में तीनों तेज तर्रार समाज सेवकों को पद की जिम्मेदारी दिए जाने पर प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष आशीष कुमार शुक्ल, प्रदेश महामंत्री राजीव कुमार तिवारी, जिला महामंत्री पवन कुमार पांडेय, कार्यकारी जिला अध्यक्ष उमेश कुमार पांडेय, लोकसभा-बहराइच प्रभारी राजू श्रीवास्तव,सहित जनपद के सभी पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त किया है।

जिलाध्यक्ष सुरेश चंद्र दुबे ने बताया कि प्रतीश कुमार शुक्ल को जनपद-बहराइच के जिला उपाध्यक्ष पद, परितोष कुमार पाठक को ब्लॉक अध्यक्ष- विशेश्वरगंज के पद तथा सुनील कुमार मिश्र को नगर अध्यक्ष- बहराइच पद के महत्वपूर्ण पद की जिम्मेदारी सभी के सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों में रुचि को देखते हुए इस विश्वास के साथ की गई है कि, तीनों नव दायित्व धारी पदाधिकारियों के द्वारा अखिल विश्व हिंदू एकता मंच की नीतियों का प्रचार-प्रसार करते हुए, हिन्दू समाज को जागृत करते हुए देश, प्रदेश तथा हिंदू समाज को समृद्धशाली बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

# नेपाल सीमा पर और मजबूत होगी सुरक्षा

- खोली गई चार नई चौकियां
- एसएसबी के आईजी ने किया उद्घाटन

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



भारत-नेपाल सीमा पर सोमवार को एसएसबी आईजी ने चार सुरक्षा चौकियों का उद्घाटन किया। इससे सीमा की सुरक्षा को और मजबूती मिलेगी। साथ ही सीमा पर अवैध गतिविधियों को रोकने में मदद मिलेगी।

भारत-नेपाल सीमा पर सुरक्षा चाकचौबंद करने के लिए केंद्र सरकार ने चार नई चौकियां खोलने को मंजूरी छह माह पहले दी थी। इन चौकियों का उद्घाटन एसएसबी लखीमपुर सेक्टर के आईजी द्वारा किया गया। इन चौकियों के खुलने से सीमा पार से होने वाली तमाम प्रकार की अवैध गतिविधियों को रोकने में काफी हद तक मदद मिल सकेगी। एसएसबी के आईजी रतन संजय ने भारत-नेपाल सीमा पर चार नई सीमा चौकियों का उद्घाटन किया। एसएसबी की यह चार नई चौकियां रूपईडीहा थाना क्षेत्र के पचपकरी, रंजीतबोझा, निबिया और मानवरिया में बनाई गई हैं।आईजी रतन संजय ने बताया कि नेपाल सीमा की खुली सीमा होने के चलते सुरक्षा की दृष्टिकोण से काफी संवेदनशील है। इसी के चलते सीमा पर एसएसबी का विस्तार करते हुए नई चौकियां खोलने का काम किया जा रहा है। पहले इन चार जगहों पर वैकल्पिक रूप से सीमा चौकियां बनाई गई थीं लेकिन अब इनको परमानेंट सीमा चौकी का रूप दिया गया है।

इस मौके पर एसएसबी 42 वाहिनी के सहायक कमांडेंट बासुकी नंदन पांडेय सहित जवान, अधिकारी समेत अन्य मौजूद रहे।

## डिवाइडर से टकराने से ट्रक चालक की मौत

**सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।** गिट्टी लादकर जा रहे ट्रक के चालक को झपकी आ जाने से वह अनियंत्रित होकर चौबेपुर कानपुर के पास हाइवे में डिवाइडर से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गया। क्षेत्र के पचखुरा खुर्द निवासी 30 वर्षीय ट्रक चालक अमर सिंह सोमवार को कबरई से गिट्टी लादकर चौबेपुर जा रहा था। चौबेपुर पहुंचने से पहले ही हाईवे पर झपकी लगने से अनियंत्रित ट्रक डिवाइडर से टकरा गया था, जिससे अमर सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया था। पुलिस ने उसके बड़े भाई मुल्लू, शिवसिंह और पत्नी रेशमा को सूचना दी और अमर सिंह को एलएलआर अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनकी मौत हो गई। ग्राम प्रधान अनिल यादव ने बताया कि मंगलवार को उसका अंतिम संस्कार गांव मे ही किया गया।

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा मनाया गया सामाजिक समरसता दिवस

**मौदहा, समृद्धि न्यूज।**



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई मौदहा के द्वारा सेंट पॉल इंटर कॉलेज में डॉ अंबेडकर जी की पुण्यतिथि के अवसर पर सामाजिक समरसता कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ चंदन पांडे प्रधानाचार्य राजकीय डिग्री कॉलेज मौदहा नगर अध्यक्ष महेश गुप्ता प्रधानाचार्य सुंदरलाल डिग्री कॉलेज मौदहा तहसील सह प्रमुख मिथिलेश दत्त विद्यालय के प्रधानाचार्य आर एन अवस्थी एवं नगर मंत्री आयुष निगम उपस्थित रहे

चंदन पांडे सर ने बताया कि किसी भी देश के विकास में युवाओं का महत्वपूर्ण योगदान है और भारत देश युवाओं का देश है इसलिए आप सभी विद्यार्थियों को अपने-अपने क्षेत्र में सर्वोत्तम काम करके देश को विकसित बनाना है। महेश गुप्ता ने बताया कि विद्यार्थी परिषद भीमराव अंबेडकर जी एवं विवेकानंद जी के आदर्शों पर चलने वाला छात्र संगठन है समाज में भीमराव अंबेडकर जी का एक महत्वपूर्ण स्थान है वह संविधान के निर्माता एवं प्रारूप समिति के अध्यक्ष थे। मिथिलेश दत्त ने बताया कि विद्यार्थी परिषद छात्रों की प्रतिभाओं का निखारने का एक मंच प्रदान करता है इसलिए सभी विद्यार्थियों को भी ज्ञान शील एवं एकता के मंत्र पर चलने वाले छात्र संगठन से अवश्य जुड़ना चाहिए। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला सोशल मीडिया संयोजक अक्षय गहोई, तहसील सहसंयोजक नवनीत चौहान, अंश सोनी, आर्यन गुप्ता, अभिजीत सिंह, सार्थक दुबे, लखन, संजू , निखिल, हेमंत सिंह, आदि कार्यकर्ता एवं विद्यालय के समस्त आचार्य तथा सैकड़ो छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# लखीमपुर के फरार गैंगेस्टर आरिफ के घर चस्पा हुई कुर्की की नोटिस

- आरोपी के सरेंडर न करने पर मकान किया जायेगा कुर्क

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**





लखीमपुर खीरी निवासी एक अपराधी के विरुद्ध जिले के मुर्तिहा कोतवाली में गोवध के मामले में गैंगस्टर का मुकदमा दर्ज है और वह फरार चल रहा है। जिस पर सोमवार को कोतवाली की पुलिस ने उसके घर पहुंच कर लाउडस्पीकर के द्वारा मकान पर नोटिस चस्पा किया।

जल्द ही कोर्ट में सरेंडर ने करने पर उसके मकान के कुर्की की चेतावनी दी गई है।लखीमपुर खीरी जिले के धौरहरा कोतवाली अंतर्गत रामनगर लहबड़ी गांव निवासी आरिफ उर्फ लेमनचूस पुत्र तौफीक उर्फ तौफील उर्फ तुफैल के विरुद्ध सुजौली थाने में गो वध का मुकदमा दर्ज है।

जिला प्रशासन की ओर से उसके विरुद्ध गैंगस्टर की कार्यवाई की जा चुकी है। लेकिन वह काफी समय से फरार चल रहा है। जिस पर कोर्ट एनबीडब्ल्यू की कार्यवाई के निर्देश दिया है। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉक्टर पवित्र मोहन त्रिपाठी और सीओ राहुल पांडेय के निर्देशन में सुजौली पुलिस सोमवार को फरार अभियुक्त के घर पहुंची। प्रभारी निरीक्षक सौरभ कुमार सिंह ने बताया कि गांव और मोहल्ले के लोगों की मौजूदगी में पिटवाया गया इसके बाद उसके घर पर नोटिस चश्पा की गई। उन्होंने बताया कि नोटिस के बाद भी अगर अभियुक्त आरिफ ने कोर्ट में सरेंडर नहीं किया तो उसके मकान की कुर्की कर दी जाएगी।

# भुगतान भूसे का, धान की पराली से भरा जा रहा पेट

- भूसे के भुगतान से अपना पेट भर रहे है प्रधान

**सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।**



ब्लाक के 57 ग्राम पंचायत के साथ नगर पंचायत की कान्हा गौशाला में करीब 7000 बेसहारा गोवंश संरक्षित है। इनके लिए शासन से प्रतिमाह भूसे का भुगतान पंचायत के खातों में भेजा जा रहा है। भूसा का भुगतान करते हैं लेकिन भूसा बेसहारा गोवंश के नसीब में नहीं होता है। यह भूसे की जगह धान की पराली से पेट भर रहे हैं। वहीं कहीं कहीं यह भी नसीब नहीं हो रहा है। भूसे के भुगतान से प्रधान लकालक होकर घूम रहे हैं।

ब्लाक की 57 ग्राम पंचायत एवं कस्बे की नगर पंचायत की कान्हा गौशाला में करीब 7000 बेसहारा गोवंश संरक्षित है। अक्टूबर माह तक प्रति गोवंश 30 रुपए भूसे के लिए भुगतान मिल रहा था। नवंबर माह से प्रति गोवंश 50 रुपए प्रति दिन का भुगतान होना है। अभी यह धनराशि खातों में नहीं पहुंची है।

मंगलवार को ब्लॉक की जलाला, पारा रैपुरा, पंधरी, विदोखर मेदनी, इंगोहटा आदि पंचायत की गौशाला को निरीक्षण किया गया। किसी भी गौशाला में भूसा नजर नहीं आया। पारा रैपुरा के चौकीदार लल्लूराम ने बताया कि फिलहाल धान की पराली खिलाई जा रही है। पंचायत सचिव मधु गुप्ता ने भी स्वीकार किया कि पराली खिलाई जा रही है। ऐसा क्यों हो रहा है इसका जवाब फिलहाल वह नहीं दे सकी। जलाला में चरही से भूसा गायब था। गौशाला में बंद बेसहारा गोवंश गौशाला की जमीन चाट कर पेट भर रहे थे। प्रधान प्रतिनिधि गौरव सिंह ने बताया कि खिलाने के लिए धान की पराली लाई गई है। ऐसा ही हाल ब्लाक की लगभग सभी गौशालाओं का है। बंडा के शंकरलाल यादव का आरोप है कि गौशाला में बंद गोवंश को खाना ही नहीं दिया जाता है। रात में यह तारवाड़ी तोड़कर किसानों की फसलें नष्ट कर रहे हैं। गौशाला के नोडल अधिकारी पशु चिकित्सा अधिकारी डा. अंकुर सचान ने बताया कि सभी प्रधानों व पंचायत सचिवों को निर्देशित किया गया है कि वह ठंड से बचाव के लिए पुख्ता इंतजाम करें और सुबह शाम गेहूं का भूसा गोवंश को खिलाया जाए। धान की पराली खिलाने का प्रावधान गाइडलाइन में नहीं है। अगर इसे खिलाया जा रहा है तो यह नियम विरुद्ध है। जांच कराकर संबंधित के खिलाफ कार्यवाही के लिए उच्च अधिकारियों को पत्र भेजा जाएगा।

### चहेतों के नाम कर रहे है भूसे का भुगतान

**सुमेरपुर।** प्रधान जहां गोवंश को पराली खिला रहे है। वहीं भूसे का भुगतान अपने रिश्ते नातेदारों व चहेतों ने नाम करके हजम करने में जुटे हुए हैं। इसी वित्तीय अनियमितता को दूर करने के लिए जिलाधिकारी ने बीते वर्ष आदेश दिया था कि रजिस्टर्ड सप्लायर के माध्यम से भूसा खरीदा जाय। लेकिन प्रधान व सचिव सप्लायर के माध्यम से भूसा न खरीद करके धान की पराली इकट्ठा करके उसे गोवंश को खिलाने में जुटे हुए हैं। इस वर्ष ग्राम पंचायतों ने टेंडर न करके सीधे किसानों से पराली खरीद कर अपने सगे संबंधियों के नाम भूसे का भुगतान करके वित्तीय अनियमितता करने में जुटे हुए है। गौशाला के नोडल अधिकारी पशु चिकित्सा अधिकारी डा अंकुर सचान ने बताया कि मामले की जांच कराकर कार्यवाही के लिए उच्च अधिकारियों को अवगत कराया जाएगा।

# जनसुनवाई समाधान पोर्टल पर शिकायतों का डिजिटल सिग्नेचर न होने पर डीएम सख्त

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने जनपद स्तरीय विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये है कि जनसुनवाई समाधान पोर्टल के लिये 01 दिसम्बर 2023 से सम्बन्धित पोर्टल पर समस्त शिकायतों का अनुमोदन डिजिटल सिग्नेचर के द्वारा किया जाना है।

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के निर्देशानुसार, अपर जिलाधिकारी (वि0रा0) पूजा मिश्रा ने आईजीआरएस पोर्टल पर समस्त शिकायतों का अनुमोदन डिजिटल सिग्नेचर न करने वाले 21 विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये है कि ई-डी0एम0 से समन्वयक बनाते हुए पोर्टल पर डिजिटल सिग्नेचर से अपलोड कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिकारियों से कहा है कि आप लोगों द्वारा मामले को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है, जबकि पोर्टल के अन्तर्गत जनसामान्य से प्राप्त होने वाली शिकायतों की समीक्षा मुख्यमंत्री एवं मंडलायुक्त द्वारा की जाती है तथा जनपद स्तर से जिलाधिकारी व अपर जिलाधिकारी (वि0रा0)/ नोडल अधिकारी द्वारा समय-समय पर शासन के अनुरूप आई0जी0आर0एस0 पोर्टल पर प्राप्त सन्दर्भों/ शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु बैठक पर की जाती है तथा वॉट्स एप ग्रुप में पत्र के माध्यम से निर्देश दिये जाते है। इससे यह स्पष्ट होता है आप द्वारा जनशिकायत पोर्टल को गम्भीरता से नहीं लिया जा रहा है तथा सम्बन्धित विभाग द्वारा जन शिकायत पोर्टल पर दर्ज शिकायतो को अवलोकन/कार्यवाही न करने के कारण सन्दर्भ डिफाल्टर की श्रेणी में चला जाता है, जिसके कारण शासन स्तर पर जिला प्रशासन की छवि धूमिल हो रही है, जिसका प्रतिकूल प्रभाव जनपद की रैंकिंग पर पड़ता है।

संबंधित विभागों को स्पष्टीकरण पत्र प्राप्ति से 02 दिन के अन्दर अपर जिलाधिकारी वि0रा0 के समक्ष प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है, स्पष्टीकरण समय-सीमा में प्रस्तुत नहीं किया जाता है तो मान लिया जाएगा कि संबंधित को कुछ नहीं कहना है और आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही करने की संस्तुति कर दी जायेगी, जिसकी जिम्मेदारी संबंधित की स्वयं की होगी।

# अभिनेता गौरव ने रायबरेली-2 फिल्म के शूटिंग स्थल का लिया जायजा



लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

**रायबरेली** 2 मूवी के लिए अभिनेता गौरव कुमार ने लालगंज कस्बे के काशी ब्राइट पब्लिक स्कूल के सौंदर्य मैदान व भवन का लोकेशन देखा और रायबरेली टू मूवी की शूटिंग के लिए जायजा लिया पत्रकारों से मुखातिब होते हुए उन्होंने बताया कि रायबरेली टू मूवी रायबरेली के लिए काफी अहम साबित होगी, इसमें क्षेत्र के कलाकारों को बढ़ावा दिया जाएगा और क्षेत्र की प्रमुखता, संस्कृति के बारे में दर्शाया जाएगा। और रायबरेली का नाम विश्व भर में लिया जाने इसलिए रायबरेली 2 का लोकेशन देख कर फिल्म की शूटिंग की जायेगी। इस मौके पर उनके साथ, डायरेक्टर अयाज खान, दिनेश श्रीवास्तव, शैलेंद्र अग्निहोत्री, गौरव शुक्ला, आर्टिस्ट गब्बर कुमार मौजूद रहे।

# सांस्कृतिक कार्यक्रमों संग खेलकूद प्रतियोगिता का समापन

**लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**




मंगलवार को न्यू स्टैण्डर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेन्ड्री स्कूल लालगंज, रायबरेली में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता 2023 का शानदार समापन हुआ।

विद्यालय में आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता के समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि की भूमिका में विद्यालय के संस्थापक-प्रबंधक डॉ0 शशिकांत शर्मा, सह-प्रबंधिका डॉ0 रश्मि शर्मा, न्यू स्टैण्डर्ड की विभिन्न शाखाओं के प्रधानाचार्य सालेथू ब्रांच से राजीव सिंह, प्रधानाचार्या सालोन ब्रांच से कामाक्षा सिंह का स्वागत विद्यालय के प्रधानाचार्य शिवांग अवस्थी ने कैप एवं बैच लगाकर किया। वही बच्चों द्वारा प्रस्तुत स्वागत गीत के माध्यम से आए हुए अतिथियों का स्वागत किया गया। खेल प्रतियोगिताओं में शानदार सफल प्रदर्शन कर अपना स्थान सुनिश्चित करने वाले बच्चों को रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच मंच पर उपस्थित सभी विशिष्ट महानुभावों द्वारा सम्मानित किया गया, खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए आजाद हाउस 'रनर' एवं सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए विवेकानंद हाउस 'विनर' रहा। कार्यक्रम में 'विजय भव, - गीत पर किया गया सामूहिक नृत्य व बालिका शिक्षा पर मोटिवेशनल गीत तथा पिरामिड कला आकर्षण का प्रमुख केन्द्र रहा। संगीत, नृत्य, मंच सज्जा व परिधान से लेकर कार्यक्रम को आकर्षक रूप देने में प्रभा तिवारी, दीक्षा सिंह, आयुषी गुप्ता, नीलम गुप्ता, कीर्ती सिंह, पूर्णिमा सिंह आदि का सराहनीय योगदान रहा वहीं श्रीमती प्रकृति श्रीवास्तव का कुशल मंच संचालन ने कार्यक्रम में चार चाँद लगा दिये। संपूर्ण खेल प्रतियोगिताएं स्पोर्ट शिक्षिका रोशनी बनो के दिशानिर्देशन में संपन्न कराया गया।

## खबरें एक नजर में

### रोडवेज बस की टक्कर से दो युवकों की मौत

**भदोखर, रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र अंतर्गत मंगलवार को उस समय हड़कंप मच गया जब सरकारी रोडवेज बस की चपेट में आने से एक मोटरसाइकिल पर सवार 4 युवकों में दो युवकों की मौके पर ही हुई मौत,दो अन्य गंभीर रूप से घायल हैं।मिली जानकारीअनुसार चार युवक एक ही मोटरसाइकिल पर सवार होकर किसी निमंत्रण से रात को घर लौट रहे थे। तभी क्षेत्र के मनेहरु चौराहे के पास रात रोडवेज बस ने सामने से जोरदार टक्कर मार दी।हादसे में सवार चारों युवक सड़क पर गिर गये जिसमें दो की दर्दनाक मौत हो गई तथा अन्य 2 घायल हो गए घायलों की हालत ज्यादा गंभीर होने पर लखनऊ रेफर किया गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया जहां प्राथमिक उपचार कर चिकित्सकों ने गंभीर हालत देखते हुए लखनऊ के लिए रेफर कर दिया है और दोनों शवों को कब्जे में लेकर पंचायत नामा कराकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है क्षेत्राधिकारी नगर अमित सिंह ने बताया कि घटना रात एक बजे की है रोडवेज बस चालक परिचालक सहित बस को कब्जे में ले लिया गया है आगे की विधिक कार्यवाही की जा रही है। मौत की खबर जैसे ही परिजनों को मिली खुशी का माहौल मातम में बदल गया।

### संदिग्ध परिस्थितियों में मजदूर की मौत

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** संदिग्ध परिस्थितियों में भट्टी मजदूर युवक की आग में झुलसकर मौत हो गयी। मिली जानकारी के अनुसार डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के सूरजूपुर गांव निवासी एक मजदूर कोयला भट्टी की चपेट में आने से संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई आग में झुलस जाने पर परिजनों द्वारा उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डलमऊ ले जाया गया जहां पर हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। डलमऊ कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत सुरजूपुर ग्राम निवासी सुनीता देवी ने कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया की उसका पति अवसान 35 वर्ष पुत्र शिवपाल महुआहार ग्राम स्थित पप्पू सोनकर की कोयला भट्टी में मजदूरी का काम करता था और रविवार की देर रात भट्टी में काम करते समय अचानक आग से झुलस गया जिस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचाया गया जहां पर हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों द्वारा उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया उपचार के दौरान अवसान की मौत हो गई। प्रभारी निरीक्षक डलमऊ ओपी तिवारी ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और मृतक की पत्नी द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर जांच की जा रही है।

### मायके में रह रही विवाहिता ने खाया जहर, मौत

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** अचलगंज थाना क्षेत्र में मायके में रह रही विवाहिता ने जहरीला पदार्थ निगल लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे इलाज के लिए सीएचसी पहुंचाया। जहां उसकी मौत हो गई। पिता की सूचना पर पहुंची पुलिस ने नायब तहसीलदार की मौजूदगी में पंचायतनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मायके वालों का आरोप है कि दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुरालीजनों ने शादी के दो माह बाद ही मारपीट कर भगा दिया था। अचलगंज के मोहल्ला पूरन वाली गली निवासी सूर्यपाल पुत्र मेवालाल ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उसने बेटी रजनी उर्फप्रतिमा (23) की शादी 2 मई 2023 को अचलगंज थाना क्षेत्र के ही बड़ी रावल निवासी कौशल पुत्र गंगाराम के साथ के साथ की थी। शादी के दो माह बाद ही दहेज की मांग न पूरी होने पर ससुरालीजनों ने मारपीट कर भगा दिया था। पुलिस में शिकायत करने पर नवरात्रि में विदा कराने की सहमति बनी थी लेकिन ससुराल वाले लेने नहीं आए। इसी के चलते बेटी मानसिक तनाव में रहती थी। मंगलवार तकरीबन साढ़े बारह बजे उसने कोई जहरीला पदार्थ निगल लिया। अचानक उसकी तबियत बिगड़ने पर उसे इलाज के लिए सीएचसी अचलगंज पहुंचाया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पिता की सूचना पर एसओ प्रशांत त्रिपाठी सीएचसी पहुंचे। नवविवाहिता की मौत के चलते उन्होंने मजिस्ट्रेट को मामले से अवगत कराया। सूचना पर पहुंचे नायब तहसीलदार अमृतलाल की मौजूदगी में पंचायतनामा की कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। उसकी मौत पर मां रीता और भाई विनीत रो रोकर बेहाल हैं।

### शिकायत पर दबंगो ने दम्पति को पीट किया लहूलुहान

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** बीते दिनों सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में महिला को ट्रैक्टर की टक्कर लग जाने की शिकायत परिजन चालक के घर करने पहुंचा तो उसके पिता व भाइयों ने महिला के परिजनों को जमकर पीटा दिया जिससे उसकी जेठानी व जेठ गम्भीर रूप घायल हो गए। घायलों का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा था। चचेरे जेठ की तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के अतहा गांव निवासी राजू पुत्र चंदिका ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि उसकी चचेरी बहु सोनी स्वर्गीय संतोष कूड़ा डालने गई थी वहीं गांव का ही हेमराज पुत्र रामबिलास ट्रैक्टर लेकर आ रहा था जिसकी टक्कर उसकी बहु को लग गई थी जिसकी शिकायत करने राजू व उसके चचेरे भाई शिवकुमार व शिवकुमार की पत्नी शिवकुमारी चालक के घर करने गए थे वहां पहले से मौजूद सरवन, हेमराज, दिनेश पुत्र राम विलास पुत्र रघुनन्दन ने शिकायत सुनते ही मारपीट शुरू कर दी जिसमें शिवकुमार वा उसकी पत्नी शिवकुमारी का सिर फट गया था उनका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा था कुछ आराम मिलने पर थाने आकर तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच कर दी है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक श्याम नारायण सिंह ने बताया कि चार लोगों के विरुद्ध मारपीट की तहरीर मिली है मुकदमा दर्ज कर लिया गया है अभियुक्तों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

### सभासद पर गाली-गलौज का लगाया आरोप

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** आसीवन थाना क्षेत्र की नगर पंचायत रसूलाबाद में तैनात सफाई कर्मियों ने सभासद के खिलाफगाली-गलौज के साथ ही मारपीट करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी पुलिस मामले की जांच कर रही है।
रसूलाबाद नगर पंचायत में तैनात सफाई कर्मियों में जगजीवन लाल, सागर, राजेश कुमार, मुकेश, संजय, सर्वेश, दीपक, राकेश, सोनू सहित सभी सफाईकर्मी सफाई कर रहे थे तभी मोहल्ला अशोक नगर निवासी सभासद उस्मान पुत्र अब्दुल रहमान पहुंचे और कहा कि आप लोग हमारा कोई काम नहीं करते हैं और गाली-गलौज करने लगा। विरोध किया तो मारपीट की जिसके बाद सभी सफाई कर्मियों ने पुलिस को तहरीर दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। इस सम्बंध में थाना प्रभारी संदीप कुमार मिश्रा ने बताया कि तहरीर मिली है जांच कर कार्रवाई की जायेगी।

# तमंचा लहराते हुए युवक का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

**सरेनी रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

जिले में तमंचा लहराने का सिलसिला लगातार जारी है आए दिन तमंचे लहराने के वीडियो सोशल मीडिया पर सुर्खिया बटोरा करते हैं और जिम्मेदार अधिकारी इस पर लगाम लगाने में नाकाम साबित हो रहे हैं।

दरशल एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है जिसमें देखा जा सकता है कि एक युवक डीजे पर नाचते हुए तमंचा लहरा रहा है जिसमें देखा जा सकता है कि बच्चों में दहशत का माहौल देखने को मिल रहा है डीजे के पास खड़े छोटे-छोटे बच्चे यह दृश्य देखकर डर रहे हैं लेकिन युवक अपनी धुन पर मगन होकर तमंचा लहरा रहा है जिसका



वहां मौजूद किसी शख्स ने वीडियो बनाया और सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया वायरल वीडियो सरेनी थाना क्षेत्र के अंतर्गत बेमौरा गांव का बताया जा रहा है। वीडियो वायरल होने से प्रशासनिक हमले में हलचल मच गई है पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।




### प्रधान राजेंद्र सिंह ने विकसित भारत संकल्प यात्रा का किया भव्य स्वागत

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** ग्राम प्रधान ने किया विकसित भारत संकल्प यात्रा का जोरदार स्वागत। दुसौती ग्राम पंचायत पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा का ग्राम प्रधान राजेंद्र सिंह ने जोरदार स्वागत करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से समाज में जागरूकता आती है वही बच्चों को भी कुछ ना कुछ सीखने को मिलता है। कार्यक्रम में भाजपा के जिला मंत्री विजय सिंह जिला उपाध्यक्ष हिमांशु सिंह मंडल महामंत्री मंगेश कुमार का ग्राम प्रधान उच्च प्राथमिक विद्यालय कंपोजिट स्कूल मुजफ्फरपुर के बच्चों ने भव्य स्वागत गीत गाकर किया जिसमें सरस्वती वंदना। एकल डांस नाट्य मंचन प्रस्तुत किया गया बच्चों की शानदार प्रस्तुति को देखकर आए हुए अतिथियों ने उनका उत्साह वर्धन किया। इस मौके पर ग्राम पंचायत अधिकारी सुष्मिता सिंह संचालन न्याय पंचायत प्रभारी रणविजय सिंह अंजू यादव अजय सिंह उमा सिंह रीमा सोनकर राकेश मिश्रा शैल श्रीवास्तव बबीता पांडे अमित सचिन पटेल समाजसेवी भूपेंद्र सिंह विनोद सिंह अजय मास्टर सत्य प्रकाश सिंह लाला सहित भारी मात्रा में ग्रामीण मौजूद रहे।

# प्रसिद्ध होम्योपैथिक चिकित्सक का लालगंज में हुआ जोरदार स्वागत

**अंतराष्ट्रीय होम्योपैथिककॉन्फ्रेंस की तैयारियों का लिया जायजा**

**लालगंज ( रायबरेली), समृद्धि न्यूज।**



कस्बे के वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक मोहम्मद सलीम के हाजी अब्दुल सत्तार हेल्थ केयर सेंटर हॉस्पिटल पहुंचने पर अंतराष्ट्रीय होम्योपैथिक कॉन्फ्रेंस (होम्योपैथिक रिवॉल्यूशन 2023) की तैयारियों का जायज़ा लेने पहुंचे बर्नेट होम्योपैथी प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी के प्रसिद्ध होम्योपैथिक चिकित्सक नितीश चन्द्र दुबे का लालगंज चौराहे पर बैंड बाजा के साथ डा. सलीम की मौजूदगी में स्थानीय लोगों ने फूल मालाओं को पहनाकर स्वागत किया है। डॉक्टर सलीम के हॉस्पिटल पहुंचने पर हाजी अब्दुल सत्तार, डा.सलीम, डा.रमेश श्रीवास्तव,डॉक्टर करीम, डाक्टर राजीव सिंह, डा. सुनील त्रिवेदी, डा.रफत आलम ने भव्य स्वागत और अभिनंदन किया गया है। उसके बाद अयोजन को लेकर होने वाली सभी आवश्यक तैयारी पर मंथन किया गया और अयोजन को भव्यता प्रदान करने के लिए पूर्व भारतीय क्रिकेटर कप्तान कपिल देव, जोंटी रोड्स साउथ अफ्रीकन क्रिकेट खिलाड़ी,सुरेश रैना क्रिकेटर, इरफान पठान क्रिकेटर, मदन लाल क्रिकेटर, और म्यूजिक नाइट प्रोग्राम के लिए इंडियन आइडल 12 के विजेता सिंगर पवन दीप और गायिका अरूनीता कांचीलाल के साथ साथ फिल्म इंडस्ट्री से कई नामचीज फिल्म अभिनेता, फिल्म अभिनेत्री और मंत्रीयों की उपस्थित देश विदेश के डाक्टरों को उर्जा प्रदान करेगी तैयारी की रूप रेखा निर्धारित की गई है। इसके बाद डॉक्टर करीम की आयुर्वेदिक, यूनानी क्लिनिक, एवम डा.फरहीन महिला रोग विभाग के उद्घाटन समारोह में शामिल हुए, उदघाटन समारोह में बोलते हुए डा.नितीश दुबे जी ने कहा कि हाजी अब्दुल सत्तार हेल्थ केयर सेंटर का नाम देश, विदेश के गंभीर रोगियों को निरोग करने में अव्वल नंबर पर सेवा देता रहेगा , आज ब्रेन ट्यूमर, ब्रेन हेमरेज, पैरालाइसिस , स्पाइन और अन्य सभी प्रकार के रोगियों को अब लालगंज में ही आज से सभी उपचार एक ही छत के नीचे सभी लोग उपचार लाभ ले सकते हैं। लोगों को दूर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी, मंच संचालन डा. प्रभात श्रीवास्तव ने किया

### कार्य में लापरवाही बरतने पर लेखपाल निलंबित

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** उप जिलाधिकारी, डलमऊ अभिषेक वर्मा ने तेरुखा के लेखपाल करुणेश मौर्य को कार्य में लापरवाही बरतने पर निलंबित कर दिया है।

उप जिलाधिकारी,डलमऊ ने बताया कि इस लेखपाल के खिलाफ कई शिकायती पत्र आए थे,जिनमें से एक शिकायती प्रार्थना पत्र में सहन के पत्थर को हटवाने हेतु प्रार्थना पत्र दिया गया था किंतु लेखपाल द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई। पुनः शिकायतकर्ता के द्वारा शिकायत करने के उपरांत लेखपाल द्वारा शिकायत के निस्तारण में सभी तथ्यों का उल्लेख नहीं किया गया। साथ ही जानबूझकर तथ्यों को गोपनीय रखा गया। इसे लेखपाल के दायित्वो के प्रति घोर उदासीनता एवं लापरवाही मानते हुए उप जिलाधिकारी, डलमऊ ने लेखपाल करुणेश मौर्य को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

# अम्बेडकर महिला डिग्री कॉलेज में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता हुई आयोजित

**एसडीएम ने फीता काटकर प्रतियोगिता का किया शुभारंभ**

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



अंबेडकर महिला डिग्री कॉलेज अमावा रायबरेली महाविद्यालय में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

महराजगंज एस .डी.एम. राचित राम गुप्ता एवं सह प्रबंधक सुनील कुमार के द्वारा फीता काटकर प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया गया। जिसमें महाविद्यालय की समस्त छात्राओं ने बढ़-चढ़कर विभिन्न खेलों में प्रतिभाग किया 100 मीटर की दौड़ में प्रथम सेमेस्टर की छात्रा मनीषा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं प्रथम सेमेस्टर की छात्रा सोनाली सिंह ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया एवं प्रथम सेमेस्टर की छात्रा रूबी तृतीय स्थान प्राप्त किया तथा 200 मीटर की दौड़ में पंचम सेमेस्टर की छात्रा सपना मौर्या ने प्रथम स्थान मनीष यादव ने द्वितीय स्थान और अंतिमा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया तथा 400 मीटर की दौड़ में महाविद्यालय की छात्रा कोमल प्रथम स्थान सपना द्वितीय स्थान सोनाली तृतीय स्थान प्राप्त किया ।इस अवसर पर अंबेडकर महिला डिग्री कॉलेज के प्राचार्य डॉ रामकुमार गौड़ एवं राधेश्याम मौर्य, असि. प्रो.हरि गोविंद पटेल, सहदेव प्रसाद, असि. प्रो. दीपक कुमार निर्मल, पूजा यादव, सर्वेश मौर्य, अमरेश मौर्य आदि लोग उपस्थित रहे।

### गड्ढो में तब्दील हुआ लखनऊ-बांगरमऊ मार्ग

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** आसीवन थाना क्षेत्र के लखनऊ-बांगरमऊ मार्ग पर कस्बा मियागंज में एक दिन की बरसात में भार वाहनों के निकलने में बडे-बडे गढ्ढे हो गये। राहगीरों ने लोक निर्माण विभाग यदि ध्यान नहीं देता है तो बडा हादसा हो सकता है।

लखनऊ-बांगरमऊ मार्ग पर कस्बा मियागंज बडा चौराहा से चंद कदमों की दूरी पर एक दिन की बरसात में मार्ग जलभराव हो गया जिससे भार वाहनों के निकलने से बडे-बडे गढ्ढे हो गये। राहगीरों में राहुल, राम नरेश, विपिन गुप्ता, राम सनेही, रामजीवन, मुजीब खान ने बताया जलभराव के कारण मार्ग पर गढ्ढे समझ में नहीं आते हैं जिससे वाहन चालक समझ नहीं पाता है यदि लोक निर्माण विभाग ध्यान नहीं देता है तो कभी भी कोई बडा हादसा हो सकता है।

# सरकारी स्कूल के प्रिंसिपल ने किया सुसाइड

**एजेंसी।**

**डायरी में लिखा- बीईओ ने मानसिक प्रताड़ित किया**

**सुलतानपुर।** प्रिंसिपल सूर्य प्रकाश द्विवेदी (55) के एडमिट होने के दौरान परिवार को उनकी जेब से पॉकेट डायरी के दो पन्ने मिले हैं। इसमें बीईओ (खंड शिक्षा अधिकारी) कुड़वार मनोज जीत राव पर प्रताड़ित करने की बात लिखी है। इसमें लिखा है-तबीयत बिगड़ने का कारण-बीईओ कुड़वार द्वारा मानसिक प्रताड़ना। कुड़वार ब्लॉक की रवनिया ग्राम पंचायत में पूरे चित्ता स्थित जूनियर हाईस्कूल में सूर्य प्रकाश द्विवेदी प्रभारी प्रधानाध्यापक थे। वह बल्दीराय थाने के केवटली गांव के रहने वाले थे।

सूर्य प्रकाश के भाई धर्म प्रकाश द्विवेदी ने बताया कि शनिवार को बीईओ कुड़वार मनोज जीत राव ने स्कूल का औचक निरीक्षण किया था। इस दौरान सूर्य प्रकाश द्विवेदी स्कूल में नहीं थे। वह एप्लीकेशन देकर बेटे का इलाज कराने चले गए थे। हालांकि, निरीक्षण के दौरान बीईओ ने उनको अनुपस्थित दिखा दिया। उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया। नोटिस मिलने के बाद सूर्य प्रकाश परेशान हो गए।

उन्होंने धनपतगंज ब्लॉक के प्रमुख यशभद्र सिंह मोनू से अपनी परेशानी बताई, जिस पर उन्होंने बीईओ को फोन किया था। शिक्षक सूर्य प्रकाश द्विवेदी के पिता रामबोध द्विवेदी प्राथमिक शिक्षक थे। उनकी सेवाकाल में ही बीमारी से मृत्यु हो गई थी। वर्ष 1995-96 में सूर्य प्रकाश द्विवेदी को मृतक आश्रित में नौकरी मिली थी। वह शहर के शास्त्री नगर मोहल्ले में किराए पर कमरा लेकर परिवार के साथ रहते थे। पत्नी संगीता दुबे और छोटा बेटा अखिलेश उर्फ सत्य प्रकाश द्विवेदी उनके साथ रहता था। अखिलेश ने इस वर्ष इंटर की परीक्षा उत्तीर्ण की थी, जबकि बड़ा बेटा ज्ञान प्रकाश उर्फदुर्गेश द्विवेदी लखनऊ में रहकर तैयारी कर रहा था। बड़ी बेटी श्वेता द्विवेदी की शादी हो गई है। सूर्य प्रकाश द्विवेदी के छोटे भाई धर्म प्रकाश द्विवेदी शहर स्थित कॉन्वेंट स्कूल में शिक्षक हैं। भाई धर्म प्रकाश द्विवेदी ने बताया कि ब्लॉक प्रमुख के फोन के बाद बीईओ भड़क गए। सोमवार को उन्होंने सूर्य प्रकाश द्विवेदी को फोन पर बर्खास्त करने की धमकी दी।

बेटे की तबीयत खराब होने चलते सूर्य प्रकाश द्विवेदी सोमवार को कैजुअल लीव पर थे। परिवार ने आरोप लगाया कि बीईओ की धमकी के बाद उन्होंने कुछ जहरीला पदार्थ खा लिया। इससे उनकी तबीयत बिगड़ गई। उल्टियां शुरू हो गई। इसके बाद परिवार के लोग आनन-फानन में सुल्तानपुर मेडिकल कॉलेज ले गए। वहां से रात 8 बजे लखनऊ के लिए रेफर किया।

लखनऊ में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। लखनऊ में ही शव का पोस्टमॉर्टम किया गया है। इसके बाद अब शव परिजनों को सौंपा जाएगा। वहीं, इस मामले में बीईओ मनोज जीत राव ने कहा कि सूर्यप्रकाश द्विवेदी से स्कूल में उनकी कोई मुलाकात नहीं हुई। शनिवार को निरीक्षण के दौरान स्कूल में नहीं मिले थे। बेटे का इलाज कराने गए थे। उन्हें न तो कोई नोटिस दिया गया है न ही किसी तरह की बर्खास्तगी की धमकी दी गई। वहीं, इस पूरे मामले में एडीएम पंकज सिंह (प्रशासन) ने बताया कि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाएगी।

### एक्सप्रेस-वे पर ट्रक से टकराई कार, दो घायल

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर ग्राम देवखरी के निकट तेज रफ्तार अनियंत्रित कार आगे चल रहे ट्रक के पीछे जा टकराई। हादसे में कार के परखच्चे उड़ गए और कार सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची यूपीडा रेस्क्यू टीम दोनों घायलों को बांगरमऊ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाई। घायलों को जिला अस्पताल रेफर किया गया। हरियाणा प्रांत के शहर गुड़गांव निवासी राजू 34 पुत्र जीत सिंह अपने साथी संतराम 41 वर्ष पुत्र रामपाल को लेकर कार से लखनऊ जा रहा था तभी कोतवाली बांगरमऊ क्षेत्र में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर ग्राम देवखरी के निकट तेज रफ्तार अनियंत्रित कार आगे चल रहे ट्रक के पीछे जा टकराई। हादसे में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और दोनों कार सवार मार्ग पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची यूपीडा रेस्क्यू टीम ने पहुंचकर आनन-फानन दोनों घायलों को एंबुलेंस से बांगरमऊ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां पर दोनों घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# कटरी की दो सौ बीघा भूमि पर गैर जनपद के भूमाफियाओं का कब्जा

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

**पट्टाधारकों ने डीएम से शिकायत पर भूमि कब्जामुक्त कराने की उठाई मांग**

बांगरमऊ तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत कटरी गदनपुर आहार के गरीब भूमिहीन पट्टाधारकों की करीब दो सौ बीघा गंगा कटरी की खेती पर कानपुर के असलहाबंद भूमाफियाओं का कब्जा है। भूमाफिया इतने दबंग और शातिर हैं कि राजस्व विभाग की टीम और पुलिस बल भी डर कर बैरंग वापस हो चुकी है। पट्टाधारकों ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपा कर पीएससी बल भेजकर दबंग भूमाफियाओं से पट्टे की जमीन मुक्त कराए जाने की मांग उठाई है।

ग्राम पंचायत कटरी गदनपुर आहार के भूमिहीन पट्टाधारक गोविंद, सुरेश, रमेश, राकेश, लालाराम, गोपाल, घासी व विशंभर आदि किसानों द्वारा बीते सोमवार को जिलाधिकारी अपूर्वा दुबे को सौंपे गए शिकायती पत्र में कहा गया है कि सरकार द्वारा वर्ष 2019 में करीब एक सैकड़ा भूमिहीन खेतिहर मजदूरों को ग्राम समाज की दो सौ बीघा सरकारी भूमि का पट्टा किया गया था। इस सरकारी भूमि पर पहले से ही कानपुर जनपद के असलहा बंद भूमाफिया जबरन काबिल थे और यह सभी भूमाफिया पट्टे की जमीन को फर्जी तरीके से कानपुर बिल्हौर तहसील की सीमा में बताकर खेतों को जोतने बोने नहीं देते थे। तब पट्टाधारकों की शिकायत पर तत्कालीन उपजिलाधिकारी के आदेशानुसार बांगरमऊ और बिल्हौर तहसील के राजस्व विभाग की टीमों ने पुलिस बल के साथ गंगा कटरी की कानपुर और उन्नाव जिले की भूमि का सीमांकन कर दिया था और साथ ही पट्टाधारकों को खेतों पर कब्जा भी करा दिया था। किसानों के अनुसार मौजूदा रबी की फसल बुवाई के दौरान कानपुर के दबंग भूमाफियाओं ने ट्रेक्टर से पट्टे की जमीन पर खड़ी लाही की फसल ध्वस्त कर पुनः जबरन कब्जा कर लिया। शिकायत पर एसडीएम ने मौके पर पुलिसबल के साथ राजस्व टीम को भेजा किंतु दबंग भूमाफिया असलहों से लैस होकर मौके पर आ धमके और गोली मार देने की धमकी दी। यह देखकर पुलिस और राजस्व कर्मी उल्टे पांव भाग खड़े हुए। शिकायती पत्र को संज्ञान में लेते हुए जिलाधिकारी ने एसडीएम बांगरमऊ को भारी पुलिसबल के साथ पट्टे की भूमि मुक्त कराने और भूमाफियाओं के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने का निर्देश दिया है।

# साहित्यकारों ने डॉ. सुमन सुरभि को दी बधाई

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**



राष्ट्रीय साहित्यिक संस्था शब्दाक्षर द्वारा देवभूमि हरिद्वार में आयोजित तीन दिवसीय साहित्यवोत्सव में देश के विभिन्न प्रांतों से आये साहित्यकारों को सम्मानित किया गया। संस्था द्वारा लखनऊ निवासी, शब्दाक्षर प्रदेश साहित्य मंत्री डॉ. सुमन सुरभि को उनकी पुस्तक चेतना के पंख गीत संग्रह को भी पुरस्कृत किया गया इसके लिए उन्हें कवि हरिश्चंद्र गुप्ता काव्यश्री सम्मान 21 हजार रु. अंगवस्त्र सम्मान पत्र श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष रवि प्रताप सिंह, उपाध्यक्ष अजय मदहोश, प्रदेश अध्यक्ष श्यामल मजूमदार, संगठन मंत्री विनोद कुमार सिंह, संजय त्रिपाठी व उत्तराखंड के प्रदेश अध्यक्ष बुद्धिनाथ मिश्र सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे। डॉ. सुमन सुरभि को राष्ट्रीय स्तर पर उनकी कृति को पुरस्कार मिलने पर आज जनपद में वरिष्ठ साहित्यकार संस्कार भारती उन्नाव इकाई के अध्यक्ष मोहनलाल मिश्र धीरज के आवास पर एक गोष्ठी का आयोजन हुआ जिसमें जनपद के साहित्यकारों ने डॉ. सुमन सुरभि को बधाई दी और कहा कि ऐसी पुस्तके हिंदी साहित्य के लिए अति आवश्यक है इनसे साहित्य संरक्षण के साथ-साथ नए साहित्यकारों को बहुत कुछ सीखने को मिलता है।

**सूचना**

मैं छेदीलाल पुत्र ईश्वरदीन निवासी ग्राम टोंक पोस्ट घुरवारा डलमऊ रायबरेली मेरे पुत्र आशीष कुमार का बर्ताव मेरे एवं घर परिवार व समाज के प्रति अच्छा नहीं है वह शराब के नशे में धुत होकर आए दिन लोगों से मार पीट करता है तथा उसका चाल चलन असामाजिक होने के चलते मैं अपने पुत्र आशीष कुमार को अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। आज से उसके साथ मेरा एवं मेरे परिवार का उससे कोई संबंध नहीं रहेगा। उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य का वह स्वयं जिम्मेदार होगा मेरी एवं मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## मिजोरम : नया क्षेत्रीय दल जीता

चार राज्यों के चुनाव परिणाम के बाद सोमवार को उत्तर पूर्व के राज्य मिजोरम से जो चुनाव परिणाम आया है वह भी कोई कम रोचक और विस्मयकारी नहीं है क्योंकि इस राज्य में एक नवोदित क्षेत्रीय दल 'जोराम पीपुल्स मूवमेंट' ने 40 सदस्यीय विधानसभा में 27 सीटें प्राप्त करके पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने की तरफ कदम बढ़ा दिया है। मिजोरम की मुख्य पार्टी अभी तक एक जमाने के विद्रोही नेता ललथनहवला की पार्टी 'मिजो नेशनल फ्रंट' मानी जाती थी और पिछले पांच वर्षों से यही सत्तारूढ़ भी थी। मगर इस पार्टी के मुख्यमन्त्री श्री जोराम थांगा ने जिस प्रकार से निकटवर्ती राज्य मणिपुर में उपजी हिंसा पर रुख अपनाया उसका सीधा परिणाम उन्हें इन चुनावों में भुगतना पड़ा और फ्रंट को केवल दस सीटें ही मिल पायीं और वह सत्ता से बाहर हो गई। जोरामथांगा राज्य में भारतीय जनता पार्टी के साथ मिलकर सरकार चला रहे थे हालांकि भाजपा का केवल एक विधायक ही था मगर श्री जोराम थांगा ने राष्ट्रीय स्तर पर एनडीए का सदस्य बनना कबूल किया था। इस पर भी कम आश्चर्य व्यक्त नहीं किया जा रहा है कि राज्य में कांग्रेस पार्टी को इस बार केवल एक सीट ही मिली जबकि भाजपा दो सीटें पाने में कामयाब हो गई। मणिपुर में भाजपा की सरकार है और इस राज्य के मुख्यमन्त्री एम बीरेन सिंह की राज्य की जातीय हिंसा के मामले में कड़ी आलोचना भी की जा रही थी। इसके बावजूद भाजपा का समर्थन बढ़ने पर भी अचरज व्यक्त किया जा रहा है वह भी तब जब विधानसभा चुनावों में प्रचार के समय श्री जोराम थांगा ने भाजपा के नेताओं से साफ कर दिया था कि उनकी पार्टी एनडीए की सदस्य जरूर है मगर चुनावी मंच को वह प्रधानमन्त्री समेत किसी भी अन्य भाजपा नेता के साथ साझा नहीं कर सकते हैं। कांग्रेस के एक ही सीट पर सिमट जाने को राज्य की राजनीति के संदर्भ में बहुत गंभीर इसलिए भी माना जा रहा है कि स्व. ललथनहवला के साथ स्व. राजीव गांधी ने ही मिजोरम में विद्रोही गतिविधियों को विराम देने के लिए शान्ति समझौता किया था और अपनी पार्टी की सरकार से इस्तीफा दिलवा कर ललथनहवला को मुख्यमन्त्री बनाया था। यह 80 के दशक की घटना है। मिजोरम में भाजपा की तरफ से चुनाव प्रचार करने भी कोई राष्ट्रीय स्तर का नहीं गया मगर इसकी सीट एक की जगह दो हो गई जबकि कांग्रेस की पिछली विधानसभा में चार सीटें थीं और वह एक पर सिमट गई। पूर्वोत्तर राज्यों में कांग्रेस की पैठ अच्छी समझी जाती रही है। इस बार के चुनावों में भी श्री राहुल गांधी ने राज्य की राजधानी आइजोल पहुंच कर तीन दिन तक चुनाव प्रचार किया था। इससे पूर्व पूरे मणिपुर अमानवीय जातीय हिंसा होने पर भी वह मणिपुर गये थे। मिजोरम बहुत छोटा राज्य है और इसमें कुल साढ़े आठ लाख मतदाता ही हैं। इसकी आबादी ईसाई बहुल है ।

# सैम बहादुर के बहाने याद जनरल मानेकशॉ की

आर.के. सिन्हा



देश की आजादी के बाद से ही सेनाध्यक्ष इधर ही रहते रहे हैं। सैम मानेकशॉ भी भारतीय सेनाध्यक्ष के पद पर रहते हुए 4, राजाजी मार्ग के आर्मी हाउस में ही रहा करते थे। कहते हैं कि वे सुबह अपने बंगले के बाहर भी सैर करने के लिए निकल जाया करते थे। उनके साथ उनकी पत्नी भी हुआ करती थीं। वहां पर अगर कोई शख्स सड़क पर चलते हुए उन्हें नमस्कार करता तो वे उसका आदरपूर्वक उत्तर भी देते थे। उनमें जनरल पद की ठसक नहीं थी। खैर, सैम मानेकशॉ के जीवन पर बनी फिल्म से देश की युवा पीढ़ी को उनके बारे में जानकारी मिलेगी। सरकार ने उन्हें फील्ड मार्शल के पद पर भी प्रमोट कर दिया था। हालांकि, वे 1975 के आस-पास दिल्ली से चले गए थे। उसके बाद उनका दिल्ली आना-जाना कम ही होता था। मानेकशॉ की 94 वर्ष की आयु में 27 जून 2008 की सुबह 12:30 बजे तमिलनाडु के वेलिंग्टन के सैन्य अस्पताल में मृत्यु हुई थी। फिर वहां ही उनकी सादगी से अंत्येष्टि कर दी गई थी।

सैम हॉरमुसजी फेमजी जमशेदजी मानेकशॉ को देश 1971 में पाकिस्तान के साथ हुई जंग में भारतीय थल सेना का कुशल नेतृत्व करने वाले एक सेनाध्यक्ष के रूप में कृतज्ञ भाव से याद करता है। वे फील्ड मार्शल का पद हासिल करने वाले पहले भारतीय सैन्य अधिकारी थे। अब उनके जीवन पर आधारित फिल्म सैम बहादुर के रिलीज होने के साथ ही यह मौका है कि हमारे सारे देशवासी खासकर के युवा पीढ़ी उनकी शख्सियत को फिर से जाने-समझे। उन्हें सैम मानेकशॉ और सैम बहादुर भी कहा जाता था। वे 1969 में भारत के सेनाध्यक्ष बने थे। इससे पहले उन्होंने दूसरे विश्व युद्ध के साथ-साथ भारत की चीन और पाकिस्तान के साथ हुई तमाम जंगों में अहम भूमिका निभाई थी। सैम मानेकशॉ समर नीति के गहरे जानकार थे। पर उनकी जुबान भी फिसलती रहती थी, जिसका उन्हें कई बार बहुत नुकसान भी उठाना पड़ा था। वे 1971 की पाकिस्तान के साथ हुई जंग में विजय का क्रेडिट जाने-अनजाने खुद लेने की फिराक में लगे रहते थे। उन्होंने एक बार तो एक इंटरव्यू में यहां तक दावा कर दिया था कि अगर वे पाकिस्तान सेना के प्रमुख होते तो 1971 की जंग में पाकिस्तान विजयी हो गया होता। उनके इस दावे पर तब भी बहुत बवाल कटा था। दरअसल जंग सेना के साथ-साथ सारा देश ही लड़ता है। इसलिए विजय भी सम्पूर्ण देश की ही होती है। हां, रणभूमि के वीरों का अपना विशेष महत्व तो होती ही है। 1971 की जंग के नायकों की बात होगी तो अनेकों नायक सामने आएंगे। इस बाबत जनरल जगजीत सिंह अरोरा और जनरल जैकब से लेकर सेकेंड लेफ्टिनेंट अरुण खेत्रपाल को भी याद भी किया जाएगा। उस जंग में भारत की विजय पर बात तब तक अधूरी रहेगी जब तक अरुण खेत्रपाल के पराक्रम की चर्चा ना हो जाए। उनके पिता भी उस जंग में लड़ रहे थे। अरुण खेत्रपाल ने पंजाब-जम्मू सेक्टर के शकरगढ़ में शत्रु के दस टैंक नष्ट किए थे। वे तब मात्र 21 साल के थे। इतनी कम आयु में अब तक किसी को परमवीर चक्र नहीं मिला है। नोएडा का अरुण विहार सेकेंड लेफ्टिनेंट अरुण खेत्रपाल के नाम पर ही है। उन्होंने इंडियन मिलिट्री अकाडमी से जून, 1971 में ही ट्रेनिंग खत्म की। उसी साल दिसंबर में पाकिस्तान के साथ जंग शुरू हो गई। अरुण खेत्रपाल की स्क्वेड्रन 17 पुणे हार्स 16 दिसम्बर 1971 को शकरगढ़ में थी। वे टैंक पर सवार थे। टैंकों से दोनों पक्ष गोलाबारी कर रहे थे। वे शत्रु के टैंकों को बर्बाद करते जा रहे थे। इसी क्रम में उनके टैंक में भी आग लग गई। वे शहीद हो गए। लेकिन उनकी टुकड़ी उनके पराक्रम को देखकर इतनी प्रेरित हुई कि वह दुश्मन की सेना पर टूट पड़ी। युद्ध में भारत को सफलता मिली। अरुण को शकरगढ़ का टाइगर कहा जाता है। 1971 की जंग से जुड़ी एक यादगार फोटो को देखकर भारत की कई पीढ़ियां बड़ी हुई हैं। उस फोटो को देखकर हरेक हिन्दुस्तानी का सीना गर्व से चौड़ा हो जाता है। इसमें भारतीय सेना के लेफ्टिनेंट जनरल जे.एस. अरोड़ा के साथ पाकिस्तानी सेना के लेफ्टिनेंट जनरल अमीर अब्दुल्ला खाँ नियाजी बैठे हैं। नियाजी अपनी सेना के आत्मसमपर्ण करने संबंधी एक पेपर पर हस्ताक्षर कर रहे हैं। उस चित्र में भारतीय सेना के कुछ आला अफसर प्रसन्न मुद्रा में खड़े हैं। उनमें जनरल जे.एफ.आर जैकब भी हैं। युद्ध संवाददाता के रूप में मैंने जनरल जैकब के साथ काम किया है और देखा है कि वे किस जांबाज किस्म के सेना नायक थे। 1971 के युद्ध में जैकब की रणनीति के तहत भारतीय सेना को अभूतपूर्व कामयाबी मिली थी। भारत में जन्मे वे यहूदी थे और समर नीति बनाने में महारत रखते थे। पाकिस्तान सेना के रणभूमि में परास्त करने के बाद जनरल जैकब ने नियाजी से अपनी फौज को आत्मसमर्पण का आदेश देने को कहा था। जैकब के युद्ध कौशल का ही परिणाम था कि नब्बे हजार से ज्यादा पाकिस्तानी सैनिकों ने अपने हथियारों समेत भारत की सेना के समक्ष घुटने टेके। आज के दिन जनरल जैकब राजधानी के हुमायूं रोड के यहूदी कब्रिस्तान में चिर निद्रा में हैं। अगर बात जनरल अरोड़ा की करें तो उन्होंने 1971 की जंग में भारतीय सेना को छोटी-छोटी टुकड़ियों में बांटकर पूर्वी पाकिस्तान में घुसने के आदेश दिये थे। उनकी इस रणनीति की वजह से ही हमारी सेना देखते ही देखते ढाका पहुंच गई थी। जरनल अरोड़ा ने जीवन भर 1984 में सिख विरोधी दंगों के दोषियों को दंड दिलवाने के लिए लगातार संघर्ष किया था। उधर, फ्लाइंग ऑफिसर निर्मलजीत सिंह सेखों भी 1971 की जंग के एक महान नायक थे। आपने उनके शौर्य की कथाएं अवश्य सुनी होंगी। जब जंग चालू हुई वे तब राजधानी के रेस कोर्स क्षेत्र में रहते थे। उस जंग के लिए 14 दिसम्बर 1971 का दिन खास था। उस दिन फ्लाइंग ऑफिसर निर्मलजीत सिंह सेखों ने पाकिस्तान के दो लड़ाकू सेबर जेट विमानों को ध्वस्त कर दिया था। उन्हें उस जंग में अदम्य साहस के लिए मरणोपरांत परमवीर चक्र से नवाजा गया था। यदि भारत ने 1971 की जंग में पाकिस्तानी सेना के गले में अंगूठा डाल दिया था, तो इसका कहीं न कहीं श्रेय एयर चीफ मार्शल इदरीस हसन लतीफ को भी जाता है।

वे 1971 के युद्ध के दौरान सहायक वायुसेनाध्यक्ष के पद पर थे। वे जंग के समय शत्रु से लोहा लेने की रणनीति बनाने के अहम कार्य को अंजाम दे रहे थे। लतीफ लड़ाकू विमानों के उड़ान भरने, युद्ध की प्रगति तथा यूनिटों की आवश्यकताओं पर भी नजर रख रहे थे। लतीफ शिलांग स्थित पूर्वी सेक्टर में थे, जब पाकिस्तान ने हथियार डाले थे। दिल्ली कैंट में उस महान योद्धा के नाम पर एक सड़क भी है। इदरीस हसन ने 1948 और 1965 की जंगों में भी सक्रिय रूप से भाग लिया था। लतीफ के एयर फोर्स चीफ के पद पर रहते हुए इसका बड़े स्तर पर आधुनिकीकरण हुआ। उन्होंने जगुआर लड़ाकू विमान की खरीद करने के लिए सरकार को मनाया था। तो यह कोई दावा नहीं कर सकता कि उसकी वजह से भारत किसी जंग में जीता। बहरहाल, सैम मानेकशॉ को प्यार से सैम बहादुर इसलिए कहा जाता था। क्योंकि, उनका संबंध गोरखा रेजीमेंट से था। वे जब सेनाध्यक्ष थे तब आर्मी हाउस की निगाहबानी गोरखा रेजीमेंट के जवान ही किया करते थे। बता दें कि राजधानी में 4, राजाजी मार्ग के बंगले को आर्मी हाउस कहा जाता है। इसी में सेनाध्यक्ष रहते हैं। इसी में जनरल के.एम.करियप्पा, जनरल के. सुंदरजी, एन.सी. विज जैसे महान सेनाध्यक्ष रहे हैं।

## विचार

# मोदी मैजिक में निरर्थक विपक्षी मुद्दे

डॉ. दिलीप अग्निहोत्री



यूपीए के दस वर्ष में भारतीय रेल ने मात्र चार सौ तेरह रेल रोड ब्रिज और अंडर ब्रिज का निर्माण किया। मोदी सरकार ने इससे तीन गुना अधिक निर्माण किया। प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के पन्द्रह करोड़ से ज्यादा लाभार्थी हैं। यह दुनिया की सबसे सस्ती योजना है। बिजली उत्पादन में चालीस प्रतिशत वृद्धि हुई। सोलर ऊर्जा में आठ गुना वृद्धि हुई। फसल बीमा योजना का लाभ पहले पचास प्रतिशत नुकसान पर मिलता था। अब किसान को 33 प्रतिशत पर भी मिल जाता है।

इंडी एलायंस का मंसूबा विफल हुआ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को कमजोर समझने की उनकी गलतफहमी दूर हुई। राजस्थान और छत्तीसगढ़ कांग्रेस के हाथ से निकल गए। मध्य प्रदेश में कांग्रेस पहले से ज्यादा कमजोर हो गई। जातिगत जनगणना का राग निष्प्रभावी साबित हुआ। विपक्ष ने इसे ट्रम्प कार्ड के रूप में प्रयुक्त किया था। इसके साथ ही लोकसभा चुनाव के लिए विपक्ष के पास अब कोई कारगर मुद्दा नहीं बचा है। इंडी एलायंस सेमी फाइनल में ही निरर्थक हो गया। विपक्षी गठबंधन ने बहुत उम्मीद के साथ अपना नाम बदला था। वस्तुतः यूपीए की बदनामी के चलते उन्हें ऐसा करना पड़ा। गहन विचार-विमर्श के बाद उन्होंने ऐसा नाम धरा जिसे शॉर्ट फॉर्म में इंडिया कहा जा सकता था। इसके बाद तो गठबंधन के नेता इंडिया शब्द का ऐसे प्रयोग करने लगे जैसे वह पूरे देश का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। उस समय भी अनेक लोगों ने इंडिया शब्द के चुनावी राजनीति की दृष्टि से प्रयोग को अनुचित बताया था। कुछ ही महीने में विपक्षी गठबंधन की वास्तविकता सामने आ गई। इन्होंने इंडिया शब्द का अनुचित प्रयोग किया था। इनका बिखराव तो पांच राज्यों के चुनाव से पहले ही शुरू हो गया था। अब इनको जनता ने भी आईना दिया है। जातिवाद और परिवारवाद को जनता ने नकार दिया है। जोड़-तोड़ कर इन्होंने अपना नामकरण किया था इंडियन नेशनल डेवलपमेंट इंक्लूसिव अलायंस। जबकि जनमानस का सभ्यतागत संघर्ष भारत और इंडिया के आसपास केंद्रित है। अंग्रेजों ने हमारे देश का नाम इंडिया रखा। इस नामकरण के चलते विपक्षी दलों की जवाबदेही बढ़ गई थी। अब उन्हें यह बताना चाहिए था कि डेवलपमेंट के मुद्दे पर उनकी कितनी विश्वसनीयता है। कांग्रेस के नेतृत्व वाले संयुक्त प्रगतिशील गंठबंधन संप्रग को दस वर्ष सरकार चलाने का अवसर मिला। पश्चिम बंगाल में डेढ़ दशक से तृणमूल की सरकार है। दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार को भी अवसर मिला है। बताया गया कि गठबंधन बैठक में शामिल हुए दलों की 11 प्रदेशों में सरकारें हैं। लेकिन बिडंबना यह कि किसी ने भी अपनी सरकार के विकास कार्यों पर एक शब्द भी नहीं कहा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विपक्षी गठबंधन को घमंडिया नाम दिया था। उन्होंने कहा था कि अगर सपनों को पूरा करना है, संकल्पों को सिद्ध करना है, तो भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टिकरण के खिलाफ पूरे सामर्थ्य के साथ लड़ना होगा। पहली बुराई भ्रष्टाचार है जो हमारे देश की सभी समस्याओं की जड़ में है। भ्रष्टाचार से मुक्ति के लिए हर क्षेत्र और हर सेक्टर में भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई समय की मांग है। दूसरी बुराई वंशवादी राजनीति है। वंशवादी व्यवस्था ने देश को जकड़ लिया था और देश के लोगों के अधिकार छीन लिए थे। तीसरी बुराई तुष्टिकरण है। तुष्टिकरण ने देश की मूल सोच,समरस राष्ट्रीय चरित्र पर भी दाग लगाया है। इन लोगों ने सब कुछ नष्ट कर दिया और इसलिए इन तीन बुराइयों के विरुद्ध अपनी पूरी शक्ति से लड़ना होगा। भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टिकरण- ये चुनौतियां पनपीं जिन्होंने हमारे देश के लोगों की आकांक्षाओं को दबा दिया। दूसरी तरफ विपक्षी नेताओं ने जातिगत जनगणना को सबसे बड़ा चुनावी मुद्दा बनाया था। इसके अलावा वह लोकतंत्र और संविधान पर हमले के आरोप लगा रहे थे। उनका कहना था कि भारत की संस्थाओं पर हमला हो रहा है। हमारी लड़ाई भाजपा की विचारधारा के खिलाफ है। ये लड़ाई इंडिया बनाम बीजेपी है। ये इंडिया बनाम पीएम मोदी की लड़ाई है।

विपक्षी नेता कथित रूप से देश को बचाने के लिए बेकरार थे। कह रहे थे कि एक तरफ देश को नफरत से बचाना है और दूसरी तरफ एक नए इंडिया का सपना लेकर हम सब इकट्ठा हुए हैं। मोदी सरकार की बेमिसाल उपलब्धियों के सामने विपक्षी दलीलें निरर्थक साबित हुईं। जबकि दो वर्ष कोरोना आपदा में बीते। उसके बाद अर्थव्यवस्था को फिर से पटरी पर लाना दुनिया के सामने सबसे बड़ी चुनौती बन गई थी। मगर भारत की अर्थव्यवस्था अब भी विकास की राह पर है। बीस लाख करोड़ रुपये के आत्मनिर्भर भारत पैकेज के सहारे भारत की विकास यात्रा को नई गति मिली है तथा देश आत्मनिर्भरता की राह पर बढ़ा है। आजादी के बाद सात दशकों में देश के केवल साढ़े तीन करोड़ ग्रामीण घरों में ही पानी के कनेक्शन थे। लेकिन मोदी के शासन में साढ़े चार करोड़ घरों को साफ पानी कनेक्शन दिए गए हैं। दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य योजना आयुष्मान लागू की गई। इसके दायरे में पचास करोड़ लोग हैं। साढ़े नौ साल में भारत ने डिजिटल लेनदेन में दुनिया को नई दिशा दिखाने का काम किया है। रिकॉर्ड सैटेलाइट प्रक्षेपित किए जा रहे हैं। रिकॉर्ड सड़कें बनाई जा हैं। दशकों से लंबित अनेक योजनाएं पूरी की गई हैं। अनेक पुराने विवाद भी पूरी शांति और सौहार्द से सुलझाए गए हैं। पूर्वोत्तर से लेकर कश्मीर तक शांति और विकास का एक नया भरोसा जगा है। कोरोनाकाल में अस्सी करोड़ लोगों को निशुल्क राशन की व्यवस्था की गई। जन औषधि दवा केन्द्र की संख्या अस्सी से बढ़कर पांच हजार हो गई। करीब सवा सौ नये मेडिकल कालेज खुले हैं।

## कांग्रेस की कठिनाइयां और गुंजाइशें

चार राज्यों के विधानसभा चुनावों के रविवार को निकले नतीजों में कांग्रेस के हिन्दी पट्टी राज्यों में हुए पराभव से यह साफ है कि उसकी आगे की राह पहले के मुकाबले कहीं अधिक कठिन हो चली है। नवम्बर में विभिन्न चरणों में हुए चुनावों के बाद इनके परिणाम जब निकले तो उसकी छत्तीसगढ़ और राजस्थान की सरकारें छिन चुकी थीं और जिस मध्यप्रदेश को वह भारतीय जनता पार्टी से झटक लेने की मानसिकता में थी, वह भी हाथ नहीं आया। यह सच है कि भारत राष्ट्र समिति को हरा कर दक्षिण भारत का तेलंगाना उसकी झोली में आया है जो एक बड़ी उपलब्धि तो है पर आसन्न लोकसभा चुनाव (2024) के मद्देनजर जो बड़ी छलांग लगाने की वह सोच रही थी, उसमें बड़ी रुकावट तीन राज्यों की पराजय है जिसने कांग्रेस के लिये आगे की सियासी राह को बहुत कठिन कर दिया है। फिर भी ऐसा नहीं कि वह खेल में कभी लौट ही नहीं सकेगी। कांग्रेस की दिक्कतों एवं सम्भावनाओं पर विचार करते समय पहले उसकी कठिनाइयों पर चर्चा कर ली जाये। उसका सबसे बड़ा अवरोध तो यही है कि उसके बारे में भारतीय जनता पार्टी, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ तथा उनके अन्य सहयोगी संगठनों द्वारा बनाई गई अवधारणाएं एवं परिकल्पनाएं इस कदर प्रगाढ़ रूप से लोगों के मन में बिठा दी गई हैं, कि उनका निराकरण सहज रूप से होता सम्भव नहीं लगता। देश की सबसे पुरानी पार्टी एवं उसके नेताओं के बारे में जो जहरखुरानी की गई है उसके चलते जनता का एक बड़ा हिस्सा, खासकर नयी पीढ़ी उसे भ्रष्टाचार व वंश परम्परा का पोषण करने वाली पार्टी मानती है। राममंदिर आंदोलन के बाद से उसे अधर्मी एवं हिन्दू विरोधी दल के रूप में भी स्थापित किया गया है। 2014 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जब से भारतीय जनता पार्टी केन्द्र में काबिज हुई है और आज जब केन्द्र के साथ उसकी बड़ी संख्या में राज्य सरकारें बन चुकी हैं, कांग्रेस के प्रति नफ़रत व नकारात्मकता का भाव सर्वत्र फैला दिया गया है। इसी का यह परिणाम है कि उसकी मुद्दा आधारित राजनीति को इन तीनों राज्यों में स्वीकार्यता नहीं मिल पाई। पिछले करीब एक दशक से भाजपा द्वारा हिन्दुओं व गैर हिन्दुओं के बीच जो अलगाव पैदा किया गया है, उसे मिटाने के लिये जब कांग्रेस के नेता राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा निकालते हैं, तो उसके असर को खत्म करने के भी पुरजोर प्रयास भाजपा व उसके अनुषांगिक संगठन करते दिखाई देते हैं। एक तरह से कांग्रेस की समावेशी विचारधारा को खारिज कराने के सारे प्रयास किये गये हैं। इन तीन राज्यों में तो यही दिखाई दिया है। कम से कम छत्तीसगढ़ व राजस्थान में तो ध्रुवीकरण का मुद्दा मतदाताओं के सिर पर चढ़कर बोला। इसी प्रकार लोगों के मन में कांग्रेस व उसके नेताओं के प्रति भ्रष्टाचारी होने की अवधारणा भी मिटाये नहीं मिट रही है। अपनी विचारधारा के प्रति लोगों को कैसे सहमत किया जाये, यह अब भी कांग्रेस की समझ से परे है। जिस राहुल के पीछे लाखों की भीड़ चलती रही और जिस कांग्रेस की प्रचार सभाओं में जनता की विशाल भागीदारी हुआ करती थी, उसी के द्वारा शासित राज्य की सरकारें भी उससे छीन जायें तो इसे अजूबा ही कहा जाएगा। ऐसे में मध्यप्रदेश को हासिल करना तो दूर की बात है। इसके ठीक विपरीत तेलंगाना भी उदाहरण है जहां के लोगों ने भावनात्मक मुद्दों की बजाय यथार्थवादी मुद्दों को तरजीह देते हुए उसे शानदार जीत दिलाई। उसके पहले कर्नाटक में उसके द्वारा भ्रष्टाचार, वंश परम्परा के संवाहक तथा कट्टर साम्प्रदायिकता का पर्याय बन चुकी भाजपा को हराने का भी दृष्टांत भी है। और पहले जाएं तो हिमाचल प्रदेश भी है। ये तीनों राज्य बताते हैं कि अभी कांग्रेस के लिये सब कुछ खत्म नहीं हुआ है। अगर वह संगठित तरीके से जनता के बीच जाये, चुनाव पूरी मुस्तैदी से लड़े और लोगों को समझाये तो कहानी बदली जा सकती है। तेलंगाना, कर्नाटक और हिमाचल प्रदेश के बारे में कहा जा सकता है कि हिन्दी पट्टी से उसकी दूरी के कारण इन राज्यों की मानसिकता अलहदा है जो भावनात्मक मुद्दों को लेकर वैसी उद्वेलित नहीं होती, जिस प्रकार से हिन्दीभाषी व उनसे जुड़े कुछ अन्य इलाके हैं।



## राशिफल

**मेषः-** प्रतिभाओं के बावजूद हीनभाव प्रतिभाओं के लाभ से वंचित करेगा। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें।

**बृषभः-** किसी कार्य में सफलता से उत्साह में वृद्धि होगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी। परिश्रम से आर्थिक लाभ मिलेगा।

**मिथुनः-** नीरस स्वभाववश रचनात्मक योजनाओं को सार्थक करने में असमर्थ होंगे। सब कुछ सामान्य होते हुए भी मन अरुचि का शिकार होगा। ।

**कर्क :-** काफी दिनों से अवरोधित कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने के आसार बनेंगे। काफी दिनों से प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। शिक्षा की दिशा में किया गया प्रयत्न सार्थक होगा।

**सिंहः-** अच्छे कार्यरें से परिजनो के दिल में जगह बनायें। योजनाओं के फ्लीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। महत्वपूर्ण कायरें में लापरवाही न करें।

**कन्याः-** कर्जदारों से मन परेशान होगा। नये क्षेत्रों में प्रयास से लाभ संभव। व्यावसायिक यात्रा द्वारा लाभ होगा। नये संबंधों के सहयोग से आर्थिक कठिनाइयां दूर होंगी। प्रणय संबंध के प्रति प्रगाढ़ता बढ़ेगी।

**तुलाः-** भावुकता व्यावहारिक जगत के अनुकूल चलने में बाधक होगी। अतः व्यावहारिक बने। भविष्य संबंधी कुछ चिंतायें मन पर प्रभावी होंगी। विद्यार्थी शिक्षा में लापरवाही न बरतें।

**वृश्चिकः-** किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। सकारात्मक सोच अपनाते हुए जीवन को सही दिशा की ओर केंद्रित करें। परिजनो के अनुकूल चलने की चेष्ठा करें।

**धनुः-** संवेदनील शरीर ग्रहों की प्रतिकूलता से बीमार पड़ सकता है। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी।

**मकरः-** नयी घरेलू जिम्मेदारियों के पैदा होने से व्यय संभव। प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। नये कायरें के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा।

**कुंभः-** कुछ व्यासायिक कारणों से घर से दूर रहना पड़ सकता है। परिजनों की सुख-सुविधा के प्रति मन चिंतित होगा। मस्त-मौला मन ब्यर्थ के कायरे में समय जाया कर महत्वपूर्ण कायरे के प्रति लापरवाह होगा।

**मीनः-** थोड़ा संयमी व धैर्यवान बने। भाग्य से प्राप्त अच्छी-बुरी सभी स्थितियों के मध्य समझौतावादी रवैया आपनायें। कुछ नई व्यस्तताएं सामने आएंगी। महत्वपूर्ण दायित्वों की पूर्ति हेतु प्रयत्न तीव्र होगा।

# साहित्य की जमीन को ललित निबंध देते हैं नई रंगत

मुकुंद



मानुषिक दीप्ति के तटबंध पर होती हुई समय व परंपरा की नदी नव वर्ष के रूप में अविराम गति से बहती चली जा रही है। बस, गोधूलि की सघन छाया से बढ़ते हुए अंधकार व गतसमय के गतिपथ को पहचानना आवश्यक है। वास्तव में नई शताब्दी की चुनौतियों के बीच नव वर्ष को स्मृति-स्तंभ की तरह मान सकते हैं क्योंकि हम प्रवाह में भी वहां खड़े रह सकते हैं, पुनरीक्षा कर सकते हैं और भविष्य की भंगिमा को रूपाकार दे सकते हैं। खड़े रहने व चलने का द्वंद्व। नव वर्ष हमारी कला-स्मृति को उलीचने का संसाधन है। दीन के पक्ष में महोच्चार, जहां रूढ़ियां टूटती हैं। नया समय यानी काल का यह नव खंड जड़ता को तोड़ने का ही दूसरा नाम है। एक ऐसा नव समय आकांक्षित है, जिसमें दमित, निष्प्रेषित, अत्याचारित, हाहाकार भरे आर्तनाद और बंदी स्थिति को चुनौती दी जा सके तो सही माने में नव वर्ष है।

साहित्य में ललित निबंध आखिर क्या होते हैं? कैसा होता है इनका रचनाकर्म? आदि सवालों का जवाब खोजने की कोशिश पिछले दिनों दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय गया में की गई। इस संबंध में प्रख्यात भोजपुरी चित्रकार वंदना श्रीवास्तव और जाने-माने साहित्यकार व नव नालंदा महाविहार सम विश्वविद्यालय नालंदा के हिंदी विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर रवींद्र नाथ श्रीवास्तव परिचय दास के व्याख्यान महत्वपूर्ण रहे। इस व्याख्यानमाला का आयोजन हिंदी विभाग ने किया। इस अवसर कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह ने प्रो. परिचय दास को केंद्रीय विश्वविद्यालय गया की हिंदी और भारतीय भाषाओं की समिति का सदस्य नामित करने की महत्वपूर्ण घोषणा की।

अपने व्याख्यान में वंदना श्रीवास्तव ने कहा कि भोजपुरी कला की निर्मिति ज्यामिति के आधार पर होती है। अनगढ़ से सुगढ़ होती प्रक्रिया कला को नया आयाम देती है। भोजपुरी कला अब बिहार, उत्तर प्रदेश व अन्य स्थलों पर नये रंग बोध के रूप में आ रही है। कोहबर की भित्ति कला, चौका पूरने की कला आदि रूपों से होती हुई आज यह एक ओर लोक को छूती है, दूसरी ओर समकालीनता को। मिथिला कला से अलग इसने नयी जमीन पर नयी रंगत प्राप्त कर ली है, जिसमें रोजगार की भारी संभावनाएं हैं। सुश्री वंदना ने ललित निबंध के गठन में कलात्मक विंबों की जरूरत पर बल दिया।

ललित निबंधकार प्रो. रवींद्र नाथ श्रीवास्तव परिचय दास ने कहा कि ललित निबंध निबंध का सौष्ठव रूप है तथा गद्य की रमणीयता। ललित निबंध एक नयी किस्म की भाषा रचता है। गद्य के श्रेष्ठतम रूपों में एक है- ललित निबंध। उन्होंने काका कालेलकर, दुर्गा भागवत, नवनीता देवसेन, श्रीकांत जोशी , हजारी प्रसाद द्विवेदी , कुबेर नाथ राय, विद्यानिवास मिश्र, विवेकी राय आदि ललित निबंधकारों के शिल्प प्रकृति की परिचय दास ने व्याख्या भी की। अपने ललित निबंधों के बारे में परिचय दास ने कहा- % मेरे ललित निबंध परम्परा के साथ समकाल के प्रश्नों और बिम्बों को भी स्थापन और गति देते हैं। इस व्याख्यान माला के दौरान परिचय दास के संबोधन में साल 2019 के नए साल की आगत पर लिखा गया उनका ललित निबंध नव वर्ष-संकल्प की आंच के कुछ अंश स्मृति में उभर आए।

मसलन वो लिखते हैं-अनेक बार हम विगत समय या वर्ष को छोटा या सरल समझ लेते हैं लेकिन बाद में पता चलता है कि यह हमारी अज्ञता है। विगत वर्ष अपने अस्तित्व में संपूर्ण है, उसे उसके समूचेपन में ही समझना होगा। नव वर्ष एक तरह का खूबसूरत फूल है, जिसमें आगामी भविष्य का बीज दिखता है। हमारा समय चेहरों की ज्योति, आंखों की आभा रेखाचित्रों की सरलता की रोशनी को नव वर्ष के द्वार पर दिखा देता है। यदि आप देखना चाहें या वैसी संभावना रखें। समय की सीढ़ियों के ये रेखाचित्र वास्तव में सरलता में जटिलता के अन्य रूप हैं। आगे की जटिलता या संश्लिष्टता को समझने के लिए समकाल के गहन परिप्रेक्ष्य को समझना होगा। मानुषिक दीप्ति के तटबंध पर होती हुई समय व परंपरा की नदी नव वर्ष के रूप में अविराम गति से बहती चली जा रही है। बस, गोधूलि की सघन छाया से बढ़ते हुए अंधकार व गतसमय के गतिपथ को पहचानना आवश्यक है। वास्तव में नई शताब्दी की चुनौतियों के बीच नव वर्ष को स्मृति-स्तंभ की तरह मान सकते हैं क्योंकि हम प्रवाह में भी वहां खड़े रह सकते हैं, पुनरीक्षा कर सकते हैं और भविष्य की भंगिमा को रूपाकार दे सकते हैं। खड़े रहने व चलने का द्वंद्व। नव वर्ष हमारी कला-स्मृति को उलीचने का संसाधन है। दीन के पक्ष में महोच्चार, जहां रूढ़ियां टूटती हैं। नया समय यानी काल का यह नव खंड जड़ता को तोड़ने का ही दूसरा नाम है। एक ऐसा नव समय आकांक्षित है, जिसमें दमित, निष्प्रेषित, अत्याचारित, हाहाकार भरे आर्तनाद और बंदी स्थिति को चुनौती दी जा सके तो सही माने में नव वर्ष है। नव वर्ष पर अपने को लाना मर्म, आशा, भरोसा व सही रोशनी देना है। अभिप्रायों की खोज प्रकारांतर से नव वर्ष की उजास है। यह अंतहीन मिलन है, विगत और सम का। यानी समय व विवेक का... जैसे धान की पत्तियों में हरियाली और धान की खुशबू एकमेक हो जाती है, वैसे ही नव वर्ष नए स्वप्नों की आभा से जोड़कर हमें अंदर-बाहर दोनों से सुचित्रित कर देता है। वह हमारे लिए स्वप्नमय, कलामय, अन्नमय संसार व भविष्य रचता है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
( *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887, Email : samradhinews@gmail.com,
**संपादकीय कार्यालय : 201, 202 द्वितीय तल रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. : 9554964672, 9451244788 फोन नं. 0522-4077632, 3083627**

## अधीक्षण अभियंता ने किया एकमुश्त समाधान योजना के शिविर का निरीक्षण

# अब तक उपभोक्ताओं ने जमा किए 23.87 करोड़

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



अधीक्षण अभियंता एसई विद्युत विभाग आरएस गौतम के द्वारा ग्राम मौहारी के मंसाई खुड़ा में आयोजित ब्याजमाफी कैम्प का निरीक्षण किया गया।

जिले में ओटीएस योजना में अबतक 7836 बकायेदारों ने 23ण्87 करोड रूपये जमा कर अपना नाम बकायेदारों की सूची से हटवाया। अधीक्षण अभियन्ता;एसईद्ध बिजली विभाग आरएस गौतम द्वारा ग्राम मौहारी के मन्साई खुड़ा में आयोजित ओटीएस ब्याजमाफी शिविर का औचक निरीक्षण किया गया। कैंप में जेई जयबीर सिंह के साथ अन्य विद्युत कर्मी मुस्तैद मिलें।

अधीक्षण अभियंता द्वारा बताया गया है कि उप्र सरकार की जल्दी आयेंए ज्यादा लाभ पायें एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस) अर्थात ब्याज सरचार्ज माफी योजना 31 दिसंबर तक लागू है। यह योजना तीन चरणों में लागू हैं। अब वर्तमान में द्वितीय चरण 15 दिसंबर तक लागू है।

द्वितीय चरण में चरण में घरेलू बकायेदारों को 31 अक्टूबर तक के सरचार्ज में शत-प्रतिशत तक की छूट दी जा रही है तथा निजी नलकूपों संयोजनों के बकायेदारों को 31 मार्च 2023 तक के सरचार्ज पर शत-प्रतिशत तक की छूट दी जा रही है। अन्य विधाओं के बकायेदारों को भी प्राविधानुसार सरचार्ज की छूट दी जा रही है तथा बकाये को किश्तों में जमा करनें का भी प्राविधान है। तृतीय चरणए जो कि 16 दिसंबर से 31 दिसंबर तक लागू हैं, में योजना का लाभ घटता जाएगा।

महोबा जनपद में अब तक कुल 7836 उपभोक्ताओं ने इस योजना में अपना पंजीकरण तथा कुल 23.87 करोड़ जमा कर लाभ लिया है। इस वर्ष विद्युत चोरी वाले प्रकरणों के राजस्व निर्धारण में भी सरकार की ओर से छूट का लाभ उपभोक्ताओं को दिया जा रहा है।

## महिला ने दो लड़कियों पर लगाया चोरी का आरोप

**महोबा, समृद्धि न्यूज।** शहर के मुहाल ज्येंद्रनगर निवासी अभिलेष राजपूत पत्नी अरविंद ने महोबा शहर कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह तीन दिसंबर को मूंगफली बेंचकर आटो में सवार होकर अपने घर जा रही थी। जैसे ही वह शहर के परमानंद तिराहे पर पहुंची उसी समय आटो में दो लड़कियां उसके बगल में बैठ गई। कुछ दूरी पर जिला अस्पताल के पास दोनों लड़कियां आटो से उतरकर चली गई। उसने किराया देने के लिए अपना बैग देखा तो उसकी चेन पहले से खुली हुई थी और इसमें पड़े 40 हजार रुपए व पति का आधार कार्ड गायब था। उसने खोजबीन की पर उन लड़कियों का कहीं कोई पता नहीं चल सका। पीड़िता ने सूचना शहर कोतवाली में दी। पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध धारा 379 का मुकदमा दर्ज कर इसकी जांच शुरू की है।इस घटना को लेकर लोगों में खासा हड़कंप मचा रहा।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा को लेकर जिला अध्यक्ष की अध्यक्षता में बैठक आयोजित

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में विकसित भारत संकल्प यात्रा को लेकर जिला अध्यक्ष अवधेश गुप्ता की अध्यक्षता में बैठक भारतीय जनता पार्टी कार्यालय महोबा में संपन्न हुई, मुख्य अतिथि के रूप में रहे जिला प्रभारी संजीव श्रृंगी ऋषि ने बताया की पार्टी एवं केन्द्र व प्रदेश सरकार की योजना के अनुसार प्रत्येक गांव में मोदी की गारंटी वाली वैन पहुंचेगी जिसके साथ एक नोडल अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे और केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं को वीडियो के माध्यम से जनता को बताया जाएगा एवं उक्त स्थान पर जनता की समस्या के समाधान के लिए कई इंस्टॉल लगाए जायेंगे।

जिसमें जनप्रतिनिधि एवं पार्टी के जिले के पदाधिकारी की ड्यूटी लगाई जायेगी जिस स्थान पर विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंचेगी एक दिन प्रथम भारतीय जनता पार्टी की 15 सदस्य टीम जाकर उस स्थान पर साफ सफाई कर ग्रामवासियों से जनसंपर्क कर आमंत्रित करेंगे, ताकि केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ अंत्योदय तक लोगों को मिल सके एवं अधिक से अधिक युवाओं को my Bharat पोर्टल ऐप एवं नमो ऐप के माध्यम से युवाओं को पार्टी से जोड़ा जाएगा, विकसित भारत संकल्प यात्रा का जिला संयोजक जिला उपाध्यक्ष मयंक तिवारी को बनाया गया है उक्त बैठक में सभी जिले के पदाधिकारी मंडल अध्यक्ष एवं जनप्रतिनिधि गण उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष योगेश मिश्रा द्वारा किया गया।

## खबरें एक नजर में

### बाइकों की भिड़ंत में चार घायल

**चरखारी (महोबा), समृद्धि न्यूज।** वाहनों की तेज रफ्तार के कारण आए दिन हादसे सामने आ रहे है। तेज रफ्तार बाइकों की आमने-सामने हुई भिडंत में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए और उन्हें उपचार के लिए चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार चरखारी-राठ रोड पर गुढ़ा नहर के निकट ससुराल बफरेथा से पत्नी मानकुंअर को घर ले जा रहे दीपक निवासी पहाड़गांव जिला छतरपुर मप्र चरखारी की ओर जा रहा था। जबकि चरखारी के मड़वासन मुहाल निवासी मनोज एवं गुमान निवासी गौरहारी काम करने जा रहे थे तभी गुढ़ा के समीप बड़ी नहर पर विपरीत दिशा में आ रही बाइकों में आमने सामने की भिड़ंत हो गयी। रास्ते में क्षेत्र से आ रहे लेखपाल दिनेश निरंजन ने मानवता दिखाते हुये घायलों को अपनी गाड़ी में बिठाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चरखारी पहुंचाया। हालत गंभीर होने पर सभी घायलों को उपचार के लिए महोबा जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फिलहाल एक बड़ा हादसा होने से टल गया।

### किसानों ने जमीन के मुआवजा को लेकर सौंपा ज्ञापन

**महोबा, समृद्धि न्यूज।** जिले में किसानों ने एक बार फिर समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। जिले के ग्राम खन्ना मौजा का सर्किल रेट बढ़ाने की मांग को लेकर बड़ी संख्या में किसान कलेक्ट्रेट पहुंचे और डीएम को ज्ञापन देकर सर्किट रेट बढ़ाकर चार गुना मुआवजा दिलाने की मांग की है। जिले के ग्राम खन्ना निवासी अरविंद द्विवेदी, जयकरन, राकेश, सुंदरलाल, मुकेश, सुरेंद्र कुमार, रामकिशोर, लखूराम सहित बड़ी संख्या में किसान कलेक्ट्रेट पहुंचे और डीएम को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में बताया कि उनकी भूमि कानपुर सागर राष्ट्रीय राजमार्ग और बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे की बीच में स्थित है। यह भूमि नहर से सिंचित है और वह भूमि से फसल लेते हैं। इस भूमि को औद्योगिकीकरण के लिए चिह्नित किया गया है। जब से बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे बना है तबसे भूमि का रेट कई गुना बढ़ गया है। किसानों ने मांग कि खन्ना मौजा का सर्किल रेट जो कई साल से नहीं बढ़ाया गया है उसे बढ़ाया जाए और वर्तमान में भूमि का रेट 6 लाख और उसका मुआवजा 4 गुना किसानों को दिलाया जाए। इस मौके पर बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

### प्रदर्शनी पंडाल में दिव्यांग सम्मेलन 11 को

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने अवगत कराया है कि 11 दिसम्बर दिन सोमवार को प्रदर्शनी पंडाल में दिव्यांग सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। उक्त सम्मेलन में दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाए जाएंगे। उक्त तिथि को होने वाले दिव्यांग बोर्ड का आयोजन कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी इटावा के स्थान पर प्रदर्शनी पंडाल में किया जायेगा। उन्होंने सभी दिव्यांगजनों से अपील की है कि वह 11 दिसम्बर को होने वाले दिव्यांग बोर्ड को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करें।

### रोजगार मेला आज

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** जिला सेवायोजन अधिकारी ने अवगत कराया है कि राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान एवं कौशल विकास मिशन इटावा के संयुक्त तत्वाधान में 6 दिसंबर को एक रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। रोजगार मेले में 6 कंपनियां रॉकमैन इंडस्ट्रीज ग्रुप आफ सर्विसेज ए एस वर्ड ग्रुप बजाज कैपिटल पुखराज हेल्थ केयर प्राइवेट लिमिटेड एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस प्राइवेट लिमिटेड लिंक टाटा प्राइवेट सहायक प्रबंधक पर्यवेक्षक स्टोर की पर र सेल्स एग्जीक्यूटिव डिलीवरी बॉय एग्जीक्यूटिव टेलीकॉलर सेल्स एग्जीक्यूटिव सेल्स मैनेजर जीवन मित्र आदि के 463 पदों के लिए चयन किया जाएगा। उक्त मेले में हाई स्कूल से स्नातक व परास्नातक तक स्तर के बेरोजगार अभ्यर्थी प्रतिभा कर रोजगार प्राप्त कर सकते हैं। मेले में प्रतिभा करने के लिए कोई भी व्यय देय नहीं होगा। इच्छुक बेरोजगार अभ्यर्थी 6 दिसंबर को प्रातः 10 बजे अपने बायोडाटा शैक्षिक प्रमाण पत्र एवं सेवायोजन कार्यालय के पंजीयन कार्ड के साथ जिला सेवायोजन कार्यालय परिसर इटावा में साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो सकते हैं।

### प्रशिक्षार्थियों को ड्रेस एवं सेफ्टी किट वितरित की गई

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**




जनपद के महेवा विकास खण्ड के अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्र में स्थित आर. के. पब्लिक इण्टर कालेज, लुधियानी में विगत दिनों से नारी सशक्तिकरण यूपी इंडस्ट्रियल कंसल्टेंट लिमिटेड लखनऊ द्वारा प्रशिक्षण में इं. हरि किशोर तिवारी चेयरमैन नारायन कालेज ने बताया कि यहां महिलाओं के लिए सेल खोली गयी है, जिस पर वह विभिन्न योजनाओं के लिए निशुल्क फार्म भरवाकर सरकारी योजनाओं के लाभ उठा सकती हैं। इं. हरि किशोर तिवारी ने सभी प्रशिक्षार्थियों को ड्रेस वितरण एवं सेफ्टी किट वितरण किया। अजय कुमार अवस्थी, प्रबन्धक, आर के पब्लिक इण्टर कालेज, लुधियानी ने बताया मिशन शक्ति प्रशिक्षण कार्यक्रम जो आयोजित किया जा रहा है, उसमें महिलओं को बढ़चढ़कर भागीदारी करनी चाहिए। तभी वह विभिन्न योजनाओं का लाभ उठा सकेंगी।डॉ. नन्दकिशोर साह, जिला मिशन प्रबन्धक, एनआरएलएम ने कहा कि आजीविका मिशन ने गरीबों की जिंदगी बदल दी। ग्रामीण महिलाओं को चेहरे पर मुस्कान दिया। द्वितीय सत्र में अश्वनी कुमार त्रिपाठी, प्राविधिक स्वयं सेवक , जिला विधिक सेवा प्राधिकरण इटावा ने महिलाओं को घरेलू हिंसा, शारीरिक हिंसा, मानसिक हिंसा, मौखिक हिंसा एवं बुजुर्गों के लिए विभिन्न प्रकार की कानूनी जानकारी देकर जागरूक किया। संचालन इं हरिकिशोर तिवारी एवं श्रीकृष्ण अवस्थी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस मौके पर उपस्थित नीलम पाल, संध्या सक्सेना, रूबी यादव, रजनी शाक्य, संदीप दुबे, सौरभ शाक्य, राजू तोमर, सौरभ राजपूत उपस्थित रहे।

# पुलिस अधीक्षक ने जनसुनवाई कर सुनी लोगों की समस्याएं

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

जिले में पीड़ित, शिकायतकर्ता की समस्याओं के समुचित एवं समयबद्ध निस्तारण के लिए पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता द्वारा पुलिस कार्यालय प्रतिदिन जनसुनवाई की जा रही है, जनता की समस्याओं के समाधान के क्रम में पुलिस अधीक्षक द्वारा फरियादियों, जनसामान्य की समस्याओं एवं समस्याओं को एक-एक करके गंभीरता पूर्वक सुना गया तथा जनता की समस्याओं के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने के लिए संबंधित को मौके पर जरिये दूरभाष आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों के संबंध में पुलिस अधीक्षक द्वारा




संबंधित को आदेशित किया गया कि मौके पर जाकर शिकायतों की तत्काल, निष्पक्ष व न्यायोचित जांच कर विधिक निस्तारण सुनिश्चित करें, लापरवाही की सूचना पर संबंधित के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की चेतावती प्रदान की गयी। साथ ही शिकायतकर्ता से समय-समय पर जनसामान्य की समस्याओं के निस्तारण के संबंध में फीडबैक लिये जाने संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।



## छात्र-छात्राओं ने आधारशिला वृद्धाश्रम का किया भ्रमण

**महोबा, समृद्धि न्यूज।** पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में भारत सरकार, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, युवा कार्यक्रम विभाग के तत्वाधान में आयोजित हो रहे कार्यक्रम स्टूडेंट पुलिस एक्सप्रिएंशल लर्निंग प्रोग्राम (एसपीईएल) कार्यक्रम के तहत शहर कोतवाली एवं महिला थाना में प्रशिक्षण प्रदान किये जाने हेतु वीर भूमि डिग्री कालेज से चयनित छात्र/छात्राओं को शहर कोतवाली एवं महिला थाना की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा मुख्यालय स्थित आधारशिला वृद्धाश्रम का भ्रमण कराया गया। सभी छात्र-छात्राओं को वृद्धजनों के स्वास्थ्य एवं उनको प्रदान की जाने वाली विभिन्न सुविधाओं के संबंध में जानकारी प्रदान कर उनको सामाजिक समस्याओं से अवगत कराते हुए अनुभवात्मक शिक्षण प्रदान किया गया। इस दौरान कालेज के छात्र/छात्राओं द्वारा वृद्धाश्रम के सम्बन्ध में विभिन्न प्रकार के पूछे गये, जिनके समुचित प्रत्युत्तर अमित तिवारी प्रबंधक आधार शिला वृद्धाश्रम ने दिए। साथ ही सभी को बाल विवाह एवं बाल मजदूरी की रोकथाम की शपथ दिलाई गई । इस दौरान प्रभारी महिला थाना प्रभारी सुषमा चौधरी, कम्प्यूटर ऑपरेटर ग्रेड-ए अभिषेक वर्मा मौजूद रहे।

# पिता-पुत्र पर किया जानलेवा हमला

- पुलिस ने आरोपी के खिलाफ लिखा मुकदमा
- कुलपहाड़ थाना क्षेत्र के ग्राम बगवाहा की घटना

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

दबंग पिता पुत्र ने गांव के ही एक युवक के साथ मारपीट कर दी और बीच बचाव को आए उसके पिता पर भी कुल्हाड़ी से हमला कर घायल कर दिया।

पीड़ितों की सूचना पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 323, 324, 504, 506 के तहत मामला दर्ज किया है। कुलपहाड़ कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बगवाहा निवासी सुख सिंह पुत्र मंगी ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि दो दिसंबर की सायं करीब 5 बजे उसका पुत्र प्रवेंद्र गांव में बाइक से अपने घर जा रहा था। तभी उसके पुत्र का मोबाइल को लेकर आनंद राजपूत व उसके पिता करन सिंह से विवाद हो गया। मामला इतना बढ़ गया कि दोनों ने मारपीट करना शुरू कर दिया। आनंद ने उसके सिर व हाथ में कुल्हाड़ी से प्रहार किया। जिससे उसे गंभीर चोटें आयी। बताया कि बीच बचाव करने पर उसके ऊपर भी हमला किया गया। इसके बाद ये लोग जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। पीड़ित के शिकायती पत्र के आधार पर आनंद व उसके पिता करन सिंह के खिलाफ धारा 323, 324, 504, 506 के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

## भव्यता से मनाया जाएगा डा.बीआर अंबेडकर का 67वां परिनिर्वाण दिवस

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** एडीएम नमामि गंगे राजेश कुमार यादव ने बताया कि बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर कार्यक्रमों का आयोजन बुधवार को किया जाएगा। यह दिवस हम सबको उनके द्वारा प्रतिपादित सिद्धांतों एवं मूल्यों पर चलने के लिए पुनर्संकल्पित होने की प्रेरणा देता है। उन्होंने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन के निर्देश पर छह दिसंबर को बाबा साहब डा भीमराव अम्बेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर पुष्पांजलि सभा, कार्यालयों में बाबा साहब का चित्र लगाने के साथ भाषण/व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित किए जाएं।

# राष्ट्रीय मानवता सेवा अवार्ड से सम्मानित हुए जिरगाम सिद्दीकी

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

पंजाब के बठिंडा शहर में भोजराज लाजवंती जैन पब्लिक हाईस्कूल में हेल्प फॉर नीडी फाउंडेशन ने रक्तदान का कार्यक्रम किया। जिसमें देश के 22 राज्यों सहित नेपाल, भूटान के लोगों ने भाग लिया। इसमें 200 से अधिक संस्थाओं के लोगों ने रक्तदान में हिस्सा लिया। नेशनल सेव द ह्यूमैनिटी अवार्ड से सम्मानित समारोह में रक्त वीरों ने रक्तदान किया। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में नाट्य कला के जरिए स्वास्थ्य संबंधी जानकारियां दीं। ताकि स्वास्थ्य पर पड़ रहे विभिन्न प्रकार के खतरों से सावधान हो सकें। कार्यक्रम




के मुख्य अतिथि पंजाब के कैबिनेट मंत्री दयाल सिंह सोढ़ी, विशिष्ट अतिथि बठिंडा विधायक सरदार जगरूप सिंह गिल्ल ने हमीरपुर जलि के जरिगाम सिद्दीकी को जीवन में 32वीं बार रक्तदान देने पर प्रशस्ति पत्र, प्रतीक चिह्न एवं मेडल भेंट कर नेशनल सेव द ह्यूमैनिटी अवार्ड 2023 से सम्मानित किया। इस वर्ष 2023 का ये कौमी एकता रक्तदान फाउंडेशन को दूसरा राष्ट्रीय पुरस्कार मिला है।

# स्वयंवर में माता जानकी ने श्रीराम के गले डाली वरमाला

- रामकथा सुंदर कर तारी, संसय बिहग उड़ाव निहारी

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

दिव्य प्रेम सेवा मिशन के सेवा प्रकल्पों को समर्पित लोदीपुर निवादा में चल रही ब्रह्मांड नायक भगवान श्रीराम की पावन कथा का आज चतुर्थ दिन पूर्ण हुआ। कथा व्यास पूज्य संत विजय कौशल जी महाराज के श्रीमुख से हो रहे भगवान श्रीराम जी एवं माता जानकी के स्वयंवर के मधुर वर्णन का आनंद लेते हुए विभिन्न क्षेत्रों से पधारे हुए समस्त श्रद्धालु अत्यंत हर्षित एवं विभोर हुए।

पावन कथा का रसपान करने के लिये मंगलवार को राष्ट्रीय संगठन



मंत्री गंगा समग्र रामाशीष, पूर्व मंत्री महेंद्र सिंह, विधायक कुंवर रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया मार्गदर्शक दिव्य प्रेम सेवा मिशन, आरपीएन सिंह जी संरक्षक दिव्य प्रेम सेवा मिशन, डा. आशीष गौतम जी, महेशचंद्र चतुर्वेदी अपर महाधिवक्ता उच्च न्यायालय, शिवशंकर सिंह कार्यक्रम प्रभारी, कार्यक्रम संयोजक राठ विधायक मनीषा अनुरागी, लेखराम अनुरागी, विधायक मऊरानीपुर डा. रश्मि आर्या, सदर विधायक डा. मनोज प्रजापति, एमएलसी अक्षय प्रताप, जिला पंचायत सदस्य दुष्यंत सिंह परिहार, गुड्डू सिंह परिहार, सूर्यप्रकाश प्रांत संगठन मंत्री गंगा समग्र, वेदपाल प्रांत सह संपर्क प्रमुख, डा. नितिन अग्रवाल महामंत्री सेवा मिशन, चंद्रप्रकाश चौहान प्रभारी मेरठ अंचल, डा. कुलदीप, अभिषेक तिवारी संयोजक हमीरपुर इकाई, संदीप भाटी, अमित भाटी सहित विभिन्न क्षेत्रों से हजारों की संख्या में सुधि श्रोताजन पधारे। रामकथा श्रवण करने हेतु बड़ी संख्या में पधारे समस्त भक्तों का अभिनंदन आभार व्यक्त किया।

# दो दिवसीय नमो कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन

- भारतीय जनता पार्टी के किसान मोर्चा ने काराया प्रतियोगिता का आयोजन

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**



भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की सोच के अनुसार कि हमारे देश के नव युवा ज्यादा पढ़े खेले और हमेशा स्वस्थ रहें को देखते हुए आज खेलकूद स्टेडियम हमीरपुर में दो दिवसीय किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष सिद्धार्थ सिंह की उपस्थिति में नमो कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष शिव शंकर सिंह, सदर विधायक डा.मनोज प्रजापति क्षेत्रीय उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार गुप्ता, क्षेत्रीय मंत्री शिव प्रकाश सिंह (कल्लू भैया), पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा ब्रजकिशोर गुप्ता उपस्थिति रहे। कबड्डी में प्रथम टीम टेढ़ा व मौदहा के बीच मैच का शुभारंभ किया गया। जिसमें गांधी इंटर कॉलेज मौदहा 24 अंक पाकर विजेता बनी। वहीं पंडित दीनदयाल उपाध्याय विद्यालय टेढ़ा 16 अंक पाकर उपविजेता रही। इसी प्रकार भस्मानंद इंटर कॉलेज निवादा 33 अंक प्राप्त कर विजेता टीम रही। दिग्विजय सिंह इंटर कॉलेज सुमेरपुर 24 अंक प्राप्त कर उपविजेता टीम रही। जीजीआईसी कुरारा 32 अंक प्राप्त कर विजेता टीम रही। सरदार पटेल बालिका इंटर कॉलेज हमीरपुर 23 अंक प्राप्त कर उपविजेता टीम रही। राजकीय इंटर कॉलेज हमीरपुर 35 अंक प्राप्त कर विजेता टीम रही। आदर्श इंटर कॉलेज मौदहा 12 अंक प्राप्त कर उपविजेता टीम रही। आज आठ टीमों का प्रतिभाग किया। जिसमें चार टीम में विजेता घोषित की गई। जिनका फाइनल बुधवार को इसी खेलकूद स्टेडियम में संपन्न होगा। कल के फाइनल नमो कबड्डी आयोजन में प्रदेश अध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा कामेश्वर सिंह की उपस्थिति रहेंगे। मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मी रतन साहू, जिला महामंत्री डा. उमाकांत राजपूत, मीडिया प्रभारी अरविंद श्रीवास्तव, सचिन, मोहन, अमित, उत्कर्ष, सुनील, सिद्धार्थ, शैलेंद आदि उपस्थित रहे।

## मिट्टी की जांच कराने के साथ गोबर की खाद का करें प्रयोग

**कुरारा, समृद्धि न्यूज।** कृषि विज्ञान केंद्र में विश्व मृदा दिवस पर कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को पर्यावरण को बचाने व मृदा को स्वास्थ्य रखने के टिप्स दिए। मंगलवार को विश्व मृदा दिवस पर मृदा स्वास्थ्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कृषि वैज्ञानिक डॉ प्रशांत कुमार ने किसानों को बताया कि मृदा को स्वस्थ रखने व जीवांश की मात्रा बढ़ाने के लिए फसलों में गोबर खाद कंपोस्ट खाद हरी घास, बर्मी कंपोस्ट प्रयोग करने की सलाह दी। साथ ही मृदा स्वास्थ्य कार्यक्रम के अनुसार उर्वरक का प्रयोग करने की अपील की। पर्यावरण को बचाने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए कहा। इस मौके पर डॉ. एनके पांडेय, डा. सोमवंशी, किसान लालजी, हरिशंकर, मनोज कुशवाहा, विनोद द्विवेदी, धीरेंद्र निषाद आदि मौजूद रहे।

# दिल का दौरा पड़ने से दरोगा की मौत

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

पिछले 10 माह से मेडिकल अवकाश पर चल रहे क्राइम इंस्पेक्टर को बीते दिन दोपहर फिर से अटैक पड़ गया। जिससे परिजन आनन फानन में कानपुर लेकर जा रहे थे। तभी उसने रास्ते में दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। घटना से परिवार में कोहराम मचा है।

कुरारा थानाक्षेत्र के कस्बा निवासी मृतक राकेश कुमार (43) पुत्र भाल सिंह की दिल का दौरा पड़ने से बीते दिन मौत हो गई। भाई द्रवेंद्र सिंह ने बताया कि वह तीन भाई हैं। सबसे बड़ा मृतक था। जो सब इंस्पेक्टर के पद पर तैनात थे। बताया कि एक वर्ष पूर्व वह प्रमोशन पर मिर्जापुर जिले में क्राइम इंस्पेक्टर के पद पर नियुक्ति किए गए थे। बताया कि पिछले वर्ष ड्यूटी के दौरान उन्हें अटैक पड़ा था। तब उनकी जान बच गई थी। उसी समय से वह मेडिकल लेकर घर आ गए थे।

बताया कि सोमवार दोपहर करीब दो बजे अचानक फिर से उन्हें अटैक पड़ गया। जिसे लेकर वह कानपुर जा रहे थे। तभी रास्ते में उनकी मौत हो गई। और चिकित्सकों ने भी मृत घोषित कर दिया। बताया कि वह अपने पीछे पत्नी सुमन, पुत्री अंशिका (19) व पुत्र शुभम (17) को रोता बिलखता छोड़ गए हैं। थाना प्रभारी श्रीप्रकाश यादव ने बताया कि कस्बा निवासी एक दरोगा काफी समय से बीमार थे। जो मिर्जापुर जिले में तैनात थे। जिनकी बीते दिन अचानक तबियत बिगड़ गई। जिन्हें अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई है। बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। साथ ही मिर्जापुर पुलिस को सूचना दे दी गई है।

# एक दूजे के हुए 206 जोड़े, सदर विधायक ने दिया आशीर्वाद

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत नुमाइश पण्डाल में कुल 206 जोडो की शादी करायी गयी जिसमें से 4 मुस्लिम जोडे एवं 202 हिन्दू जोडे शामिल थे सभी जोड़ों की कन्याओ ने अपने अपने वर को मालायें पहनाई, मुस्लिम कन्याओं का मौलिवियों द्वारा मुस्लिम रीति रिवाज के अनुसार एवं हिन्दू कन्याओ का विवाह हिन्दू रीति रिवाज के अनुसार सभी रस्मे अदा कर करायी गयी।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सरिता भदौरिया ने सभी वर,बधुओ को आशीर्वाद देते हुए कहा कि सभी जोड़े



सलामत रहे आगे आने वाला आप सबका जीवन सुखमय हो यही कामना है। उन्होने कहा कि जितने जोड़े आज विवाह के बन्धन में बंध रहे हैं पत्नी पति का, पति पत्नी का सम्मान करें। उन्होने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा गरीब,निर्धन, परिवारो की पुत्रियो की शादी कराने का लिया गया निर्णय बहुत ही सराहनीय है। ऐसी कन्याओ की शादी कराना बहुत ही पुण्य का कार्य है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले जरूरतमन्द, निराश्रित,निर्धन परिवारों को शासन द्वारा 51हजार रू. की धनराशि स्वीकृत हैं जिसमें कन्या को अनुदान के रूप में 35 हजार रु. खाते के माध्यम से प्रदान किये जा रहे है इसके साथ 10 हजार रू. का सामान दिया जाता है एवं 6000 रुपए खाना आदि व्यवस्था में किया जाता है। उक्त अवसर पर पूर्व विधायक सावित्री कठेरिया, जिला अध्यक्ष भाजपा संजीव राजपूत, ब्लॉक प्रमुख बढपुरा गणेश राजपूत, जनप्रतिनिधिगण, जिला समाज कल्याण अधिकारी रविंद्र कुमार शशि, जिला पंचायत राज अधिकारी बनवारी सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ राजेश कुमार सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## संगीतमय सुंदरकांड पाठ का हुआ आयोजन

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** वरिष्ठ नागरिक सुंदरकांड समिति के द्वारा सिविल लाइंस क्षेत्र में आशीर्वाद पैथोलॉजी स्थित डा. एस.सी.गुप्ता के आवास पर संगीतमय सुंदरकांड का पाठ बड़े ही धूमधाम के साथ संपन्न किया गया। इस अवसर पर सुंदरकांड समिति के संरक्षक गोविंद माधव शुक्ला, अध्यक्ष अजय मिश्रा,बाबा राधेश, प्रीतम भारद्वाज,जानकी दीक्षित, पप्पू जैन ने शास्त्रीय स्वरों के साथ सुंदरकांड की संगीतमय प्रस्तुति देकर भक्त श्रोताओं को आनंदित कर दिया।पाठ के अंत में डा.एस.सी.गुप्ता ने अपनी धर्मपत्नी एवं पुत्रों समेत भगवान की आरती कर सभी को प्रसाद वितरित किया।

# आशा निकेतन विशेष विद्यालय में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

विश्व दिव्यांगजन दिवस पर बौद्धिक रूप से अक्षम बच्चों के विद्यालय आशा निकेतन में कई कार्यक्रम हुए। कार्यक्रम के शुभारंभ में दिव्यांग बच्चों ने ईश वंदना प्रस्तुत की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में आए डॉ.आनंद मोहन प्रिंसिपल संत विवेकानंद सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल इटावा का स्वागत बच्चों ने पुष्पगुच्छ देकर किया तथा आशा निकेतन निदेशक फादर रोशन और आशा निकेतन प्राचार्या सिस्टर लाईसा का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। इस




अवसर पर बच्चों ने कई सांस्कृतिक कार्यक्रम जिसमें प्रार्थना नृत्य, योग, एरोबिक्स डांस आदि प्रस्तुत किए गए।साथ में कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें वाटर बिल्डिंग, थ्रो बॉल,लेमन रेस,जंप द सर्किल, पिक द ऑब्जेक्ट आदि प्रतियोगिताओं में बच्चों ने प्रतिभागी बन अनेक पुरस्कार प्राप्त किये। समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में पधारे डॉक्टर आनंद मोहन, प्रिंसिपल, संत विवेकानंद सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल इटावा ने बच्चों के द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम की सराहना करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की तथा विद्यालय के निदेशक फादर रोशन ने विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर सभी बच्चों को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा विजेता बच्चों को पुरस्कृत किया गया।कार्यक्रम में आशा निकेतन विशेष विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# बीईएल और एलपीजीसीएल 'सीईई 3 राष्ट्रीय ऊर्जा कुशलता पुरस्कार 2023' में सम्मानित

**श्रीदत्तगंज,बलरामपुर। समृद्धि न्यूज**

**बजाज ग्रुप** की ऊर्जा कंपनियों बजाज एनर्जी लिमिटेड (बीईएल) और लालितपुर पावर जनरेशन कंपनी लिमिटेड (एलपीजीसीएल) ने प्रतिष्ठित काउंसिल ऑफ एन्वायरो एक्सीलेंस (सीईई) पुरस्कार जीते हैं। विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्टता का प्रदर्शन करते हुए, इन दो ऊर्जा कंपनियों ने 1 दिसंबर को नई दिल्ली में सीई के द्वारा आयोजित सीई 3 राष्ट्रीय ऊर्जा कुशलता पुरस्कार 2023 में शीर्ष सम्मान प्राप्त किए।

बीईएल ने नेशनल एनर्जी इफिशिएंट टीम ऑफ द इयर पुरस्कार प्राप्त किया, जिससे इसकी असाधारण समर्पण, अभिनवता और स्थिर उत्कृष्टता की पहचान हुई। इसके अलावा, यह नेशनल एनर्जी इफिशिएंटी यूनिट में संचालन उत्कृष्टता श्रेणी में शीर्ष स्थान प्राप्त किया, जिसे इसके असाधारण प्रदर्शन और अद्भुत उपलब्धियों के लिए सराहा गया।

एलपीजीसीएल को नेशनल एनर्जी इफिशिएंट प्लांट ऑफ द इयर पुरस्कार से सम्मानित किया गया, जिससे इस श्रेणी में उपलब्धि की विशेषता दिखाई गई। इस राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए कुल 152 प्रतिष्ठित संस्थानों ने प्रतिभा किया था। यह पुरस्कार एलपीजीसीएल के प्वार जनरेशन सेक्टर में उत्कृष्टता और प्रतिष्ठानुसार पुनर्निर्धारित प्रतिबद्धता को संदर्भित करता है।

बीईएल के प्रबंध निदेशक, विनय कुमार सिंह बंकोटी, ने कृतज्ञता व्यक्त




करते हुए कहा, जो हमें नवाचार, सहयोग और पर्यावरणीय प्रबंधन के माध्यम से एक स्थायी भविष्य की ओर प्रेरित करती है। यह उपलब्धि हमारी यात्रा की परिणति नहीं है बल्कि ऊर्जा दक्षता और स्थिरता में नई ऊंचाइयों के लिए एक मार्गदर्शक संकेत है। एलपीजीसीएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी, अलहद नारायण सार ने कहा, हम इस सम्मान से अभिभूत हैं, जो ऊर्जा दक्षता में एलपीजीसीएल की उत्कृष्ट उपलब्धियों को रेखांकित करता है। यह स्थिरता और उत्कृष्टता के प्रति हमारे समर्पण को दर्शाता है, जिससे सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। बिजली क्षेत्र। टीम एलपीजीसीएल को बधाई! पुरस्कार समारोह में ऊर्जा-कुशल प्रथाओं को अपनाने, पर्यावरणीय सर्वोत्तम प्रथाओं को बढ़ावा देने और देश के ऊर्जा लक्ष्यों में योगदान देने में बजाज समूह की दोनों बिजली कंपनियों के अथक प्रयासों का जश्न मनाया गया। बीईएल और एलपीजीसीएल अपने कर्मचारियों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं, जिनके समर्पण और कड़ी मेहनत ने इस मील के पत्थर को हासिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अपने सम्मानित ग्राहक, उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल) के समर्थन को स्वीकार करते हुए, दोनों संस्थाओं ने यूपी राज्य को निर्बाध, कुशल और सस्ती बिजली आपूर्ति प्रदान करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता को रेखांकित किया।

बजाज समूह ने क्षेत्र की वृद्धि और विकास में योगदान करते हुए परिचालन में उत्कृष्टता के अपने निरंतर प्रयास की पुष्टि की। नवाचार और टिकाऊ प्रथाओं में सबसे आगे रहते हुए, बीईएल और एलपीजीसीएल दोनों बिजली उत्पादन उद्योग में नए मानक स्थापित करना जारी रखे हुए हैं।

## अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी ने किया परेड का निरीक्षण





**बलरामपुर। समृद्धि न्यूज**

▸ शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए पुलिस बल को लगवाई गई दौड़

**अपर पुलिस** अधीक्षक दक्षिणी नम्रिता श्रीवास्तव द्वारा पुलिस लाइन में मंगलवार की परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया गया। शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए कराई गई दौड़। निरीक्षण के पश्चात अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा परेड में एकरूपता व अनुशासन बनाए रखने के लिए टोलीवार मॉक ड्रिल करवाई गयी। किसी भी विषम परिस्थित अथवा आपराधिक तत्वों से निपटने के लिए विभिन्न प्रकार के शस्त्राभ्यास कराया गया तथा विभिन्न प्रकार के शस्त्रों के बारे में जानकारी दी गई। बाद परेड अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाइन का भ्रमण किया गया, इस दौरान वाहन, पुलिस लाईन परिसर, जीडी कार्यालय, क्वार्टर गार्ड, कैंटीन, आदर्श आरक्षी बैरक, पुलिस भोजनालय तथा पुलिस लाइन में चल रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण कर भोजन की गुणवत्ता परख कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। इस दौरान प्रतिसार निरीक्षक बिहारी सिंह यादव एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी गण मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### उतरौला में नवीन सब्जी मंडी निर्माण की मांग पकड़ने लगी जोर

**उतरौला(बलरामपुर)।** उतरौला में नवीन सब्जी व फल मंडी बनाने की मांग जोर पकड़ रही है। दूकानदारो ने अपनी अपनी दूकान पर बैनर पोस्टर लगाकर मंडी बनाए जाने की मांग कर रहे हैं। उतरौला कस्बे में सब्जी व फल मंडी बनाए जाने की मांग पचासों वर्ष से की जा रही है। क्षेत्रवासियों की मांग को देखते हुए शासन ने उतरौला में बस स्टेशन के बगल सब्जी व फल बनाए जाने की मंजूरी दी। शासन से मंडी बनाने की मंजूरी होने पर नगर विकास अभिकरण फैजाबाद ने इस स्थान पर पन्द्रह दूकानों का निर्माण कराया। विवाद इसके दूकानों के किराए का हुआ जिसमें नगर पालिका परिषद उतरौला व निर्माता संस्था में हुआ। फैजाबाद की निर्माणाधीन संस्था व नपाप उतरौला ने अखबारों में वि?ज्ञापन देकर किराए पर दूकान देने को कहा लेकिन दूकान का किराया काफी महंगा होने पर किसी दूकानदार ने दूकान को किराए पर नहीं लिया। मजबूरन नपाप उतरौला ने दूकानों को बंद कराकर उसे अपना गोदाम बना लिया।? सब्जी व फल मंडी नपाप उतरौला का गोदाम बना जाने से क्षेत्र वासियों ल दूकानदारो में काफी निराशा लगी। उसके बाद व्यापारियों ने नवीन सब्जी व फल मंडी बनाने की मांग को लेकर आन्दोलन शुरू कर दिया। नवीन सब्जी व फल मंडी बनाने की मांग को लेकर व्यापारियों ने बाजार में दूकानों पर बैनर पोस्टर लगा दिया है। उसमें नेताओं को सचेत करते हुए लिखा है कि उतरौला में सब्जी व फल मंडी नहीं तो वोट नहीं। जो सब्जी व फल मंडी बनवाएगा, वोट उसी को जाएंगा। के नारों से मांग कर रहे हैं। देखना है कि किस नेता व्यापारियों की मांग पूरा करके उतरौला में नवीन सब्जी व फल मंडी बनवाएगा।

### एमजे एक्टिविटी स्कूल में चल रही क्रीड़ा प्रतियोगिता, ह्यूमनी हाउस व लिबर्टी हाउस के बीच खेला गया फाइनल मुकाबला

**उतरौला,बलरामपुर।** उतरौला के एमजे एक्टिविटी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में चल रहे क्रीड़ा प्रतियोगिता मे क्रिकेट का फाइनल मुकाबला ह्यूमैनिटी हाउस और लिबर्टी हाउस के बीच खेला गया। ह्युमैनिटी हाउस ने लिबर्टी हाउस को 21 रनों से पराजित कर ट्रॉफी अपने नाम कर लिया। विद्यालय प्रबंधक सैयद समीर रिजवी एवं प्रधानाचार्य हिमांशुधर द्विवेदी ने विजेता ह्यूमैनिटी हाउस और उपविजेता लिबर्टी हाउस टीम को ट्रॉफी प्रदान किया। ओवरऑल शानदार प्रदर्शन के लिए लिबर्टी हाउस के फहद अजमल को मैन ऑफ द सीरीज तथा फाइनल मुकाबले में सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाले ह्युमैनिटी हाउस के अंबुजधर को मैन ऑफ द मैच के पुरस्कार से नवाजा गया। लिबर्टी हाउस ने टॉस जीतकर ह्युमैनिटी हाउस को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। ह्युमैनिटी हाउस ने बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित दस ओवरों में ऑल आउट होकर जीत के लिए 53 रनों का लक्ष्य दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी लिबर्टी हाउस की शुरुआत धीमी व खराब रही। जो अंत तक नहीं संभाल सकी। लिबर्टी हाउस नौवें ओवर में 31 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। स्कूल के खेल शिक्षक मीसम अब्बास व युवा हरफनमौला खिलाड़ी खालिद खान फाइनल मैच के निर्णायक रहे। डायरेक्टर सैयद तवक्कल हुसैन उर्फ अनिल रिज़वी ने विजेता टीम को जीत का मुबारकबाद दिया। तथा उपविजेता टीम को और कठिन परिश्रम करने का सलाह दिया। अवधेश श्रीवास्तव, सिज्जू रिज़वी, कायम मेंहदी, प्रिंस कुमार मिश्रा, रविन्द्र कुमार, मेराज अहमद, केके, हर्षिता श्रीवास्तव का क्रीड़ा प्रतियोगिता आयोजन में सराहनीय योगदान रहा।

### कारागार में बंदी गरीब पुरुषों, महिलाओं बच्चों को कपड़े देने के दिए निर्देश

**उरई (जालौन)।** एडीजे व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव महेंद्र कुमार रावत ने जिला कारागार का निरीक्षण कर गरीब पुरुष बंदियों को निशुल्क अधिवक्ता देने तथा महिला बंदियों के बच्चों को सर्दी के कपड़े देने के निर्देश दिए। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एडीजे महेन्द्र कुमार रावत ने जिला कारागार का निरीक्षण किया गया। कारागार में निरुद्ध बन्दियों को विधिक साक्षरता शिविर के माध्यम से सीधे वार्ता कर अधिक से अधिक विधिक सहायता का लाभ लेने हेतु जागरूक किया गया। ऐसे बंदी जिनके पास अधिवक्ता नहीं हैं, उनके लिये निशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराने हेतु पैनेल को निर्देशित किया गया। जेल में भ्रमण कर साफसफाई की प्रशंसा की तथा महिला बन्दियों के साथ रह रहे छोटे बच्चों को सर्दी के अनुरूप सुविधाएं मुहईया कराने को कहा। इस अवसर पर जेल अधीक्षक नीरज देव, कारापाल प्रदीप कुमार, चिकित्साधिकारी डा. कुलदीप सिंह, उपकारापाल तारकेश्वर सिंह व अमर सिंह उपस्थित रहे।

### गौशालाओं में तिरपाल, अलाव के हों पुख्ता इंतजाम: डीएम

**उरई (जालौन)।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने बारिश व सर्दी को दृष्टिगत रखते हुए जनपद की समस्त गौशालाओं में त्रिपाल, अलाव व समुचित व्यवस्था बनाए रखने हेतु समस्त उप जिलाधिकारी, खंड विकास अधिकारी व राजस्व निरीक्षक द्वारा गौशालाओं का निरीक्षण कराया गया। उक्त अधिकारियों द्वारा गौशालाओं पर मौके पर पहुंचकर सर्दी से बचाव हेतु समस्त गौशालाओं में त्रिपाल व अलाव के लिए लकड़ी की व्यवस्था कराई गई। निरीक्षण के दौरान केयरटेकर को निर्देशित किया गया कि गौशालाओं में साफसफाई की बेहतर व्यवस्था रखी जाए जिससे गोवंश को परेशानी नहीं होगी। उन्होंने पशु चिकित्सा अधिकारियों को भी मौके पर बुलाकर गोवंशों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया साथ ही निर्देशित किया गया कि बारिश के मौसम में बीमार होने की संभावना अधिक होती है, इसलिए निरंतर पशु चिकित्सा अधिकारी स्वास्थ्य परीक्षण करेंगे। गौशाला संचालकों को स्पष्ट निर्देशित किया गया है कि गोवंशों के लिए सर्दी से बचाव के लिए पुख्ता इंतजाम रहे।

### प्रदेशीय योगासन प्रतियोगिता में गौरी नायक ने पाया गोल्ड मेडल

**उरई (जालौन)।** प्रदेश सरकार द्वारा आयोजित प्रदेशीय प्रतियोगिता में जनपद की गौरी नायक ने प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मैडल प्राप्त कर जालौन जिले का नाम रोशन किया हैं। प्रतिभाशाली बालिका को उक्त सफलता पर बधाईयों का तांता लगा रहा। बताते चलें कि योगासन स्पोर्ट चैम्पियनशिप 2023 आर्टिस्टिक सिंगल में प्रथम स्थान प्राप्त कर गौरी नायक का राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के चयन हुआ है। गौरी नायक के पिता शैलेंद्र नायक व माता शोभा नायक पेशे से बेसिक शिक्षा परिषद में शिक्षक है। साक्षी नगायच के मार्गदर्शन में योगासन की शिक्षा ग्रहण कर गौरी नायक ने उच्च स्थान प्राप्त हुआ है। महेंद्र सिंह भाटिया, रामराजा द्विवेदी, नरेश निरंजन, बृजेंद्र सिंह राजपूत सहित अनेकों शिक्षकों ने गौरी नायक को सफलता पर बधाई देते हुये कहा कि यदि बच्चों को उचित शिक्षा व माहौल मिले तो वह अपनी प्रतिभा को उच्च स्तर पर दिखाने में पीछे नहीं रह सकते। शिक्षक नेताओं का कहना था कि जो शिक्षकों को बंधुआ मजदूर की तरह प्रयोग करना चाहते है जब तक एक शिक्षक खुले दिमाग से तनाव रहित होकर कार्य करता है तो उसके छात्र इसी प्रकार से उत्कृष्ट प्रदर्शन करने में सफल होते हैं। जहां शिक्षक कुण्ठा ग्रस्त हुआ तो वह अपने कार्य को कुशलता पूर्वक करने में अपने को असहाय पाता है।

## विगत दिनों से पुरवा हवा एवं बूंदाबांदी से बढ़ी ठंडक

**बी पी त्रिपाठी**

**उतरौला(बलरामपुर)।** पिछले दो दिनों से हवा के साथ हो रही बूंदा-बांदी से ठंडक बढ़ गई है आलम यह है कि लोग अब गर्म सूट व कपड़े पहनना शुरू कर दिए हैं।

सुबह ठंड के साथ-साथ धुंध भी छाने लगी है। ऐसे में जिसने मौसम के अनुसार न चलने में लापरवाही बरती, तो उसका बीमार होना तय है। शुरुआत की सर्दी में बुजुर्गों व बच्चों का खास ख्याल रखना पड़ता है, अगर लापरवाही बरती गई, तो इन पर यह मौसम ज्यादा प्रभाव डालता है और बीमार कर देता है। सरकारी व निजी अस्पतालों में इन दिनों डायरिया, निमोनिया व वायरल के मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। सीएचसी अधीक्षक डॉ सीपी सिंह का कहना है कि यदि ठंड लगने पर तुरंत उपचार न किया जाए तो बच्चों व बुजुर्गों को निमोनिया हो सकता है। ऐसे में ठंड से बचाव के उपाय अपनाने बेहद जरूरी हैं।

### बीमार होने के कारण

सीएचसी उतरौला में तैनात विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ यासिर खान की मानें तो सर्दी-जुकाम, खांसी व बुखार ठंड लगने से नहीं बल्कि वायरस से फैलते हैं। शरीर जब ठंडा होता है तो नाक व गले की रक्त वाहनियां संकरी हो जाती हैं और इंफेक्शन से लड़ने वाली सफेद रक्त कोशिकाओं का प्रवाह कम हो जाता है। इससे प्रतिरोधक क्षमता में कमी आती है और शरीर आसानी से वायरस से संक्रमित हो सकता है। इसके लिए चिकित्सा विशेषज्ञ सावधानियां बरतने की सलाह देते हैं।

### सर्दी लगने पर बीमारी के लक्षण

जोर-जोर से छींक आना, तेज नाक बहना, गले में खराश या खांसी होना, शरीर में अकड़न या बुखार होना, उल्टी व दस्त लगना।

### ठंड से करें बचाव

सुबह-शाम गर्म कपड़े पहनकर घर से निकलें, ठंड पांव से शरीर में प्रवेश करती है, इसलिए पैरों में मोजे व जूते पहनें। वाहन चलाते समय हाथों में दस्ताने पहनकर रखना चाहिए। भोजन के साथ व अन्य समय में पीने के लिए थोड़ा गर्म पानी का प्रयोग करें। छोटे बच्चों को ठंडी हवा न लगने दें। सर्दियों में धूप में अवश्य बैठें।

### बीमारी का लक्षण दिखते ही लें चिकित्सकीय सलाह

छोटे बच्चों और बुजुर्गों का शरीर कमजोर होता है और जरा सी ठंड लगने पर ही वह बीमार हो जाते हैं। खासकर एक साल से कम उम्र के बच्चों की तो ठंड में देखभाल बेहद जरूरी है। ठंड में सबसे पहले वायरस गले को पकड़ता है और कुछ ही समय में पूरे शरीर में फैल जाता है। डायरिया, वायरल व निमोनिया जैसी बीमारियां होती हैं। फ्रिज में रखी ठंडी वस्तुओं का इस्तेमाल न करें। गुनगुना पानी, ग्रीन टी, गर्म सूप या दूध का सेवन करें। बीमारी के लक्षण दिखने पर तुरंत चिकित्सक की सलाह लें।

### भाजपा की भारत संकल्प यात्रा प्रतिदिन 10 गांव में जाएगी

**उरई (जालौन)।** पार्टी जनपद जालौन की विकसित भारत संकल्प यात्रा की जिला बैठक आकांक्षा रिसोर्ट उरई में संपन्न हुई बैठक के मुख्य अतिथि जिला प्रभारी अशोक जाटव रहे। उन्होंने बताया कि यह यात्रा प्रदेश के सभी जनपदों में निकाली जा रही है। इसी क्रम में अपने जनपद जालौन में पांच वैन शासन के द्वारा चलाई जा रही हैं जो प्रत्येक दिन में 10 गांव तक जाती है यह वैन वहां जाकर शासन की सभी योजनाओं को एलईडी के माध्यम से सभी को सरकार की योजनाएं बताएगी वहां पर ब्लॉक स्तर एवं जिला स्तर के अधिकारी उपस्थित रहेंगे। लाभार्थियों की कोई भी समस्या हो उसको तुरंत निस्तारण वहीं पर उसी दिन कर दिया जाता है।

## छात्रों का डाटा समय से त्रुटिहीन करें फीड : डीएम



▸ पूर्वदशम/ दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति के संबंध में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक संपन्न

**बलरामपुर। समृद्धि न्यूज**

**शासन की** मंशानुरूप आर्थिक रूप से कमजोर व होनहार छात्रों को छात्रवृत्ति का लाभ मिले इसके लिए जिलाधिकारी अरविंद सिंह द्वारा नियमित छात्रवृत्ति योजना की गहन समीक्षा की जा रही है। इसी क्रम में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद के सभी डिग्री कॉलेज के प्रिंसिपल एवं नोडल अधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक की गई। जिलाधिकारी महोदय द्वारा बैठक में छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा की एवं आवश्यक दिशानिर्देश दिए। उन्होंने कहा की सभी कॉलेज पात्र छात्रों का ऑनलाइन आवेदन करते हुए त्रुटिहीन अग्रसारित करना सुनिश्चित करें। कॉलेज स्तर पर छात्रवृत्ति फीडिंग में किसी भी प्रकार की वित्तीय अनियमितता न हो । जिलाधिकारी ने स्पष्ट रूप से निर्देश दिया कि कोई भी पात्र छात्र छात्रवृत्ति के लाभ से वंचित ना हो, छात्रवृत्ति योजना के फीडिंग कार्य के लिए डेडीकेटेड स्टाफ लगाया जाए। इस दौरान जिला समाज कल्याण अधिकारी एमपी सिंह, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## श्रीराम की लीला को देखकर अपने जीवन में भी उतारें: थानाध्यक्ष

**उरई (जालौन)।** जिला मुख्यालय से 60 किलोमीटर दूर ग्राम ब्यौनाराजा मे श्रीराम की लीला का मंचन स्थानीय बाल कलाकारो द्वारा किया जा रहा है जिसका शुभारम्भ फीता काटकर थानाध्यक्ष कैलिया नीलम सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष पत्रकार एकता संघ ओमप्रकाश उदैनियां व जिला कोर्डिनेटर कुलदीप थापक ने संयुक्त रूप से किया! संचालन की जिम्मेदारी सभाली भजन गायक वलवीर राजपूत ने! अन्य अतिथियो मे रहे नगर पालिका कोच के सभासद प्रतिनिधि आवेश जाटव, पत्रकार एकता संघ के तहसील महामंत्री अमन पटेल आदि! अतिथियो ने मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के मुकुट की पूजा अर्चना की तदुपरांत श्रीराम लीला समिति के आयोजको द्वारा अतिथियो को पुष्पाहार पहिनाया और अंग वस्त्र ओढाकर सम्मानित किया! दर्शको सम्बोधित करते हुये थानाध्यक्ष कैलिया नीलम सिंह ने कहा श्रीराम की लीला को देखकर प्रेरणा ले और दैनिक जीवन उतारे तभी लीला देखना और कराना सार्थक होगा, पत्रकार एकता संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष ओमप्रकाश उदैनियां ने कहा की श्रीराम के आदर्शो को दर्शको और मंचन करने वाले कलाकारो दोनो को ही हृदयांगम करना चाहिये! जिला कार्डिनेटर सोशल आडिट कुलदीप थापक ने कहा श्रीराम की लीला का मंचन कराने का उद्देश्य है आदर्श नागरिक वनना! इस दौरान श्रीराम की भूमिका निभा रहे और समिति के संयोजक रामहरि कुशवाहा, जगत सिंह पाल, रामअवतार कुशवाहा, रावण अभिनेता , पत्रकार भूरेलाल कुशवाहा, हरीसिंह कुशवाहा, हरीमोहन रायक्वार, गोविंद सिंह कुशवाहा, विकास झा, राकेश पांचाल, मुकीम खान, कलीम खान, जीतेन्द्र बुन्देला, समाजसेविका गिरिजा देवी पांचाल, रामकली पाल, छोटू सक्सेना, अशोक कुशवाहा, जगत सिंह कुशवाहा, पवन सविता, कृष्ण मुरारी वर्मा, कल्लू परिहार, अवधेश व्यास आदि उपस्थित रहे।

## हिमांचल साहनी बनाए गए कांग्रेस पिछड़ा विभाग के जिलाध्यक्ष

**सोनभद्र। समृद्धि न्यूज**



**जनपद** में कांग्रेस पार्टी के संगठन में मजबूती लाने के उद्देश्य से कांग्रेस पिछड़ा विभाग के जिला अध्यक्ष हिमांचल साहनी का मनोनयन किया गया है।इस कड़ी में मंगलवार को कांग्रेस पार्टी के जिला कार्यालय रावर्टसगंज में जिला अध्यक्ष रामराज सिंह गोड़ की अध्यक्षता में एक संगोष्ठी आयोजित किया गया। जिसमें कांग्रेस पार्टी पिछड़ा विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष दौलत सिंह पटेल मुख्य अतिथि एवं श्याम लाल निषाद अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। बैठक में शामिल रहे कांग्रेस जनों को संबोधित करते हुए दौलत सिंह पटेल ने कहा कि जाति जनगणना को लेकर सभी वर्गो को सहयोग करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि इससे सभी को संवैधानिक अधिकार और राष्ट्रीय विकास की मुख्य धारा से जोड़ा जा सकेगा। इस लिए गांव -गांव जाकर हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है।इस मौके पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रामराज सिंह गोड़ ने कहा कि सभी तरह के भेदभाव भुलाकर एकजुट होकर जनहित में निरंतर योगदान देते हुए कांग्रेस पार्टी को और अधिक ऊर्जावान बनाए जाने की जरूरत है। इसी कड़ी में श्याम लाल निषाद ने कहा कि इस समय सोनभद्र में जल जंगल और जमीन के स्वामी तीनों जिले की कमान संभाली ली है। इसलिए अब संगठन को मजबूत करने में मदद मिलेगी। इस मौके पर निगम मिश्रा, रामकेश पनिका ने भी सम्बोधित किया। बैठक के दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष दौलत सिंह पटेल की पहल पर प्रदेश कांग्रेस पिछड़ा विभाग के प्रदेश अध्यक्ष मनोज यादव द्वारा नव नियुक्त जिला अध्यक्ष हिमांचल साहनी को मनोनयन पत्र दिया गया।बैठक का संचालन नगर अध्यक्ष राजीव कुमार त्रिपाठी ने किया। मौजूद लोगों में नीरज पटेल, अर्जुन साहनी, मुकेश निषाद,विवेक सिंह,महातीम सिंह, गणेश कन्नौजिया, राजेन्द्र प्रसाद निषाद,रोहित निषाद आदि शामिल रहे।

## साहित्यिक विधाओं को सीधे समाज के समक्ष लाने की पहल करेगी कालापण

**उरई (जालौन)।** साहित्य सृजन के साथ-साथ उसकी विविध विधाओं को सीधे समाज के समक्ष लाने की जरूरत को महसूस करते हुए अब साहित्य प्रेमी और वरिष्ठ साहित्यकारों में कुछ ऐसा नया करने की दिशा में चिंतन और मनन प्रारंभ हुआ है जो साहित्य को आम जनमानस तक सीधे जोड़ने का काम करेगा कालापन संस्था की प्रथम साहित्य सभा में कुछ इस तरह के संकल्प लिए गए इस अवसर पर कवियों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से भी विचार व्यक्त किए। कलार्पण संस्था के सह मंत्री ब्रह्मप्रकाश अवस्थी के आवास पर आयोजित साहित्य सभा में प्रदेश अध्यक्ष दिगंबर नारायण तिवारी ने कहा कि मौजूदा समाज में साहित्य के प्रति चेतना बढ़ाना नितांत आवश्यक है साहित्य समाज का दर्पण होता है और अब यह बेहद जरूरी है कि समाज के समक्ष वह वास्तविक स्थिति से उसे अवगत कराए। साहित्य सभा का संचालन कर रहे संस्कृत विद्वान एवं कवि राम शंकर गौड़ ने अपने गीत अंधकार युत निर्धन के घर खुशियों के लघु दीप जलाएं, आओ दीपावली मनाएं। पढ़कर समाज में व्याप्त अंधकार को दूर करने के लिए कुछ नया और बेहतर साहित्य सृजन की दिशा में प्रेरित किया। इसी क्रम में प्रख्यात कवियत्री श्रीमती शिखा गर्ग ने कहा कि मन पागल है, मन चंचल है, मन से जीवन की हलचल है प्रस्तुत कर सभा को अभिभूत कर दिया, इसी क्रम में श्रीमती शिरोमणि सोनी ने अपनी रचना-छवि निराली बसी है मन में, सुदबुध कहां रह गई है तन में।भजन पढ़कर सभी का मन मोह लिया वहीं श्रीमती दीपशिखा सोनी जी ने नारी शक्ति को अर्पित करते हुए कहा कि जिस घर में होता नही, नारी का सम्मान। देवी पूजन व्यर्थ है, व्यर्थ वहाँ सब दान। इसी क्रम को आगे बढ़ाते हुए रमाशंकर व्यासजी ने कहा कि मच्छर तक जो मार न पाया, पाया शिखर सम्मान। ये कैसा भारत देश महान। हरिराम ओमरे, रानू प्रजापति, अरविन्द स्वर्णकार, ज्ञानेन्द्र कुमार, रामकुमार जादौन, विनय सिंह सेंगर आदि ने अपनी रचना एवं विचार रखे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिवराम अवस्थी ने की।

संकल्प यात्रा

भारत संकल्प यात्रा का भाजपाइयों ने किया जोरदार स्वागत

## राज्य मंत्री ने सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का किया आह्वान

**चोपन/ सोनभद्र। समृद्धि न्यूज**

**मंगलवार को** विकसित भारत संकल्प यात्रा चोपन मण्डल के करगरा व टापू गांव पहुंचा जहाँ करगरा में बतौर मुख्य अतिथि समाज कल्याण राज्य मंत्री संजीव गोंड़ ने ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत 2047 तक विकसित बनने के मार्ग पर तेजी से आगे बढ़ रहा है जिसका संकल्प हम सभी भारतीयों को लेना है साथ ही विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से गांव गांव में लोगों को केन्द्र सरकार की योजनाओं के प्रति जागरूक करना है ।यात्रा में विशिष्ट अतिथि के रूप में पहुंचे भाजपा जिला अध्यक्ष नन्दलाल गुप्ता ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से भाजपा के सभी कार्यकर्ता गांव गांव में लोगों को इस अभियान में जोड़ कर पात्रो तक



योजनाओं को पहुचाने में लग जाये ।कार्यक्रम में जिला प्रभारी अमरनाथ यादव ने कहा कि मोदी सरकार भारत के गांव गरीब और किसानों के साथ सभी मोर्चो पर पुरी पारदर्शिता व बिना भेदभाव के काम कर रही है जिसके फलस्वरूप भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में सभी कार्यकर्ता व नागरिक अपना योगदान दें ।ग्राम पंचायत टापू में कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य श्री मती उत्तरा त्रिपाठी प्रतिनिधि संजीव तिवारी व चोपन मंडल अध्यक्ष सुनील सिंह ने मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों का माल्यार्पण व अंगवस्त्र से स्वागत किया। चोपन विकास खण्ड अधिकारी शुभम् बरनवाल नें सभी अतिथियों का स्वागत व आभार प्रकट किया। यात्रा में प्रमुख रूप से चोपन मण्डल के यात्रा संयोजक तेजवन्त पाण्डेय ,जिला कार्यसमिति सदस्य डा सुरेन्द्र मौर्य, प्रदीप अग्रवाल, डा सतेन्द्र आर्य,सत्यप्रकाश तिवारी, मण्डल उपाध्यक्ष प्रेम पटेल, मनीष प्रताप सिंह, संदीप पाण्डेय, धर्मेन्द्र जायसवाल ,मण्डल मंत्री, सत्यदेव पाण्डेय, बृजेश पाण्डेय, हिमांशु आर्य, जितेन्द्र पाठक, बूथ अध्यक्ष छोटेलाल साहनी सेने साहनी इत्यादि कार्यकर्ता रहे कार्यक्रम का संचालन राजेश अग्रहरी ने किया।

# ग्राम पंचायत तेरामल्लू में विकसित भारत संकल्प यात्रा का हुआ कार्यक्रम

- ग्रामीणों को शासन द्वारा चलाई जा रहीं महत्वपूर्ण योजनाओं की दी गई जानकारी
- अन्नप्राशन कार्यक्रम में महिलाओं की हुई गोद भराई





**कन्नौज,समृद्धि न्यूज**

**मंगलवार को** सदर तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत तिखवा एवं ग्राम पंचायत तेरामल्लू में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन हुआ। इस दौरान ग्रामीणों को शासन द्वारा चलाई जा रहीं महत्पूर्ण योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही विद्यालय के बच्चों द्वारा गायन प्रतियोगिता, नृत्य प्रतियोगिता एवं क्विज प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। वहीं कार्यक्रम स्थल पर ही गोद भराई और अन्नप्राशन कार्यक्रम भी संपन्न हुआ। सदर तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत तिखवा में आयोजित हुए विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष वीरसिंह भदौरिया ने की।

इस अवसर पर शासन द्वारा चलाई जा रही महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी तथा 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने में सहयोग करने हेतु शपथ भी दिलाई। कार्यक्रम में एलईडी वन के माध्यम से गांववासियों को सरकार की प्रमुख योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। साथ ही ग्राम विकास विभाग, पंचायतीराज विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पशु चिकित्सा विभाग, कृषि विभाग, जल निगम विभाग समाज कल्याण विभाग, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग से संबंधित लगे स्टालों पर योजनाओं से संबंधित जानकारी प्राप्त करते हुए आवेदन किए। उक्त कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चों द्वारा गायन प्रतियोगिता, नृत्य प्रतियोगिता एवं क्विज प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया, प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र के साथ पुरस्कार भी प्रदान किया गया।

इस अवसर पर गोद भराई और अन्नप्राशन कार्यक्रम को भी संपन्न कराया गया। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष जीतू तिवारी, ब्लॉक प्रमुख रामू कठेरिया, खंड विकास अधिकारी अमित कुमार सिंह, कुलदीप दोहरे, सोनू ठाकुर, संजय पाठक, ग्राम प्रधान अलाउद्दीन, ग्राम पंचायत सचिव विनीत कुमार एवं पार्टी के कार्यकर्ता समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# संकुल स्तरीय पीएस अलीनगर थर्ड पार्टी एसेसमेंट में निपुण विद्यालय घोषित

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़**



**राज्य परियोजना** कार्यालय लखनऊ के द्वारा परिषदीय विद्यालयो की निपुण कक्षाओं में अध्यनरत छात्र छात्राओं का निपुण लक्ष्य ऐप के माध्यम से थर्ड पार्टी के द्वारा ऑन स्पॉट वेस असेसमेंट कराए जाने के संबंध में विगत माह में दिशा निर्देश जारी किए गए थे। जिसके अनुपालन में जिला शिक्षा एव प्रशिक्षण संस्थान डायट छिब्रामऊ के द्वारा डीएलएड प्रशिक्षुओ की टीमो को गठित करके लगाया गया। डाइट छिब्रामऊ के द्वारा गठित डीएलएड प्रशिक्षुओ की टीम के सदस्य राघव राजपूत व आलोक कुमार के द्वारा मंगलवार को क्षेत्र के संकुल स्तरीय प्राथमिक विद्यालय अलीनगर की निपुण कक्षाओं में अध्यनरत छात्राओं का निपुण लक्ष्य ऐप के माध्यम से ऑनस्पॉट वेस असेसमेंट किया गया। जिसमें कक्षा एक, दो व तीन में अध्यनरत छात्र छात्राओं का ऑन स्पॉट वेस असेसमेंट करने पर निपुण लक्ष्य ऐप खुलने वाले क्रमशः नौ में सात, बारह में ग्यारह व बारह में दस बच्चे निपुण पाए जाने पर विद्यालय को निपुण विद्यालय घोषित किया गया। इसी प्रकार क्षेत्र के संकुल स्तरीय प्राथमिक विद्यालय दानेहर व रुदौली को भी डीएलएड प्रशिक्षुओ के द्वारा निपुण घोषित गया। इस मौके पर प्रधानाध्यापक अवध नारायण, विजय कुमार, प्रगति कुमार, सिराज अहमद, अभिषेक कुमार, प्रीति यादव, अमन राव, जितेंद्र प्रताप शिक्षामित्र पंकज सिंह सहित आदि रहे।

# अधिकारियों की मौजूदगी में हुई 48 वाहनों की नीलामी

- ऑपरेशन क्लीन के तहत हुआ नीलामी का आयोजन
- नगर सहित क्षेत्र के 21 लोगों ने नीलामी में लगाई बोली

**गुरसहायगंज, कन्नौज। समृद्धि न्यूज**



नीलामी के दौरान मौजूद एसडीएम, सीओ सदर, एआरटीओ व कोतवाल — समृद्धि न्यूज

**स्थानीय कोतवाली** परिसर में ऑपरेशन क्लीन के तहत अधिकारियों की मौजूदगी में नीलामी का आयोजन किया गया। जिसमें कोतवाली में खड़े कुल 48 वाहनों के लिए सार्वजनिक नीलामी की गई। नगर सहित क्षेत्र के 21 लोगों ने नीलामी प्रक्रिया में भाग लेकर बोली लगाई। नीलामी के बाद लाखों रुपये का राजस्व बसूला गया।

मंगलवार को उप जिलाधिकारी छिब्रामऊ उमाकांत तिवारी, सीओ सदर डॉक्टर प्रियंका बाजपेई, एआरटीओ इज्या तिवारी, संयुक्त निदेशक अभियोजन प्रदीप कुमार मिश्रा की मौजूदगी में कोतवाली निरीक्षक जेपी शर्मा ने कोतवाली परिसर में वाहनों की नीलामी का आयोजन किया गया। जिसमें लंबित माल, लावारिस, एमबी एक्ट से संबंधित सीज शुदा 48 वाहनों को नीलामी के लिए रखा गया। जिसमें एक ट्रक, एक मारुति व 46 मोटरसाइकिल की सार्वजनिक नीलामी कराई गई। इस दौरान नगर सहित क्षेत्र के कुल 21 लोगों ने बोली लगाई। तिर्वा निवासी सुनील कुमार के द्वारा आखिरी बोली 07 लाख 55000 रूपये की लगाई गई। जिसपर अधिकारियों ने नीलामी प्रक्रिया को पूर्ण किया और जीएसटी सहित कुल 8,55,500 रूपये का राजस्व बोली लगाने वाले युवक से जमा कराया।

# आलू एवं आम की फसलों को समसामयिक रोगों एवं व्याधियों से बचाएं: जिला उद्यान अधिकारी

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज।** वातावरण एवं तापमान में गिरावट तथा बूंदाबांदी की स्थिति में आलू की फ़सल पिछेती झुलसा रोग के प्रति अत्यन्त संवेदनशील है। प्रतिकूल मौसम विशेषकर बदलीयुक्त बूंदा-बांदी एवं नम वातावरण में झुलसा रोग का प्रकोप बहुत तेजी से फैलता है तथा फ़सल को भारी क्षति पहुँचती है।उक्त जानकारी देते हुए जिला उद्यान अधिकारी सीपी अवस्थी ने बताया कि पिछेती झुलसा रोग के प्रकोप से पत्तियां सिरे से झुलसना प्रारम्भ होती है, जो तीव्र गति से फैलती है। पत्तियों पर भूरे काले रंग के जलीय धब्बे बनते है तथा पत्तियों की निचली सतह पर रूई की तरह फ़्फूंद दिखाई देती है। बदलीयुक्त 80 प्रतिशत से अधिक आर्द्र वातावरण एवं 10-20 डिग्री तापकम में इस रोग का प्रकोप बहुत तेजी से होता है और 2 से 4 दिनों के अन्दर सम्पूर्ण फ़सल नष्ट हो जाती है। आलू की फ़सल को पिछेती झुलसा रोग से बचाने के लिए मैन्कोजेब अथवा प्रोपीनेब 2-2.5 किलोग्राम का 800 से 1000 ली0 पानी में घोल बनाकर छिड़काव करें। जिन खेतों में पिछेती झुलसा रोग का प्रकोप हो गया है तो ऐसी स्थिति में डाईमेथोमार्फ 1.0 ग्राममैन्कोजेब का 2.0 ग्राम (कुल मिश्रण 0.3 प्रतिशत, अर्थात 3 ग्राम प्रति लीटर पानी) या साइमोक्सानिलमैन्कोजेब दवा का 3 ग्राम प्रति लीटर घोल बनाकर छिड़काव करें। आवश्यकतानुसार उपरोक्त फ़्फूंदनाशकों का पुनः 7 से 10 दिन के अन्तराल पर छिड़काव दोहरायें। श्री अवस्थी ने बताया कि आम की अच्छी उत्पादकता सुनिश्चित करने हेतु गुजिया कीट (मैंगो मिलीबग) से बचाया जाना अत्यन्त आवश्यक है।

# खबरें चलते-चलते

## कोर्ट के आदेश पर युवक की हत्या करने का मुकदमा दर्ज

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** युवक के मजदूरी का बकाया पैसा देने का लालच देकर चार लोग दिल्ली ले गए और वहां मारपीट करते हुए गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। बीच बचाव करने आई मृतक की पत्नी को भी मारपीट कर घायल कर दिया। मृतक के पिता ने न्यायालय के आदेश पर कोतवाली में आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। क्षेत्र के ग्राम यादव नगर निवासी राम भरोसे ने न्यायालय के आदेश पर दर्ज कराए मुकदमे में बताया है कि 04 अक्टूबर को ग्राम ज्ञानपुर निवासी पवन सिंह, अनिल कुमार, मुलायम सिंह अपने एक अज्ञात साथी के साथ उसके घर पर आए और उसके पुत्र राजू को मजदूरी का बकाया पैसा देने का लालच देकर अपने साथ दिल्ली ले गए। जब उसके पुत्र ने बकाया पैसा मांगा तो उसके पुत्र को दिल्ली में बने घर में घुसकर मारपीट की और गला दबाकर हत्या कर दी। इस दौरान बीच बचाव करने आई उसकी पत्नी मालती को भी उक्त लोगों ने मारपीट कर घायल कर दिया एवं जान से मारने की धमकी दी।

## बहनों से मारपीट कर दुष्कर्म करने का प्रयास

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** दबंगों ने घर में घुसकर किशोरी के साथ दुष्कर्म करने का प्रयास किया और विरोध करने पर उसे व उसकी बहन को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित किशोरी की मां ने न्यायालय के आदेश पर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। क्षेत्र की नगर पंचायत निवासी पीड़िता की मां ने न्यायालय के आदेश पर कोतवाली में दर्ज कराए मुकदमे में बताया है कि 29 अक्टूबर को समधन के किदवई नगर निवासी जकील और नासिर उसके घर में घुस आए और उसकी 13 वर्षीय पुत्री के साथ दुष्कर्म करने का प्रयास किया। बीच बचाव करने आई दूसरी पुत्री से भी अभद्रता की और चाकू से हमला कर घायल कर दिया। इसके बाद जागीर, दबीर और तनवीर भी मौके पर आए और उसकी दोनों पुत्रियों के साथ से मारपीट की एवं जान से मारने की धमकी भी दी। कोतवाली पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर पांच लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## लापता किशोरी घर के कमरे से हुई बरामद

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** घर से स्कूल गई किशोरी अचानक लापता हो गई। परिजनों ने खोजबीन करने के बाद पुलिस को सूचना दी। इसके बाद देर रात किशोरी घर के कमरे में बरामद हो गई। किशोरी के पिता ने कोतवाली पुलिस को पुत्री के मिलने की सूचना दी। क्षेत्र के ग्राम सराय प्रयाग निवासी कुलदीप कुमार ने कोतवाली पुलिस को बताया कि 04 दिसंबर को उसकी 13 वर्षीय पुत्री रिया उर्फपूजा स्कूल में पढ़ने की बात कह कर सुबह घर से गई थी। जब वह दोपहर बादघर वापस नहीं लौटी तो उन्होंने अपनी पुत्री की आस पड़ोस और रिश्तेदारी में काफी खोजबीन की। कोई भी सुराग नहीं लगा तो पुलिस को सूचना दी। देर शाम किशोरी घर के भूसे वाले कमरे में बरामद हो गई है।

## खरौआ गांव में रोड पर पानी भरा होने के कारण ग्रामीणों ने किया विरोध प्रदर्शन

**छिबरामऊ कन्नौज।** ग्राम पंचायत प्रेमपुर नगला खरौआ गांव में रोड पर पानी भरा होने के कारण ग्रामीणों ने किया विरोध प्रदर्शन। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार प्रधान से भी कहा लेकिन अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई सड़क भी खराब पड़ी हुई है कई महीनो से नालियां भी टूटी पड़ी है लेकिन प्रधान द्वारा कोई कार्य नहीं किया गया आज ग्रामीण प्रदर्शन करते हुए उच्च अधिकारियों से जल भराव व सड़क सही कराए जाने की मांग की जल भरा होने से गांव में संक्रामक रोग पहले की आसान का प्रबल बनी हुई है।

## दो बाल श्रमिकों को कराया गया श्रम मुक्त

**छिबरामऊ कन्नौज।** उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार श्रम विभाग के अधिकारियों ने बाल श्रमिक उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत दो बाल श्रमिकों को कर मुक्त। श्रम अधिकारी अरविंद कुमार नेगी ने कोतवाली पुलिस के साथ शहर में दुकानों पर डाला छापा जिसमें दो दुकानों से बाल श्रमिकों को मुक्त कराया गया घटना की जानकारी मिलते ही होटल मालिक व चाय के दुकानदारों ने अपनी अपनी दुकानों से बाल श्रमिक रफू चक्कर कर दिए।

# पत्नी से हुए विवाद में युवक ने पेट्रोल डालकर खुद को लगाई आग

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** मंगलवार को ग्राम दंदौरा खुर्द में एक युवक ने अपने उपर पेट्रोल डालकर आग लग ली। जिससे परिजनों में हड़कम्प मच गया। आनन-फ़ानन परिजनों व पास पड़ोसियों ने किसी तरह युवक के कपड़ों में लगी आग को बुझायालेकिन तब तक युवक गंभीर रुप से झुलस चुका था। गम्भीर हालत में युवक को परिजनों ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसका उपचार चल रहा है। जानकारी के अनुसार सदर कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत मानीमऊ पुलिस चौकी क्षेत्र के ग्राम दंदौरा खुर्द निवासी 34 वर्षीय राघवेंद्र सिंह उर्फ मोनू ने अपने ही घर के बाहर पेट्रोल डालकर खुद को आग लगा ली। जब तक परिजन कुछ समझ पाते, तब तक वह बुरी तरह झुलस गया। आसपास मौजूद लोगों ने किसी तरह उसके कपड़ों में लगी आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक उक्त युवक गंभीर रुप से झुलस चुका था। आनन-फ़ानन परिजनों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। ग्रामीणों ने बताया कि राघवेंद्र उर्फ मोनू का किसी बात को लेकर अपनी पत्नी से विवाद हो गया था। जिसके बाद पत्नी घर के काम में लग गई, जबकि मोनू ने घर के बाहर खड़ी बाइक से पेट्रोल निकाल लिया और खुद पर डालकर आग लगा ली। मोनू को जलता देख परिजनों में हड़कम्प मच गया। परिजनों का कहना है कि 1 वर्ष पहले एक्सप्रेस-वे पर मोनू का एक्सीडेंट हो गया था, जिसमें वह घायल हो गया था। तब से मोनू का इलाज कानपुर के एक डॉक्टर से कराया जा रहा था। मोनू की दिमागी हालत भी ठीक नहीं है। जिससे वह चिड़चिड़ा हो गया। मंगलवार को उसकी पत्नी ने उससे गुस्से में कुछ कह दिया। जिससे वह नाराज हो गया और फ़िर खुद पर पेट्रोल छिड़क कर आग लगा ली। राघवेंद्र के 3 बच्चे हैं और वह मोटर मैकेनिक का काम करता है।

# भरपूर उपज हेतु मृदा स्वास्थ्य आवश्यक: प्रिया शाक्य

- विश्व मृदा दिवस पर किसानों को किया गया सम्मानित

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज**




कार्यक्रम में मौजूद जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य व प्रशस्ति पत्र के साथ मौजूद किसान

**कृषि विज्ञान** केंद्र अनौगी द्वारा आयोजित विश्व मृदा दिवस के अवसर पर कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रिया शाक्य जिला पंचायत अध्यक्ष ने किसानों को प्रेरित करते हुए मृदा स्वास्थ्य पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि अधिकतम उत्पादन प्राप्त करने के लिए मिट्टी में आवश्यक पोषक तत्वों की मात्रा के अलावा मित्र जीवाणु का होना अति आवश्यक है। केंद्र के अध्यक्ष डॉ वी.के.कन्नौजिया ने किसानों को मिट्टी के नमूने लेने तथा मृदा परीक्षण को आवश्यक बताते हुए उसी अनुसार उर्वरकों के प्रयोग हेतु किसानों को प्रेरित किया। उन्होंने खेतों में गोबर की खाद, वर्मी कम्पोस्ट तथा जैव उर्वरकों के प्रयोग के बारे में बताया। मृदा वैज्ञानिक डॉ अरविंद कुमार ने किसानों को उर्वरकों के संतुलित प्रयोग के फ़ायदों के बारे में जानकारी दी। तथा प्राकृतिक खेती में बीजामृत,जीवामृत तथा घन जीवामृत बनाने तथा प्रयोग विधि की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर उद्यान वैज्ञानिक डॉ अमर सिंह ने सब्जियों में खादों तथा उर्वरकों के प्रयोग के बारे में बताते हुए सावधान किया की सिंचाई के पूर्व अथवा पहले यूरिया का प्रयोग करने से नुकसान होता है। गृह वैज्ञानिक डॉ पूनम सिंह ने बताया कि मिट्टी मानव स्वास्थ्य के लिए कई मानकों में महत्वपूर्ण है। मृदा स्वास्थ्य में गिरावट के मानव स्वास्थ्य पर गंभीर परिणाम हो सकते हैं। इसलिए गृह वाटिका में सब्जी उगाने के लिए केचुएं की खाद का प्रयोग करें।उन्होंने केचुए की खाद तैयार करने की तकनीक पर चर्चा की। इस अवसर पर 10 प्रगतिशील कृषकों को सम्मानित किया गया। जिनमें सुरेंद्र बहादुर सिंह, सर्वेश कुमार पांडे, राकेश कटियार, श्रवण कुमार आदि सम्मिलित रहे। इस मौके पर लगभग 100 से अधिक कृषक एवं कृषक महिलाओं ने भाग लिया।

# शिविर में महिलाओं व बालिकाओं को दी गई कानूनी जानकारी

- कम्पोजिट विद्यालय ग्राम नजरापुर में महिलाओं के हित संरक्षण कानून विषय पर लगाया गया जागरूकता शिविर

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज।** महिलाओं के हित संरक्षण कानून विषय पर कम्पोजिट विधालय ग्राम नजरापुर में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर लगाया गया। शिविर की अध्यक्षता अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की पूर्णकालिक सचिव लवली जयसवाल ने की। शिविर में घरेलू महिलाओं कामगार महिलाओं एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्री आशा बहुएं, स्वयं सहायता समूह, अध्यापिका, 15 वर्ष से अधिक उम्र की छात्राओ को संबोधित करते हुये प्राधिकरण की सचिव ने कहा कि जागरूकता महिलाओं के संवैधानिक एवं विधिक अधिकारों को प्राप्त करने का माध्यम है। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम पर चर्चा करते हुये उन्होंने बताया कि बाल विवाह में शामिल व्यक्ति के लिये 2 वर्ष की कठोर सजा का प्रावधान किया गया है। पास्को एक्ट पर चर्चा करते हुये उन्होंने महिलाओं को विस्तार से जानकारी दी। वहीं घरेलू हिंसा से महिलाओं का सरक्षण अधिनियम 2005 पर चर्चा करते हुये बताया कि घरेलू हिंसा से पीड़ित महिला को उसी घर में रहने का अधिकार प्राप्त है। कार्यस्थल पर महिलाओं को लैंगिक उत्पीडन से बचाने के लिये आंतरिक परिवाद समिति व क्षेत्रीय परिवाद समिति का गठन किया गया है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को संपत्ति के अधिकार पर बराबरी का अधिकार प्राप्त है। सीनियर सिटीजन एक्ट के अंतर्गत वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों को सरक्षण प्रदान किया गया है। इसके अलावा उन्होने पारिवारिक कानून एवं भारतीय दंड संहिता के प्रावधानों पर जानकारी दी। एवं पीसीपीएनडीटी एक्ट 1994 व एमटीपी एक्ट एवं पॉस एक्ट के बारे में चर्चा करते हुये विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर सर्वाइकल कैंसर के सम्बन्ध में जानकारी देते हुये बताया कि सर्वाइकल कैंसर मुख्य रूप से कम उम्र में बालिकाओं का विवाह तथा शारीरिक संबंध स्थापित होने, एवं महिलाओं में किसी भी प्रकार के संचारी यौन रोग सर्वाइकल कैंसर का कारण बन सकते है, कमजोर प्रतिरक्षा किडनी के रोगी, एड्स इत्यादि के रोगियों को असुरक्षित यौन सम्बन्ध करने से सर्वाइकल कैंसर का खतरा हो सकता है। महिलाओं एवं बालिकाओं को विशेष रूप से समझाया गया कि असुरक्षित यौन सम्बनध करने से उनको इस भयंकर बीमारी की चपेट में ला सकता है। अनियमित रक्त स्राव अथवा सफेद स्राव का होना इसके प्रारम्भिक लक्षण हो सकते है। सर्वाइकल कैंसर का टीका एचपीवी 9 से 12 वर्ष की अवस्था में लग सकता है। शिविर में मो0 सैफसहायक व दीपक श्रीवास्तव ने बताया कि महिलाये वैवाहिक विवादों के संदर्भ में मध्यस्थता के माध्यम से समाधान करा सकती हैं। वही अलगाव की स्थिति में उन्हें गुजारा भत्ता पाने का अधिकार प्राप्त है। उन्होने बताया कि वैवाहिक विवादों के संदर्भ में प्री-लिटिगेशन के माध्यम से मध्यस्थता के द्वारा वैवाहिक विवादों का समाधान कराया जा सकता है। शिविर में मौजूद सदर तहसीलदार रामशंकर झां ने भी महिलाओं सम्बन्धित सरकार द्वारा चलाई जा रहीं योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। शिविर में बसन्तराम, लिपिक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कन्नौज, के साथ साथ विद्यालय के शिक्षकगण भी मौजूद रहे।

**वितरण समारोह** | उजागर लाल डिग्री कॉलेज में विधायिका ने 34 छात्र-छात्राओं को वितरित किए स्मार्टफोन

# स्मार्टफोन पाकर खुशी से चहके छात्र-छात्राएं



बच्चों को स्मार्टफोन वितरित करती विधायक अर्चना पांडे



स्मार्टफोन मिलने के बाद खुशी का इजहार करते सभी छात्र-छात्राएं — समृद्धि न्यूज

**समधन,समृद्धि न्यूज़**

**क्षेत्र के ग्राम** टपकापुर उजागर लाल डिग्री कॉलेज में उत्तर प्रदेश सरकार की स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें छिबरामऊ विधायक अर्चना पांडे ने छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित करने के उपरांत कहा कि छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य के लिए प्रदेश व केंद्र सरकार हमेशा तत्पर हैं।

मंगलवार को स्मार्टफोन टेबलेट वितरण कार्यक्रम में छिबरामऊ विधायक अर्चना पांडे ने कहा कि शिक्षा को छात्र-छात्राएं शस्त्र की तरह प्रयोग कर सकते हैं शिक्षा शस्त्र की तरह होती है जिस छात्र-छात्राएं अपने उज्जवल भविष्य के लिए प्रयोग कर सकते हैं उन्होंने कहा कि हमारी सरकार डिजिटल भारत के निर्माण का कार्य कर रही है इसीलिए समान रूप से सभी छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन एवं टैबलेट वितरित कर उनके कल्याण के लिए एक मिशन की तरह काम कर रही है उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा जो स्मार्टफोन छात्र-छात्राओं को दिए जा रहे हैं उनका सदुपयोग करें शिक्षा की नई पद्धति से ज्ञान अर्जित करने के लिए स्मार्टफोन बहुत उपयोगी है इससे पूर्व विद्यालय के संचालक कृपा रामपाल ने जानकारी देते हुए बताया कि 2022 के पास आउट बीएससी के 34 छात्र एवं छात्राओं को स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत स्मार्टफोन वितरित किए गए हैं। उधर कार्यक्रम के आयोजन प्रबंधक राजा रामपाल,प्रधानाचार्य कृपा रामपाल, भाजपा नेता राजीव ठाकुर, श्रवण कुमार पाल, पूर्व प्रधान कौशलेंद्र सिंह, पप्पू ठाकुर, नागेंद्र सोलंकी, बड़े बाबू आरपी सिंह, पीसी गोल्डन आदि ने छिबरामऊ विधायक अर्चना पांडे का स्वागत किया इस मौके पर मुख्य रूप से संतराम पाल, राम रहीम पाल, रामलाल, सतीश यादव, राजवीर, अजय पाल, राम अवतार, संजीव चतुर्वेदी, आदि सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

मेजर एस.डी.सिंह पी.जी.आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज एण्ड हास्पिटल-फतेहगढ़





# चरित्र पर संदेह के शक में नशेड़ी पति ने पत्नी को पीट-पीटकर उतारा मौत के घाट

## घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल डंडा बरामद, हत्यारोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज**

**अवैध संबंध** के शक में नशेड़ी पति ने अपनी पत्नी को सोते समय डंडे से अनगिनत प्रहार कर मौत के घाट उतार दिया। पुलिस ने हत्यारोपी को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल डंडा बरामद कर लिया है।

जानकारी के अनुसार कमालगंज थाना क्षेत्र के ग्राम नगला जोध निवासी धीरेन्द्र उर्फ रिंकू ठाकुर सोमवार को देर रात लगभग 11 बजे शराब पीकर घर पहुंचा। उस समय उसकी पत्नी आरती 32 साल गहरी नींद में अपने बच्चों के साथ बरामदे में सो रही थी। रिंकू ठाकुर ने सोई हुई पत्नी के सर पर लकड़ी की फंटी से कई बार किये। जिससे उसकी मौके पर भी मृत्यु हो गई। शोर-शराबा की आवाज सुनकर जागे बच्चों ने अपनी मां को लहूलुहान देखा, तो इस बात की सूचना आसपास के रहने वाले पड़ोसियों को दी। आसपास के लोगों ने फौरन पुलिस को इस बात की जानकारी दी। सूचना पर कमालगंज थाना अध्यक्ष राजेश राय, खुदागंज चौकी प्रभारी दीपक कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने महिला को कमालगंज भिजवाया। जहां पर डॉक्टर मानसिंह वर्मा ने महिला को मृत्यु घोषित कर दिया। आरती की हत्या की खबर पुलिस द्वारा मायके वालों को दी गई। सूचना पर पहुंचे आरती के पिता उदय भान सिंह व भाई राजीव सिंह निवासी ग्राम डूंगरपुर कोतवाली मोहम्मदाबाद अपनी बहन की हत्या की रिपोर्ट दर्ज करवाई। जिसमें कहा गया उसके बहनोई रिंकू ने बहन आरती को पीट-पीटकर मार डाला। उसने अपनी बहन आरती का विवाह 12 वर्ष पूर्व रिंकू के साथ किया था। आरती के 2 पुत्र उत्कर्ष 10 वर्ष एवं उत्सव 8 वर्ष, पुत्री प्रज्ञा 6 वर्ष तीन बच्चे हैं। कमालगंज थाना अध्यक्ष राजेश राय ने बताया पत्नी के हत्यारोपी को पुलिस ने रजीपुर चौराहे से गिरफ्तार कर लिया है एवं घटना स्थल से आलाकत्ल बरामद कर लिया है। वहीं हत्यारोपी पति ने पुलिस अधीक्षक के समक्ष घटना के संबंध बताया कि उसकी पत्नी का चरित्र ठीक नहीं था। उसे काफी समझाया, लेकिन वह नहीं मान रही थी। इसलिए उसने आज उसकी हत्या कर दी।



मृतका का फाइल फोटो



मृतक के परिजन व बच्चे — समृद्धि न्यूज



पुलिस हिरासत में हत्यारोपी — समृद्धि न्यूज

# बदहाली की कगार पर पहुंचा लाखों की कीमत से बना सामुदायिक शौचालय

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज**

**सरकार द्वारा** लाखों रुपए की लागत से बनाए गए सामुदायिक शौचालय बदहाली की कगार पर पहुंच गया है। जिम्मेदार कागजों में पूर्ण कार्रवाई दिखाकर धरातल पर अनदेखी कर रहे हैं।

नवाबगंज विकास खंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत गुठिना में बना समुदाय का शौचालय ग्रामीणों के लिए सफेद हाथी साबित हो रहा है। ग्रामीणों के मुताबिक कभी भी केयर टेकर नहीं आते हैं। बदहाल व्यवस्था से परेशान ग्रामीण जिम्मेदारों को कोसते नजर आते हैं। जबकि सामुदायिक शौचालय, पंचायत भवन, प्राथमिक विद्यालय, उच्च प्राथमिक विद्यालय सभी पास-पास बने हुए हैं। ग्राम सभा के दोनों विद्यालय बहुत अच्छे व सुचारू व्यवस्था से चलते हैं। पंचायत भवन भी सुचारू रूप से चल रहा है, लेकिन सामुदायिक स्वास्थ्य शौचालय बदहाल हो चला है। जब इस बाबत एडीओ पंचायत कृष्णपाल सिंह से जानकारी की गई, तो उन्होंने बताया कि वहां सभी मामला सही है, लेकिन ग्रामीणों ने बताया की केयरटेकर ना आने से काफी दिनों से सामुदायिक शौचालय बंद पड़ा हुआ है। जब इसके बारे में ग्राम प्रधान तथा ग्राम सचिव से जानकारी की गई तो उन्होंने बताया की ग्राम पंचायत में इतनी धनराशि नहीं आती है। जिससे केयरटेकर का मानदेय दिया जा सके। जिस कारण केयरटेकर अपना काम सुचारू रूप से नहीं कर रहे हैं। वहीं विकास खंड अधिकारी ने बताया कि उनकी जानकारी में यह मामला नहीं है। फिर भी मामले की जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।



बदहाल गुठिना का सामुदायिक शौचालय

# खबरें चलते-चलते

## तुलसी नगर/लक्ष्मण नगर के नागरिकों ने टूटे नाले को बनवाने की मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** टूटे नाल का पुनः निर्माण करने की मांग को लेकर स्थानी लोगों ने मुख्यालय पहुंचकर विरोध प्रदर्शन कर जिलाधिकारी को संबोधित शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। स्थानीय लोगों ने दिए गए शिकायती पत्र में नगर पालिका की लापरवाही के कारण नाला पूरी तरह से बंद हो गया। पानी का निकासी का रास्ता नहीं है और टूटे नाला को पुनः निर्माण न होने से भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मछली अड्डा से लेकर गैस एजेंसी शोरूम तक वार्ड नंबर 12 तुलसी नगर, वार्ड नंबर 14 लक्ष्मण नगर के मध्य सालों से नाला की सफाई नहीं की गई। जिस कारण नाला चोक है। इस कारण से पानी नहीं निकल पा रहा। बरसात में नाले का पानी घरों में घुस जाता है। जिस कारण मोहल्ले में रहने वाले लोग विभिन्न बीमारियों का शिकार हो जाते हैं। जगह-जगह नाला टूटा होने के कारण कई बार दुर्घटना घटित हो चुकी है। सभासद अनिल कुमार तिवारी ने भी इन समस्याओं से नगर पालिका को अवगत कराया, लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई और ना ही नाले की सफाई कराई गई। नगर पालिका में जेसीबी, कूड़ा उठाने वाली गाड़ी खराब होने के कारण हम लोगों के क्षेत्र में सफाई नहीं हो पा रही है। शिकायत करने वालों में रेखा, ज्योति, अरुण, करण, रोमा, रिजवान, कल्लू, राजेंद्र, सोनी, सचिन राठौर, नितिन राठौर, मोनू राठौर, जीवालाल, पिंकी, सर्वेश, अनिल आदि ने कार्रवाई कराये जाने की मांग की है।

## मार्ग दुर्घटना में छात्रा घायल

**राजेपुर, समृद्धि न्यूज।** अनियंत्रित बाइक सवार साइकिल सवार छात्रा को टक्कर मारकर साथ में बैठे अपने पिता को छोड़ मौके से फरार हो गया। घायल छात्रा को सीएचसी में भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना राजेपुर के अंतर्गत गांव बिरसिंहपुर निवासी 14 वर्षीय छात्रा मोहनी पुत्री मनोज जो की महात्मा गांधी इंटर कॉलेज राजेपुर में कक्षा 9 की छात्रा है। विद्यालय से छुट्टी होने के बाद साइकिल से अपने गांव जा रही थी। गांव दौलतपुर फर्रुखाबाद-बदायूं हाईवे के सामने तेज रफ्तार से आ रहे राजू अपने पिता हरिराम पुत्र बाबूराम निवासी अम्लीय थाना अल्लागंज जनपद शाहजहांपुर जो की जरियनपुर की तरफ से अपने गांव वापस जा रहे थे। गांव दौलतपुर चकई के सामने विद्यालय से घर वापस जा रही छात्रा मोहनी की साइकिल में जोरदार टक्कर मारने के बाद मोटरसाइकिल पर बैठे अपने पिता हरिराम को घटनास्थल पर छोड़कर फरार हो गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस 108 में राजेपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवाया। डॉ0 प्रमित कुमार वर्मा ने बताया उपचार चल रहा है स्थिति नियंत्रण में है।

## दो पक्षों में चले लाठी-डंडे, पांच घायल

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** नवाबगंज थाना अंतर्गत ग्राम अठरुइया नगला में दो पक्षों में जमकर लाठी-डंडे व ईट-पत्थर चले। जिससे 5 लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। जिन्हें एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। मामला पुरानी रंजिश से जुड़ा बताया जाता है। बताते हैं कि धर्मेंद्र सिंह पुत्र रामेश्वर ने अपनी पुत्री के साथ छेड़छाड़ का आरोप लगाया था इसी रंजिश को लेकर के धर्मेंद्र एवं उसकी पत्नी सोनतरा एवं पुत्री ने विपक्षी मुन्नी देवी पत्नी मोहनलाल, सूरज पुत्र मोहनलाल, नीरज पुत्र मोहनलाल के ऊपर लाठी-डंडा से हमला बोल दिया। जिससे मां एवं दो पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गये एवं संतरा, धर्मेंद्र भी घायल हुए। जिनका इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवाबगंज में चल रहा है। मजे की बात तो यह है सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवाबगंज में 3.00 बजे के बाद कोई भी डॉक्टर मौजूद नहीं मिलता है। कितनी भी इमरजेंसी हो केवल वार्ड बॉय पट्टी करके चलता कर देते हैं। यह व्यवस्था एक दिन की नहीं है, कभी भी कोई डॉक्टर मौजूद नहीं रहता है।

# मजदूरी करते मिले नौ बच्चे, लेवर इंस्पेक्टर ने कराया मुक्त

- दुकानदारों से वसूला गया जुर्माना

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज**

**लेबर** इंस्पेक्टर ने कस्बे में प्रतिष्ठानों पर काम करने वाले नाबालिग बच्चों को मुक्त कराने के लिए छापामार अभियान चलाया। इस दौरान करीब 9 नाबालिग बच्चों को मुक्त कराया गया। साथ ही दुकानदारों से जुर्माना भी वसूला गया।

जानकारी के अनुसार मंगलवार को शमसाबाद में लेबर इंस्पेक्टर हरिनंदन ओझा, तहसीलदार कायमगंज अनवर हुसैन, शमसाबाद ब्लाक से एडीओ पंचायत आफाक हुसैन एवं थाना पुलिस के साथ नाबालिग बच्चों को मजदूरी से मुक्त कराने के लिए कस्बे के प्रतिष्ठानों के अलावा भट्ठा, कोल्ड स्टोरेज, तंबाकू गोदाम व दुकानों पर बंधुआ मजदूर व नाबालिग बच्चों को आजाद कराने के लिए छापामारी अभियान चलाया। छापामारी अभियान से कस्बे के दुकानदारों में हड़कंप मच गया। कस्बा स्थित दीपक टेलर की दुकान पर तीन नाबालिग बच्चे मजदूरी कार्य करते हुए मिले, जबकि एस0 के0 टेलर के यहां 2 नाबालिग बच्चे मजदूरी का कार्य करते हुए मिले। मेराज मोटर साइकिल मैकेनिक के यहां 3 नाबालिग बच्चे मजदूरी करते मिले। प्रशांत के मशीनरी स्टोर पर एक नाबालिग बच्चा मजदूरी करते हुऐ मिला। सभी से जुर्माना वसूलकर बच्चों को मुक्त कराया गया। साथ ही हिदायत दी गयी कि नाबालिग बच्चों से कार्य करना जुर्म है। इसमें सजा का भी प्रावधान है।




छापेमारी के दौरान श्रम विभाग के अधिकारी, तहसीलदार व पुलिस — समृद्धि न्यूज

# औषधि निरीक्षक ने मेडिकल स्टोरों पर मारे छापे, भरे सैम्पल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** औषधि निरीक्षक ने मेडिकल स्टोरों पर छापेमारी की। जिससे मेडिकल स्वामियों में हड़कंप मच गया। इस दौरान सैम्पल भी भरे गये। जानकारी के अनुसार मंगलवार को अपर जिलाधिकारी के दिशा निर्देशन में औषधि निरीक्षक रजत कुमार पांडे ने राजेपुर स्थित सुमन मेडिकल स्टोर का औचक निरीक्षण किया। शिकायत के क्रम में कालातीत औषधियों का विक्रय नहीं मिला। मेडिकल स्टोर का औचक निरीक्षण कर तीन नमूने भरे गए। जिसे जांच एवं विश्लेषण के लिए प्रयोगशाला लखनऊ भेजा जाएगा। साथ ही कृष्णा मेडिकल स्टोर अमृतपुर का भी निरीक्षण किया। जिसमें जांच के दौरान काफी अनियमिततायें मिलीं। जिसके निस्तारण हेतु शो कॉज नोटिस जारी किया गया। दो संदिग्ध नमूने भी भरे गए। औषधि निरीक्षक रजत कुमार पांडे ने बताया कि मेडिकल स्टोरों पर छापेमारी जारी रहेगी। आज की छापेमारी से मेडिकल स्वामियों में हड़कंप मच गया। कई मेडिकल स्वामी तो अपने-अपने प्रतिष्ठान बंद कर चले गये।




मेडिकल स्टोर पर छापेमारी करते औषधि निरीक्षक

# ढोल नगाड़े की धुन पर धूमधाम से मनायी गयी भैरव जयंती



भैरो बाबा की पूजा अर्चना के दौरान मौजूद भक्तगण — समृद्धि न्यूज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** नगर के प्राचीन मंदिर गंगा तट स्थित भैरो घाट, भैरो मंदिर नितगंजा, खतरान मोहल्ला स्थित महाकाल भैरो मन्दिर में प्रातः काल मंगला दर्शन के साथ कार्यक्रम शुरु हुआ। आचार्यों द्वारा गंगा जल से अभिषेक व हवन यज्ञ किया गया। जिसमें भक्तों ने आहूतियां डालीं। मंदिर के महन्त चैतन्य रस्तोगी ने भव्य एवं दिव्य श्रंगार के साथ महा आरती, छप्पन भोग लगाया। कन्या भोग के साथ विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने पहुंचकर माथा टेंका और प्रसाद ग्रहण किया। महन्त चैतन्य रस्तोगी ने बताया भैरो की पूजा अर्चन करने से बाबा सभी के कष्टों को दूर करते हैं और जीवन में सुख समृद्धि शांति प्रदान करते है। इस अवसर पर नगर के हजारो गणमान्य व्यक्तियों ने भैरव बाबा के भव्य दिव्य मंगलमय दर्शन किये और आशीर्वाद लिया। भक्तों ने जय भैरो बाबा व महाकाली के जयकारे लगाये। इस अवसर पर राजेश शिवानी, राजू, कृष्ण चंद्र गुप्ता, पंकज शुक्ला, रमाशंकर चित्रांश, रूपचंद शिवानी, डॉक्टर शेखर वाजपई, राजीव अग्रवाल, डॉक्टर मीनू गुप्ता, श्याम मनोहर गुप्ता आदि ने व्यवस्था देखी।

# मंदिर से लौट रहे वृद्ध को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, मौत

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज**

**मंदिर से** पूजा अर्चना कर वापस लौट रहे वृद्ध को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे वह गम्भीर रुप से घायल हो गया। परिजन उसे लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गयी। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गांव ताजपुर निवासी 70 वर्षीय प्रेमदास पुत्र सोहनलाल मंगलवार सुबह 5 बजे पूजा अर्चना करने मंदिर गये थे। मंदिर से लौटते समय ताजपुर रोड पुलिस चौकी से 200 मीटर दूरी पर अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे वह गम्भीर रुप से घायल हो गये। सूचना पर पहुंचे परिजन उन्हें लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहम्मदाबाद पहुंचे। जहां उपचार के दौरान प्रेमदास की मृत्यु हो गई। डॉक्टर सन्नी मिश्रा ने बताया सर में चोट आने की वजह से उनकी मृत्यु हो गई। जिसकी फौती सूचना पत्नी उर्मिला देवी ने दी। मृतक प्रेमदास की 4 पुत्रियां इंद्रेश, रत्नेश, विमलेश तथा स्वदेश हैं। जिसमें चारों की शादियां हो चुकी है। एसआई उदय पाल सिंह राजावत ने शव का पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



पंचनामा का कार्यवाही करती पुलिस व मौजूद परिजन — समृद्धि न्यूज

# भाजपा के बूथ अध्यक्ष के घर पहुंचकर विकास राजपूत ने व्यक्त की शोक संवेदना

- मृतक विमल सिंह थे भाजपा के बूथ अध्यक्ष, पार्टी ने नहीं ली सुधि

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**विगत दो** सप्ताह पूर्व सड़क दुर्घटना में घायल हो गये थे भाजपा बूथ अध्यक्ष की उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। समाजसेवी भाजपा नेता विकास राजपूत ने उनके घर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की।

ग्राम गुडेरा भावन निवासी भाजपा के बूथ अध्यक्ष विमल सिंह बीते दो सप्ताह पूर्व घर जाते समय अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी। जिससे वह घायल हो गये थे। जिनका उपचार चल रहा था। उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। वह अपने पीछे पत्नी व दो बेटी को छोड़ गये। जिस पार्टी के लिए उन्होंने खून पसीना बहाया, उस पार्टी का कोई भी जनप्रतिनिधि उनके घर नहीं पहुंचा और ना ही कोई मदद की। इसकी जानकारी होने पर समाजसेवी व फर्रुखाबाद लोकसभा के संभावित उम्मीदवार विकास राजपूत ने उनके घर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की और परिजनों को सांत्वना दी। पीड़ित परिवार का दुख देखकर उनकी आंखे नम हो गई। उन्होंने पीड़ित परिवार की हर सम्भव मदद करने का भरोसा दिया। पिता ने बताया कि मेरे पुत्र ने भाजपा के लिए रात-दिन एक कर दिया और जब उस पर मुसीबत पड़ी तो उसे कोई देखने नहीं आया। इस घटना की भी जानकारी लोगों को हो गई, लेकिन किसी ने इधर मुड़कर नहीं देखा।



दुखी परिवार के बीच विकास राजपूत — समृद्धि न्यूज

**कहर** — शमशाबाद में चोरों का कहर जारी, फिर एक मकान को बनाया निशाना

# ताला तोड़कर उड़ाये लाखों के जेवरात नकदी

- एक माह में दो दर्जन से अधिक चोरियों का आज तक पुलिस नहीं कर सकी खुलासा

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज**

**बंद** पड़े मकान का ताला तोड़कर चोरों ने लाखों के जेवरात व नकदी चोरी कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस व फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य एकत्र किये। आये दिन हो रहीं चोरी की घटनाओं से लोगों में पुलिस के प्रति रोष व्याप्त है।

जानकारी के अनुसार कस्बे के मोहल्ला तराई निवासी शकेव खान पुत्र मंसूब खां के बंद पड़े मकान पर चोरों ने धावा बोलकर लाखों की नगदी व जेवरात चोरी कर लिए। सुबह जब ग्रामीण मोहल्ले से गुजरे, तो मकान का गेट खुला देख कुछ शंका हुई। जिसकी जानकारी मोहल्ले के लोगों ने मकान मालिक की पत्नी मैनाज जहां को दी। जो अपने रिश्तेदार डॉ0 नाजिर खान के घर पर थी। मैनाज जहां अपने रिश्तेदार के साथ मौके पर पहुंची और देखा घर के अंदर कमरों में रखे बक्से के ताले टूटे पड़े हैं व सामान बिखरा पड़ा है। जिसकी सूचना महिला मैनाज जहां ने थाना पुलिस को दी। मौके पर पहुंचे कार्यवाहक थानाध्यक्ष ने जांच पड़ताल की। महिला ने बताया कि उसके घर से अज्ञात चोरों द्वारा डेढ़ लाख की नगदी, सोने चांदी के आभूषण जिनमें एक जोड़ी झुमकी, एक जोड़ी टॉप्स, एक जोड़ी बुंदे, चार सोने की अंगूठी, नाक के दो फूल व आधा किलो चांदी के आभूषण चोरी कर लिए। चोरी की तहरीर महिला के चाचा डॉ0 नाजिर खान ने थाना पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची फॉरेंसिक टीम ने नमूने लिए। बताते चलें कि 15 दिन पूर्व थाना क्षेत्र में एक ही दिन में पांच चोरियों का भी पुलिस आज तक खुलासा नहीं कर पाई है। पिछले तीन महीने में दो दर्जन से अधिक चोरी की घटनायें हो चुकी हैं। पुलिस किसी भी घटना का खुलासा नहीं कर पायी है। जिससे क्षेत्र के ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। लोगों की माने तो ज्यादातर मामलों में पुलिस न तो रिपोर्ट ही दर्ज करती है और न ही कोई कार्यवाही करती है।



जांच पड़ताल करती पुलिस व फील्ड यूनिट टीम — समृद्धि न्यूज

# लोकसभा प्रभारी ने सपा कार्यालय पर की समीक्षा बैठक

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज



बैठक में मौजूद फ्रंटल संगठन के पदाधिकारी — समृद्धि न्यूज

**आवास** विकास स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय पर सैनिक प्रकोष्ठ एवं पिछड़ा वर्ग के जिला संगठन की बैठक सम्पन्न हुई। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने की। बैठक की समीक्षा करते हुए फर्रुखाबाद लोकसभा के प्रभारी छात्र सभा के प्रदेश अध्यक्ष विनीत कुशवाहा ने कहा कि बैठक में समाजवादी सैनिक प्रकोष्ठ एवं पिछड़ा वर्ग के संगठन को बुलाया गया था। जिसमें सैनिक प्रकोष्ठ के कमेटी के सदस्यों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। छात्र सभा के प्रदेश अध्यक्ष विनीत कुशवाहा ने कहा कि जो व्यक्ति अपने पद और पार्टी के साथ न्याय नहीं करेगा, उसे शीघ्र ही पद मुक्त कर दिया जाएगा, साथ ही कहा जिन जिलाध्यक्षों की कमेटी अभी तक नहीं बनी है, उन्हें शीघ्र ही पूर्ण कर उसकी एक प्रतिलिपि उन्हें उपलब्ध कराए। जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने कहा कि लोकसभा चुनाव नजदीक हैं और हमें एक साथ जुटकर पार्टी को मजबूत करना है, तभी हम भाजपा जैसी पार्टी से लड़ पाएंगे। उन्होंने कहा हमारा कार्यकर्ता ही हमारी असली ताकत है। जिसे हमें हर संभव सहयोग करना है। प्रकोष्ठों के प्रभारी ने प्रदेश अध्यक्ष को आश्वासन दिया की शीघ्र ही वह सभी जिलाध्यक्षों से बात कर उनकी कमेटियां नेतृत्व को उपलब्ध करवाएंगे। विधान सभा अध्यक्ष चंद्रेश राजपूत, जिला अध्यक्ष सैनिक प्रकोष्ठ केके यादव, बेंचेलाल यादव, जिलाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग अरविंद कश्यप अपनी अपनी कमेटियों के सदस्यों के साथ मौजूद रहे। जिला प्रवक्ता विवेक यादव ने बताया कि पार्टी का शीर्ष नेतृत्व संगठन एवं बूथ कमेटियों को लेकर बहुत गंभीर है और इसी क्रम में अन्य फ्रंटल संगठनों की भी बैठक अपनी पूरी कमेटी के साथ जल्द बुलाई जाएगी। जिसकी समीक्षा स्वयं प्रदेश अध्यक्ष छात्र सभा विनीत कुशवाहा करेंगे।

### जिला महासचिव व महानगर अध्यक्ष में हुई नोकझोंक

**फर्रुखाबाद।** सपा कार्यालय पर बूथ कमेटी को लेकर छात्र सभा के प्रदेश अध्यक्ष विनीत कुशवाहा के समक्ष चर्चा चल रही थी। उसी दौरान जिला महासचिव व महानगर अध्यक्ष के बीच कुछ बात को लेकर नोकझोंक हो गई। जिसे जिलाध्यक्ष ने दोनों लोगों को शांत कराया। इस संदर्भ में जिला महासचिव ने बताया कि इस प्रकार की कोई बात नहीं है।

# फिट इंडिया सप्ताह के तहत छात्राओं की फिटनेस का हुआ मूल्यांकन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज


फिट इंडिया कार्यक्रम में मौजूद छात्रायें — समृद्धि न्यूज

**मदन मोहन** कनोडिया बालिका इंटर कॉलेज में फिट इंडिया सप्ताह के अंतर्गत मंगलवार को प्रधानाचार्या सुमन त्रिपाठी के नेतृत्व में व्यायाम शिक्षिका मनीषा देवी यादव ने छात्राओं का फिटनेस मूल्यांकन कराया। जिसमें छात्राओं का वजन, ऊंचाई तथा रक्त समूह का मूल्यांकन किया गया। प्रधानाचार्य सुमन त्रिपाठी ने कहा कि सभी छात्राओं को फिट रहना चाहिए। फिट रहने से शरीर की बीमारियां दूर होती है और मस्तिक का विकास होता है। व्यायाम शिक्षिका मनीषा देवी ने कहा कि सभी छात्रायें अपने आपको फिट रखे, जिससे शारीरिक बीमारियां उत्पन्न न हो। फिट रहने के लिए सबसे पहले खानपान का ध्यान रखे। शिक्षिका सुमन शुक्ला ने कहा कि छात्रायें स्वस्थ्य रहने के लिए नियमित योगाभ्यास करें और खेलकूद जैसे प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करें। जिससे उनका शारीरिक व मानसिक विकास हो। इस मौके पर मंजू सिंह, अर्चना कपूर, स्वाति द्विवेदी, राघव मिश्रा तथा पंकज औदिच्य मौजूद रहे।

# भारतीय महाविद्यालय में स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

- छात्र-छात्राओं का दंत एवं स्वास्थ्य परीक्षण कर वितरित की गई दवाइयां

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज



शिविर में स्वास्थ्य परीक्षण कराती छात्रायें — समृद्धि न्यूज

**भारतीय महाविद्यालय** की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं फैमिली केयर ओपीडी सेंटर कल्याणपुर कानपुर के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण एवं जागरूकता अभियान के अंतर्गत कानपुर से पधारे फिजीशियन डॉ0 संजीव अवस्थी एवं दंत रोग विशेषज्ञ डॉ0 अभिषेक अवस्थी ने विभिन्न रोगों से संबंधित चर्चा-परिचर्चा के माध्यम से छात्रों को जागरूक किया। स्वास्थ्य कैम्प में छात्र-छात्राओं का दंत एवं स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जिन छात्राओं को स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां थी उनको दवाई वितरित की गई। मुख्य अतिथि के रूप में प्राचार्य प्रोफेसर रमन प्रकाश एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में नेहरू डिग्री कॉलेज छिबरामऊ के पूर्व वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ0 सत्यनारायण त्रिवेदी ने छात्र-छात्राओं को स्वास्थ्य के प्रति अपने जीवन अनुभवों से परिचित कराया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ भारत का विकास संभव है। कार्यक्रम का आयोजन संयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रभारी डॉ0 आलोक बिहारी लाल ने किया। विद्यार्थियों ने उत्सुकता के साथ स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में भाग लिया। आये हुए अतिथियों का कार्यक्रम संयोजक ने आभार व्यक्त किया।

# कांशीराम राजकीय महाविद्यालय के छात्र सूर्यकांत ने मण्डल में पाया प्रथम स्थान


प्रमाण पत्र पाते छात्र

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मान्यवर कांशीराम राजकीय महाविद्यालय निनौआ से सड़क सुरक्षा अभियान के अन्तर्गत मण्डल स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभागिता करने हेतु छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर में महाविद्यालय से प्राध्यापक अनुपम अवस्थी के साथ छात्र/छात्रा प्रतिभाग करने गये। जिसमें क्विज (प्रश्नौतरी) प्रतियोगिता में सूर्यकांत ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय के ही छात्र आदित्यरंतन शाक्य ने भाषण प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया है। मण्डल स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर और अपनी प्रतिभा का सुन्दर प्रर्दशन कर महाविद्यालय को गौरान्वित करने वाले छात्रों को महाविद्यालय परिवार से प्राचार्या डॉ0 शालिनी एवं समस्त प्राध्यापक और कर्मचारियों की तरफ से शुभकामनाओं के साथ महाविद्यालय परिवार ने उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## खबरें एक नजर में

### गल्ला मंडी में प्रकाश व्यवस्था पर लगा ग्रहण, झुका पोल हटाने की मांग

**जालौन (उरई)।** कृषि उत्पादन मंडी समिति में प्रकाश व्यवस्था के लिए लोहे के बिजली के पोल लगे हुए हैं। मंडी के पिछले हिस्से में लगा बिजली का पोल लंबे समय से झुका हुआ है। झुके हुए बिजली के पोल से कभी भी हादसा हो सकता है। व्यापारियों ने झुके हुए पोल को हटवाने की मांग की है। बंगरा मार्ग पर स्थित गल्ला मंडी में प्रकाश व्यवस्था के लिए जगह जगह बिजली के पोल लगे हुए हैं। इन पोलों पर बिजली के खुले तार लगे हुए हैं। मंडी की प्रकाश व्यवस्था में सुधार के लिए बजट भी उपलब्ध कराया गया है। बजट उपलब्ध हुए महीनों बीत चुके हैं लेकिन अभी व्यवस्थाओं को सुधारने के लिए कोई कदम नहीं उठाया गया है। मंडी परिसर में पिछले हिस्से में तोमर व फरीद ट्रेडर्स के सामने लगा बिजली का पोल लंबे समय से झुका हुआ है। व्यापारी धर्मेंद्र कुमार, प्रेमकुमार, सचिन आदि ने बताया कि पोल को ठीक कराने के लिए कई बार मंडी प्रशासन से कहा है लेकिन झुके हुए पोल को ठीक नही कराया गया। कच्ची जमीन पर लगा हुआ यह पोल कभी भी हादसे का कारण बन सकता है। खाली पड़ी जमीन पर किसानों के अनाज लेकर आने वाले ट्रैक्टर व व्यापारियों के ट्रक भी इसी पोल के नजदीक खड़े होते हैं। ऐसे में पोल गिरने से बिजली के खुले तार परेशानी का सबब बन सकते हैं। इस संदर्भ में मंडी सचिव वीरेंद्र कुमार ने बताया कि इसके स्थान पर नया पोल लगाने के साथ तार बदलने का काम होना है।

### रामपुरा देहात में विकसित भारत संकल्प यात्रा का हुआ आयोजन

**रामपुरा (जालौन)।** विकास खण्ड रामपुरा की ग्राम पंचायत रामपुरा देहात में सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ग्राम पंचायत रामपुरा देहात में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा में मौजूद विकास खण्ड अधिकारी ओमप्रकाश द्विवेदी ने जानकारी देते हुए बताया कि शासन द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में गाँव क्षेत्र में पहुँचकर ग्रामीणों को इन योजनाओं के बारे मे जानकारी उपलब्ध कराते हुए इन योजनाओं का लाभ दिलाना हैं। उक्त योजनाओं की जानकारी मोबाईल वैन के माध्यम से ग्रामीणों को जानकारी दी जा रही हैं। रामपुरा ब्लॉक में मंगलवार को 10 ग्राम पंचायतों रामपुरा देहात, गोरा चिरइया, बाबूपुरा, बिलौहा, चन्दावली, हनमंतपुरा, मिर्जापुरा, राठौरनपुरा तथा निनावली जागीर में कार्यक्रम किया गया। जिसमें 5 मोबाइल वैन की सहायता से 10 ग्राम पंचायतों में कार्यक्रम सम्पन्न किया गया। निवर्तमान चेयरमैन शैलेन्द्र सिंह ने ग्राम पंचायतों में संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने वाले ग्रामीणों को प्रमाणपत्र वितरित किये। योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि जन सामान्य को जन कल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करते हुए प्रमुख योजनाओं से संतृप्तिकरण तथा योजनाओं से लाभ की कहानी लाभार्थियों की जुबानी सुनी गई। उक्त कार्यक्रम में बीडीओ ओमप्रकाश द्विवेदी, निवर्तमान चेयरमैन शैलेन्द्र सिंह, नोडल अधिकारी विजय कुमार गौड़ लोक निर्माण विभाग, ग्राम प्रधान ओम प्रकाश, पंचायत मित्र नरेन्द्र आदि सहित ग्राम पंचायत के ग्रामीण मौजूद रहे।

### कार-बाइक भिड़ंत में दो घायल

**जालौन (उरई)।** कार व बाइक की टक्कर में दो लोग घायल हुए। पीड़ित ने हादसे की सूचना कोतवाली में दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। रामपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम टीहर निवासी राकेश कुमार ने पुलिस को बताया कि वह बीती एक दिसंबर को अपने बहनोई हिम्मत सिंह निवासी बरहल थाना कैलिया के साथ गांव से बाइक लेकर कैलिया जा रहे थे। जब वह कोतवाली क्षेत्र के ग्राम उदोतपुरा के पास पहुंचे तभी सामने से आ रहे तेज रफ्तार कार चालक ने अनियंत्रित होकर उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक के पीछे बैठे हिम्मत सिंह उछलकर सड़क पर जा गिरे वहीं बाइक चला रहे राकेश कुमार भी गिरकर घायल हो गए। राहगीरों ने दोनों को सीएचसी पहुंचाया। जहां हिम्मत सिंह की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

### कच्ची शराब लेकर जा रहे युवक को पकड़ा

**जालौन (उरई)।** कच्ची शराब लेकर जा रहे युवक को कोतवाली पुलिस ने पकड़ा। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर ली है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम धंतौली निवासी एक केन में कच्ची शराब लेकर गांव के बाहर बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे के पास से निकल रहा था। जिसकी जानकारी मुखबिर ने छिरिया चौकी प्रभारी राजकुमार पांडेय को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक के पास से 20 लीटर कच्ची शराब बरामद की। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अहमदगंज निवासी राजकुमार कुमार म्र 24 वर्षीय पुत्र मनोहरलाल ने सदिग्ध परिस्थितियो में गाँव से कुछ ही दूरी पर शीशम के पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह जब ग्रामीणों ने शव को फाँसी पर लटका देखा, तो मृतक के परिजनो को सूचना दी। मौके पर पहुंचे परिजनो ने शव को फाँसी के फन्दे से नीचे उतारकर बिना पुलिस को सूचना दिए ही दाह संस्कार कर दिया।

# विद्यालयों में मतदाता पंजीकरण के लिए 175 फार्म बांटे गये


मतदाता पंजीकरण फार्म भरते छात्र- छात्रायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मतदाता जागरुकता के अन्तर्गत स्वीप कोआर्डिनेटर सुधीर कुशवाहा ने अपनी टीम के साथ गाइड कैप्टन हिमलेश शाक्य, गाइड कैप्टन पुष्पा सिंह, स्काउट मास्टर गौरव शाक्य के साथ राजकीय पॉलीटेक्निक फतेहगढ़ में फार्म-6 मतदाता पंजीकरण के दिये। जेएस ग्रुप मेडिकल कालेज बघार व डा0 ओमप्रकाश गुप्ता ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट में 18 वर्ष की उम्र पूरी करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रारुप-6 संस्थान के प्राचार्य के माध्यम से वितरित किये। पॉलीटेक्निक में 25 फार्म, जेएस ग्रुप में 50 फार्म, ओपीआईएमटी में 100 फार्म मतदाता पंजीकरण के लिए वितरित किये गये। सभी नये मतदाता ने फार्म भरे। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक व शिक्षिकायें मौजूद रही।

# प्रधानाचार्य की बैठक में अधिवेशन को सफल बनाने की बनी रणनीति

- 24 दिसम्बर को अधिवेशन व शैक्षिक संगोष्ठी का होगा आयोजन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज


बैठक में मौजूद प्रधानाचार्य — समृद्धि न्यूज

**प्रधानाचार्य** परिषद का 45वां अधिवेशन एवं शैक्षिक संगोष्ठी 24 दिसम्बर को नारायन आश्रम पांचाल घाट में आयोजित होगी। 23 दिसम्बर को कार्यकारिणी की बैठक शाम को होगी। प्रधानाचार्य परिषद के प्रदेश संगठन मंत्री डा0 संदीप कुमार चतुर्वेदी, जिलाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह, महामंत्री डा0 बृजभूषण सिंह, कोषाध्यक्ष योगेश चन्द्र तिवारी ने संयुक्त रुप से बताया कि अधिवेशन की सफलता के लिए विद्यालयों में जन सम्पर्क स्थापित कर पदाधिकारियों एवं सक्रिय प्रधानाचार्यों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। जनपद में पहली बार प्रधानाचार्य परिषद का प्रदेश स्तरीय अधिवेशन को ऐतिहासिक बनाने के लिए सभी ने सहयोग करने का आश्वासन दिया। प्रांतीय अधिवेशन में उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक व राज्यमंत्री गुलाब देवी व बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री संदीप सिंह की स्वीकृति प्राप्त हो गई है। 2013 से अभी तक सेवानिवृत्त हुए प्रधानाचार्यो को सम्मानित किया जायेगा। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अनिल सिंह, डा0 संदीप चतुर्वेदी, डा0 बृजभूषण सिंह, संतोष कुमार त्रिपाठी, योगेश तिवारी, विश्व मोहिनी पाण्डेय, इन्दू मिश्रा, डा0 नीतू मसीह, ऐस्तर रोज दयाल, सुमन त्रिपाठी, गिरिजा शंकर, विनीत त्रिपाठी आदि लोग मौजूद रहे।

# पांच दिवसीय तृतीय सोपान शिविर का हुआ शुभारम्भ

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज


तृतीय सोपान शिविर में मौजूद छात्र-छात्रायें — समृद्धि न्यूज

**5 दिसंबर** से 9 दिसंबर तक डीपीबीपी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में स्काउट का तृतीय सोपान का शुभारम्भ झण्डा रोहण व ईश प्रार्थना के साथ हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय प्रांगण में स्काउट झंडा रोहण प्रार्थना एवं लार्ड बेडेन पावेल के चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलन के साथ शुरु हुई। कानोडिया बालिका इंटर कालेज की प्रधानाचार्य सुमन त्रिपाठी ने दीप प्रज्वलित किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य बदन सिंह ने समस्त स्टाफ के साथ शिविर में सहयोग किया। प्रशिक्षण के रूप में प्रेरणा गीत के साथ शुरू हुआ तथा जांच शिविर के रूप में बच्चों से स्काउट से संबंधित प्रश्नों की परीक्षा हुई। गाइड लीडर कोर्स चमन शुक्ला, काउंसलर इंदिरा राठौर एवं विवाह सिंह उपस्थिति रही। लीडरकोर्स स्काउट योगेश कुमार, काउंसलर गजेंद्र सिंह, पुष्पेंद्र शर्मा एवं सहायक सचिव डॉ0 जितेंद्र कुमार यादव ने शिविर में सहयोग किया। बच्चों की स्काउट ज्ञान की परीक्षा का प्रथम चरण पूरा हुआ। चमन शुक्ला ने बच्चों को प्रेरणा गीत के साथ शिविर की शुरुआत एवं समापन किया। शिविर की देखरेख सहायक सचिव डा0 जितेन्द्र कुमार यादव ने की।

# राज्य स्तर पर गंगा सम्मान पुरस्कार से सम्मानित होंगी: निहारिका पटेल

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज


निहारिका पटेल

**मां गंगा** को स्वच्छ अविरल निर्मल बनाने, गंगा स्वच्छता एवं संरक्षण एवं अन्य सामाजिक कार्यों में अपना अमूल्य योगदान देने के लिए 8 दिसंबर को लखनऊ में जल शक्ति मंत्री के द्वारा निहारिका पटेल को राज्य स्तर पर गंगा सम्मान पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। जिला गंगा समिति वन विभाग में जिला परियोजना अधिकारी नमामि गंगे के पद पर तैनात निहारिका पटेल को कई ऐसे कार्यों के लिए सम्मानित किया जाएगा। वर्ष 2010 से निरंतर सामाजिक कार्य में अपना योगदान देने वाली निहारिका पटेल ने अब तक 500 से अधिक कार्यक्रमों को संचालित किया है। जिसमें मुख्य रूप से गंगा स्वच्छता एवं संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण, पौधारोपण, प्लास्टिक मुक्त अभियान, जल संरक्षण, वन्य जीव संरक्षण, जैव विविधता, शौच मुक्त अभियान, गंगा उत्सव, गंगा स्वच्छता पखवाड़ा, स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम, मिशन लाइफकार्यो को प्रमुख स्वरूप से संचालित किया। जिसके लिए अब तक उनके द्वारा जनपद के लगभग 12 हजार से अधिक युवाओं को इस अभियान का हिस्सा बनाया है। समय-समय पर उन्होंने युवाओं के द्वारा गांव-गांव में जाकर रैली, नुक्कड़ नाटक, गोष्ठी आदि कार्यक्रमों के द्वारा जन जागरूकता अभियान चलाया है। इसके अतिरिक्त कोरोना कल में जब लोग घरों से निकलने से भी डर रहे थे ऐसे में निहारिका पटेल के द्वारा राजेपुर ब्लॉक के अमृतपुर गांव की एक बेटी को रक्तदान करके उसको जीवन दान दिया। उनके द्वारा अन्य युवाओं को प्रेरित करके लोगों को रक्तदान करने का कार्य किया जा रहा है।

### स्वच्छ भारत मिशन को कूड़ा गाड़ी वाले पलीता लगाने में जुटे

**जालौन (उरई)।** स्वच्छ भारत मिशन के तहत नगर पालिका परिषद द्वारा कूड़ा उठाने के लिए मोहल्लों में गाड़ी भेजी जाती है। लेकिन मोहल्ला जोशियाना स्थित नई बस्ती में एक महीने से अधिक समय से कूड़ा गाड़ी नहीं पहुंच रही है। गाड़ी न पहुंचने के कारण यहां के निवासियों को परेशानी हो रही है। नगर को साफसुथरा बनाने के लिए नगर पालिका परिषद लगातार प्रयास कर रही है। स्वच्छ भारत मिशन के तहत घर घर कूड़ा उठाने के गाड़ी भेजी जाती है। लोग इस गाड़ी में घरों से निकलने वाला कूड़ा डालते हैं। मोहल्ला जोशियाना नयी बस्ती में करीब डेढ़ माह से कूड़ा गाड़ी नहीं पहुंच रही है। कूड़ा गाड़ी न पहुंचने के कारण लोगों को कूड़ा डालने में दिक्कत हो रही है।

सराहना — विधायक नागेन्द्र राठौर व डीआईओएस ने की प्रतिभागियों के मॉडलों की सराहना

# जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता में जीजीआईसी फर्रुखाबाद के शिवांग मिश्रा रहे अव्वल

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज


प्रदर्शनी का अवलोकन करते विधायक नागेन्द्र सिंह राठौर

**महीयसी महादेवी** वर्मा राजकीय बालिका इंटर कालेज फतेहगढ़ में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद लखनऊ के तत्वाधान में जिला विज्ञान क्लब द्वारा जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ भोजपुर विधायक नागेन्द्र सिंह राठौर ने फीता काटकर किया। प्रदर्शनी का अवलोकन कर विधायक ने प्रतिभागियों की सराहना की। कार्यक्रम की रुपरेखा प्रस्तुत करते जिला समन्वयक दीपिका राजपूत ने बताया कि प्रदर्शनी में 30 विद्यालयों से 125 मॉडल प्रस्तुत किये गये। विद्यार्थियों का प्रयास सराहनीय योग्य है। प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुए जिला विद्यालय निरीक्षक नरेन्द्र पाल सिंह ने विद्यार्थियों को प्रोजेक्ट में नवाचार लाने के लिए पर्यावरण के अनुकूल मॉडल बनाने हेतु प्रोत्साहित किया। जिला विकास अधिकारी श्याम कुमार तिवारी ने कहा कि विज्ञान करके कुछ सीखने का विषय है। तथा व्यक्ति का निर्माण परिश्रम से ही होता है। वित्त लेखाधिकारी अमरीश बाजपेयी ने छात्राओं के मॉडल को छात्रों की अपेक्षा तकनीक दृष्टि से अधिक श्रेष्ठ बताया। प्रतियोगिता में निर्णायक के दायित्वों का निर्वाह्न डा0 सतेन्द्र कुमार, डा0 महेश कुमार व प्रवक्ता किरन वर्मा, निर्मला सिंह ने किया। अतिथियों को आभार प्रवक्ता रिचा तिवारी ने व्यक्त किया। संचालन ज्योति ने किया। पंजीकरण शिल्पी एवं शैलजा द्वारा किया गया। व्यवस्था अर्चना गुप्ता, आरती यादव, गुलशन जहां, दीप्ती सिंह, नीलम कश्यप, सरिता त्रिवेदी, मोनी चौहान, सर्वेश शाक्य, बबिता यादव, अल्पना द्विवेदी ने देखी। प्रतियोगिता में प्रथम जीआईसी फर्रुखाबाद के के शिवांग मिश्रा ने प्राप्त कर 5 हजार रुपये का इनाम प्राप्त किया। जीआईसी फर्रुखाबाद के अलफेज खां ने द्वितीय स्थान पाकर 3 हजार रुपये का पुरस्कार व स्मृति चिन्ह प्राप्त किया। जीजीआईसी राजेपुर की आदिती व लक्ष्मी ने तृतीय स्थान प्राप्त कर 2 हजार रुपये की धनराशि प्राप्त की। कनोडिया बालिका इंटर कालेज की आशा व चेतना ने चतुर्थ स्थान प्राप्त कर 1 हजार रुपये की धनराशि प्राप्त की। वहीं मदन मोहन कानोडिया बालिका की इशिका गुप्ता ने पंचम स्थान प्राप्त कर 1 हजार रुपये की धनराशि प्राप्त की। 6 नम्बर पर अंशिका जीजीआईसी भटासा रही। सातवें नम्बर पर कानोडिया बालिका इंटर कालेज की उन्नति रही। आठ नम्बर पर दयाननंद इंटर कालेज के आशीष कुमार व अर्नव परमार रहे। दस नम्बर पर जीजीआईसी राजेपुर की रिया राजपूत व इकरा रही। 11 नम्बर पर जीआईसी फतेहगढ़ के आशू व रजत रहे। जीजीआईसी फतेहगढ़ की पलक मिर्जा व दरशखा मिर्जा 12वें नम्बर पर रही। जीजीआईसी फतेहगढ़ के अभय बाबू 13 नम्बर पर रहे। जीजीआईसी फतेहगढ़ की वैष्णवी व श्वेता 14वें नम्बर पर रही। रस्तोगी इंटर कालेज के अमित सक्सेना 15वें नम्बर पर रहे। सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया गया।

# भारतीय संस्कृति की पहचान और वाहक रही है संस्कृत : राष्ट्रपति

▸ राष्ट्रपति मुर्मू ने लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विवि के पहले दीक्षांत समारोह को किया संबोधित



एजेंसी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को कहा कि संस्कृत हमारी संस्कृति की पहचान और वाहक रही है। यह हमारे देश की प्रगति का आधार भी रही है। विश्वविद्यालय की विजिटर और राष्ट्रपति मुर्मू ने नई दिल्ली में श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के पहले दीक्षांत समारोह को संबोधित किया। राष्ट्रपति ने जहां दीक्षांत समारोह में 4423 उपाधियां प्रदान कीं वहीं सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छह छात्रों को स्वर्णपदक से विभूषित किया। इस मौके पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. मुरलीमनोहर पाठक सहित अन्य गण्यमान्य लोग उपस्थित रहे। राष्ट्रपति ने कहा कि संस्कृत का व्याकरण इस भाषा को अद्वितीय वैज्ञानिक आधार देता है। यह मानवीय प्रतिभा की अनूठी उपलब्धि है और हमें इस पर गर्व होना चाहिए। उन्होंने कहा कि संस्कृत आधारित शिक्षा प्रणाली में गुरु या आचार्य को अत्यधिक महत्व दिया गया है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के छात्र इस परंपरा का पालन करेंगे और अपने शिक्षकों के प्रति कृतज्ञता के साथ आगे बढ़ेंगे और शिक्षक भी छात्रों को जीवन भर आशीर्वाद देंगे और प्रेरित करेंगे। राष्ट्रपति ने कहा कि बुद्धिमान लोग सर्वोत्तम चीजों को स्वीकार करने के लिए अपनी बुद्धि का उपयोग करते हैं। नासमझ लोग दूसरों की सलाह पर कोई चीज अपना लेते हैं या अस्वीकार कर देते हैं। उन्होंने छात्रों को यह ध्यान रखने की सलाह दी कि हमारी परंपराओं में जो कुछ भी वैज्ञानिक और उपयोगी है उसे स्वीकार करना होगा और जो कुछ भी रूढ़िवादी, अन्यायपूर्ण और बेकार है उसे अस्वीकार करना होगा।

**सर्वसमावेशी प्रगति संवेदनशील समाज की पहचान**

राष्ट्रपति ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की परिकल्पना है कि हमारे युवा भारतीय परंपराओं में विश्वास रखते हुए 21वीं सदी की दुनिया में अपना उचित स्थान बनाएं। हमारे देश में सदाचार, धार्मिक आचरण, परोपकार और सर्व-मंगल जैसे जीवन मूल्यों पर आधारित प्रगति में ही शिक्षा की सार्थकता मानी जाती है। उन्होंने कहा कि इस दुनिया में उन लोगों के लिए कुछ भी हासिल करना मुश्किल नहीं है जो हमेशा दूसरों के कल्याण में लगे रहते हैं। उन्होंने श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय से छात्राओं को प्रोत्साहित करने और उन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने के अधिक अवसर प्रदान करने का आग्रह किया।

# रेवंत रेड्डी का सीएम बनना तय सात को ले सकते हैं शपथ

एजेंसी

**हैदराबाद।** तेलंगाना में बीआरएस को हराकर कांग्रेस को शानदार जीत दिलाने वाले अनुमूला रेवंत रेड्डी राज्य के अगले मुख्यमंत्री होंगे और 7 दिसंबर (गुरुवार) को शपथ लेंगे। सूत्रों ने इस बात की जानकारी दी है। तेलंगाना कांग्रेस प्रमुख कुछ मंत्रियों के साथ शपथ लेंगे। शपथ ग्रहण समारोह में राहुल गांधी भी शामिल होंगे। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता उत्तम कुमार रेड्डी और भट्टी विक्रमार्क को उपमुख्यमंत्री पद दिया जा सकता है या उन्हें किसी अच्छे पोर्टफोलियो पर समायोजित किया जा सकता है। सूत्रों ने कहा कि राज्य में कोई रोटेशनल मुख्यमंत्री फॉर्मूला नहीं होगा।

रेवंत रेड्डी के तेलंगाना के नए मुख्यमंत्री होने की चर्चा के बीच उत्तम रेड्डी कर्नाटक कांग्रेस प्रमुख डी के शिवकुमार से मिलने उनके आवास पर पहुंचे। एक अनुभवी राजनेता और मल्काजगिरी से लोकसभा सांसद, रेवंत रेड्डी तेलंगाना की राजनीति में एक महत्वपूर्ण व्यक्ति रहे हैं। 2017 में तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) से कांग्रेस में उनके परिवर्तन ने राज्य की राजनीतिक गतिशीलता में एक महत्वपूर्ण बदलाव को चिह्नित किया। राज्य में जीत के बाद रेवंत रेड्डी ने लोगों के जनादेश के लिए आभार व्यक्त किया और चुनाव परिणाम का स्वागत किया। केसीआर के नेतृत्व वाली भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) ने 2014 में राज्य के गठन के बाद से लगातार दो बार तेलंगाना पर शासन किया है। दो बार के विधायक और अब तेलंगाना में कांग्रेस के चेहरे के रूप में, रेड्डी की आक्रामक अभियान रणनीतियों और मुख्यमंत्री केसीआर के साथ सीधे टकराव ने उन्हें भीड़ का पसंदीदा बना दिया है और उन्हें संभावित मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में स्थापित किया है।

## खबरें एक नजर में

### उर्वरक व कृषि क्षेत्रों में इनोवेशन्स पर सेमिनार आयोजित



**नई दिल्ली, समृद्धि न्यूज।** होटल पुलमैन में 59वें सालाना सेमिनार का आयोजन करने जा रहा है, जिसका विषय होगा 'इनोवेशन इन फर्टीलाइज़र एण्ड एग्रीकल्चर सेक्टर यानि उर्वरक एवं कृषि क्षेत्र में इनोवेशन्स'। इसके मद्देनज़र 4 दिसम्बर को नई दिल्ली के एफएआई हाउस में एक प्रेस सम्मेलन का आयोजन किया गया। श्री एन. सुरेश कृष्णन चेयरमैन, एफएआई, श्री एस. सी. मेहता, को-चेयरमैन, एफएआई, श्री अरविंद चौधरी, डायरेक्टर जनरल, एफएआई, तथा एफएआई के डायरेक्टर्स ने प्रेस सम्मेलन को सम्बोधित किया। 6 दिसम्बर 2023 को सेमिनार का उद्घाटन केन्द्रीय रसायन एवं उर्वरक तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ मनसुख मंडाविया करेंगे। उद्घाटन सत्र के दौरान माननीय अतिथि श्री भगवंत खुबा, रसायन एवं उर्वरक मंत्री और नवीन एवं नवीकरणीय उर्जा राज्य मंत्री तथा श्री रजत कुमार मिश्रा, सचिव (उर्वरक) विशेष अतिथि होंगे। एफएआई ने कृषि उत्पादकता में सुधार के लिए अनुसंधान एवं विकास में वैज्ञानिकों के योगदान तथा उत्पादन, पर्यावरण प्रदर्शन, सुरक्षा, लघु पोषक तत्वों के विपणन आदि के लिए पुरस्कारों की घोषणा भी की है, जिनका वितरण मुख्य अतिथि द्वारा किया जाएगा।

### एएमए हर्बल ने लॉन्च किया ट्राइकोवेल सीरम



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** भारत में हर्बल प्रोडक्ट्स के उत्पादन में अग्रणी कंपनी एएमए हर्बल लेबोरेटरीज प्राइवेट लिमिटेड ने अपने ब्रांड वेजिटल बायोएक्टिव्स (डर्मा केयर) के तहत ट्राइकोवेल सीरम के लॉन्च की घोषणा की है। यह सीरम, बालों को पोषण देने के साथ-साथ पर्यावरणीय कारकों, हीट स्टाइलिंग और केमिकल ट्रीटमेंट से क्षतिग्रस्त बालों को नया जीवन प्रदान करने के लिए तैयार किया गया है। ट्राइकोवेल को रेस्टोरेटिव विटामिन और एंटीऑक्सिडेंट जैसे आवश्यक इंग्रेडिएंट्स के मिश्रण से तैयार किया गया है, जो बालों को जड़ से सिरे तक पोषण देने का काम करते हैं। ट्राइकोवेल सीरम एक बेहद प्रभावशाली प्रोडक्ट है जो क्षतिग्रस्त बालों को पुनर्जीवित करने में मदद करता है। यह सीरम सूखे, टूटे हुए सिरों को मोटा और चिकना बनाने, बालों को धूप से होने वाले नुकसान और स्टाइलिंग प्रोडक्ट की परत जमा होने से रोकने, बालों को टूटने से बचाने के लिए और उन्हें स्वस्थ, मजबूत, रेशमी और चमकदार बनाने में मदद करता है। एएमए हर्बल लेबोरेटरीज के को-फाउंडर और सीईओ श्री यावर अली शाह ने कहा, हम ट्राइकोवेल को बाजार में पेश करके बेहद उत्साहित हैं। यह इनोवेटिव सीरम उन लोगों के लिए एकदम उपयुक्त प्रोडक्ट है, जो अपने बालों के प्राकृतिक स्वास्थ्य और सुंदरता को वापस पाना चाहते हैं। प्रभावशाली अवयवों के साथ, ट्राइकोवेल किसी भी तरह के बालों की देखभाल के लिए बेहद जरूरी सीरम है।

### वेस्टेड ने निवेश विकल्पों का किया विस्तार

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** एक प्रमुख डिजिटल इन्वेस्टमेंट प्लेटफार्म, ने अपनी सेवाओं में एक बड़े विस्तार की घोषणा की है। कंपनी ने अब अपने सफल यू.एस. स्टॉक इन्वेस्टमेंट प्रोडक्ट से आगे बढ़कर अपने प्रोडक्ट पोर्टफोलियो में ऑल्टरनेटिव एसेट्स की एक नई श्रृंखला को शामिल करने का ऐलान किया है। वेस्टेड की कारोबारी यात्रा भारतीय निवेश बाजार में ग्लोबल निवेश विकल्पों की कमी को दूर करने के साथ शुरू हुई थी। कंपनी ने अमेरिकी शेयरों और ईटीएफ में आसानी से निवेश की सुविधा देने के लिए उपयोग में आसान प्लेटफॉर्म बनाया जिसके कारण नवंबर 2023 तक 2.5 लाख से ज्यादा निवेशकों ने खाते खोले और 1,800 करोड़ रुपये से ज्यादा की राशि जमा कराई गई। वेस्टेड के ग्राहक अपने पोर्टफोलियो के एक हिस्से को ऑल्टरनेटिव एसेट के रूप में अमेरिकी बाजारों में निवेश के लिए इस्तेमाल करते हैं। कंपनी अपनी विस्तार योजना के तहत अब तीन भारत-आधारित ऑल्टरनेटिव एसेट लॉन्च करने जा रही है। इसमें पी2पी लेंडिंग (वेस्टेड एज के जरिए), आइएनआर बॉन्ड्स और सोलर शामिल हैं। वेस्टेड एज निवेशकों को अपने ऑल्टरनेटिव फिक्स्ड इनकम पोर्टफोलियो में पी2पी लेंडिंग शामिल करने की सुविधा देता है। इसमें 12 फीसदी तक संभावित रिटर्न मिल सकता है। दूसरे प्लेटफार्मों के विपरीत, वेस्टेड एज निवेशकों को उनके निवेश को कई आरबीआई-रेग्युलेटेड पी2पी प्लेटफार्म्?स पर अपने आप वितरित करने में सहायता करके जोखिम को कम करता है। इसकी शुरुआत फेयरसेंट और लेंडबॉक्स जैसे दो प्लेटफार्म्स से होती है।

### डीएसपी निफ़्टी स्मॉलकैप 250 क्वालिटी 50 इंडेक्स फ़ंड लॉन्च

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** डीएसपी म्यूचुअल फ़ंड ने पहली बार 'क्वालिटी-फ़ोकस्ड' स्मॉलकैप फ़ंड डीएसपी निफ़्टी स्मॉलकैप 250 क्वालिटी 50 इंडेक्स फ़ंड लॉन्च करने की घोषणा की, जो निफ़्टी स्मॉलकैप 250 क्वालिटी 50 इंडेक्स पर नज़र रखने वाली एक ओपन-एंडेड स्कीम है। निफ़्टी स्मॉलकैप 250 यूनिवर्स के 250 शेयरों में से, इंडेक्स कंपनियों को फ़िल्टर करने और क्राइटेरिया के अनुरूप 50 शेयर चुनने के लिए एक्सक्लूज़न क्राइटेरिया और स्टॉक सिलेक्शन क्राइटेरिया लागू करता है। क्वालिटी फ़िल्टर में रिटर्न ऑन इक्विटी, डेट टू इक्विटी और प्रति शेयर कमाई शामिल है। इसलिए, निफ़्टी स्मॉलकैप 250 क्वालिटी 50 इंडेक्स (क्वालिटी इंडेक्स) में ऐसी कंपनियाँ हैं जिनके पास निफ़्टी स्मॉलकैप 250 (ब्रॉडर इंडेक्स) की तुलना में इक्विटी पर ज़्यादा रिटर्न और कम लेवरेज है। DSP NSQ50I के लिए नया फ़ंड ऑफ़र 5 दिसंबर, 2023 को सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा और 15 दिसंबर, 2023 को बंद होगा। पैसिव इंवेस्टमेंट्स ऐंड प्रोडक्ट्स, सीएफए म्यूचुअल फ़ंड के ष्टस्न्न और हेड अनिल घेलानी कहते हैं, स्मॉलकैप्स में लंबी अवधि के लिए रखे जाने पर आउटसाइज़ रिटर्न की क्षमता होती है। हालाँकि, यह जगह स्वाभाविक रूप से काफ़ी विस्तृत है, इस पर अपेक्षाकृत कम अध्ययन किया गया है और छोटे कैप के बीच क्वालिटी कंपनियों को खोजना इंवेस्टर्स के लिए एक चुनौती है।

### टीवी शो सीआईडी के अभिनेता दिनेश फड़नीस का निधन

**मुंबई।** टीवी के लोकप्रिय धारावाहिक सीआईडी में इंस्पेक्टर फ्रेडरिक्स का किरदार निभाने वाले अभिनेता दिनेश फड़नीस का निधन हो गया है। दिनेश कई दिन से अस्पताल में भर्ती थे। यह जानकारी सीआईडी सीरियल में दया का किरदार निभाने वाले अभिनेता दयानंद शेट्टी ने दी है। दरअसल, पहले बताया गया कि अभिनेता दिनेश को दिल का दौरा पड़ा था। उनका 1 दिसंबर से मुंबई के तुंगा अस्पताल में इलाज चल रहा था। उनकी हालत गंभीर होने के कारण उन्हें वेंटिलेटर पर रखा गया था।

# गरीब कल्याण की मोदी की योजना है आदर्श मॉडल : पटेल

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय जल शक्ति एवं खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति राज्य मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल ने मंगलवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गरीब कल्याण योजना के माध्यम से श्रमिक, महिला एवं किसानों के सशक्तिकरण का जो मॉडल पेश किया है, वह देश से गरीबी दूर करने का आदर्श मॉडल है।

श्री पटेल ने यहां अपने निवास पर संवाददाताओं से बातचीत में विपक्ष को चुनौती दी कि वे यदि चर्चा करना चाहते हैं तो प्रधानमंत्री श्री मोदी के गरीब कल्याण योजना पर चर्चा करें तो उन्हें पता चलेगा कि इसका असर क्या है और गरीबी कैसे दूर हो रही है। श्री पटेल ने कहा कि देश की राजनीतिक व्यवस्था में गरीब और गरीबी की चर्चा तो बहुत होती रही है लेकिन प्रधानमंत्री श्री मोदी की सरकार ने गरीब कल्याण का जो मॉडल दिया है, वह एक आदर्श मॉडल है। उन्होंने इस मॉडल की चर्चा करते हुए कहा कि देश में गरीब आदमी को राशन नहीं मिलता था। हर कोई सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) पर उंगली उठाया करता था। उन्होंने कहा कि श्री मोदी की पहली सफलता यह रही कि 36 राज्यों में पीडीएस प्रणाली को दुरुस्त कर दिया गया।

प्रत्येक व्यक्ति को पांच किलोग्राम अनाज देने की योजना में यदि एक परिवार को यूनिट माना जाये तो प्रति परिवार को 35 किलोग्राम अनाज मिलता है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने हाल ही में निशुल्क अनाज देने वाली इस योजना को पांच साल और बढ़ाने का निर्णय लिया है। इस पर पांच साल में 11 करोड़ 80 लाख रुपए का व्यय होगा। श्री पटेल ने कहा कि बाद में एक देश एक कार्ड योजना के जरिये किसी भी कार्ड धारक को देश में कहीं भी राशन लेने की सुविधा प्रदान की गयी। यदि कोई परिवार दो स्थानों पर रहता है तो उसे दोनों जगह वहां मौजूद सदस्यों के हिसाब से अनाज मिल सकता है।

## केन्द्र की नीतियों के चलते मजबूत हो रही है देश की अर्थव्यवस्था : सीतारमण

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था लगातार मजबूत हो रही है। जानबूझकर ऋण न चुकाने वाले लोगों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। हमारी सरकार की नीतियों के चलते देश के बैंक मजबूत हुए हैं। बैंक फायदे में हैं और उनकी गैर निष्पादित संपत्ति यानी (एनपीए) निरंतर कम हो रही है। सीतारमण ने मंगलवार को राज्यसभा में एक सवाल का जवाब देते हुए कहा कि दुनिया के कई देशों के बैंकों के हालात ठीक नहीं हैं लेकिन हमारे बैंक मजबूत हुए हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका और जर्मनी जैसे देशों के बैंकों के हालत खस्ता हैं। सीतारमण ने संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन की सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि उनके 10 वर्ष के शासनकाल में देश के बैंकों की हालत चरमरा गई थी। उस दौर में बैंक पर नेताओं के दबाव थे। उनके कहने पर नियमों को तोड़कर ऋण बांटे जाते थे। इससे बैंकों की व्यवस्था बिगड़ गई थी।

# समूचे भारत को एक करेगा राम मंदिर

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** श्री आनंदम धाम ट्रस्ट वृंदावन के संस्थापक सदगुरु ऋतेश्वर महाराज ने कहा कि अयोध्या में श्रीराम की जन्मभूमि पर बन रहा भव्य राम मंदिर आत्मिक रूप में समूचे भारत को एक करेगा। उन्होंने कहा कि यह कोई साधारण मंदिर नहीं बन रहा है।

भारतीय आत्मा के मंदिर का निर्माण हो रहा है। इसमें भारत की आत्मा प्रतिष्ठित हो रही है। ऋतेश्वर महाराज ने कहा कि मंगलवार को एक वार्ता में बातचीत में कहा कि 492 साल बाद



हमको अयोध्या में न्याय मिला है। यह भारत की आत्मा की जीत है। यह मंदिर केवल राजस्थान के मंदिरों का नहीं है। इससे विराट संदेश पूरे भारत में जाएगा। उन्होंने कहा कि यह भारत का दुर्भाग्य है कि हमें भगवान राम, भगवान श्रीकृष्ण और भगवान शिव के स्थलों को साबित करना पड़ रहा है। किसी विदेशी से भी पूछेंगे तो वह बता देगा कि राम अयोध्या और श्रीकृष्ण का जन्म मथुरा में हुआ है। सदगुरु ऋतेश्वर ने कहा कि राम मंदिर के लिए 492 वर्ष लग गए लेकिन अब श्री कृष्ण जन्मभूमि के मंदिर के लिए 492 दिन भी नहीं लगेंगे। उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण जन्मभूमि के मुक्ति अभियान से हम स्वयं भी जुड़े हैं लेकिन हमें श्रेय नहीं चाहिए। सनातन के उत्थान के लिए ही संतों का जीवन होता है। तीन राज्यों में भाजपा को मिली जीत पर उन्होंने कहा कि जो राष्ट्र की, सनातन की व विकास की बात करेगा उसी को देश की जनता वोट करेगी।

## 14 अमेरिकी शहरों में आयोजित किया जाएगा 2024 कोपा अमेरिका



**वाशिंगटन।** 2024 कोपा अमेरिका फुटबॉल टूर्नामेंट 14 अमेरिकी शहरों में आयोजित किया जाएगा और इसमें 25 दिनों में 32 मैच खेले जाएंगे। दक्षिण अमेरिकी फुटबॉल परिसंघ (कॉनमबोल) ने सोमवार को उक्त जानकारी दी। उद्घाटन मैच अटलांटा, जॉर्जिया के मर्सिडीज-बेंज स्टेडियम में खेला जाएगा और फाइनल 14 जुलाई को मियामी गार्डन, फ्लोरिडा के हार्ड रॉक स्टेडियम में खेला जाएगा। सेमीफाइनल न्यू जर्सी और चार्लोट में होंगे जबकि क्वार्टर फाइनल आर्लिंगटन, ह्यूस्टन, लास वेगास और ग्लेनडेल के लिए निर्धारित किए गए हैं। अन्य मेजबान शहर ऑरलैंडो, सांता क्लारा, इंगलवुड, कैनसस सिटी, मिसौरी और कैनसस सिटी हैं। 107 साल पुराने टूर्नामेंट में 16 टीमें भाग लेंगी, जिनमें से 10 टीमें कॉनमबोल से और छह उत्तरी और मध्य अमेरिका और कैरेबियन से। बता दें कि यह केवल दूसरी बार है जब कोपा अमेरिका का आयोजन दक्षिण अमेरिका के बाहर आयोजित किया गया है। टूर्नामेंट का ड्रा 7 दिसंबर को मियामी में निकाला जाएगा।

# दिल के साथ पाचन को दुरुस्त रखता है काजू



ड्राई फ्रूट्स में ज्यादातर लोग काजू खाना पसंद करते हैं। स्वाद में जबरदस्त होने के साथ-साथ यह सेहत के लिए भी बेहद लाभकारी माना जाता है। कुछ लोग तो काजू खाने के इतने शौकीन होते हैं कि दिन में 10-15 या फिर इससे ज्यादा काजू भी खा जाते हैं, हालांकि इसका सेवन सीमित मात्रा में ही करना सेहत के लिए लाभकारी माना जाता है। काजू का सेवन कितनी मात्रा में करना चाहिए और इसे डाइट में शामिल करने से शरीर को क्या-क्या फायदे होते हैं आज आपको इसके बारे में बताएंगे। आइए जानते हैं....

**काजू में पाए जाने वाले पोषक तत्व**

काजू में कई सारे पोषक तत्व मौजूद होते हैं जैसे कार्बोहाइड्रेट, फाइबर, प्रोटीन, विटामिन-ए, विटामिन-सी, विटामिन-ई, विटामिन-के, विटामिन-बी6, नियासिन, राइबोफ्लेविन, कॉपर, फॉस्फोरस, हेल्दी फैट्स, पोटैशियम, आयरन, कैल्शियम, मैग्नीशियम आदि। यह सारे न्यूट्रिएंट्स सेहत के लिए बेहद जरुरी होते हैं और शरीर को कई तरह के रोगों से दूर रखते हैं।

**एक दिन में कितनी मात्रा में काजू खाना जरुरी**

एक्सपर्ट्स की मानें तो यदि आप नहीं चाहते कि आपका वजन बढ़े और आप इसके पोषण संबंधी लाभों का फायदा ले सकें तो रोजाना थोड़ी मात्रा में ही काजू का सेवन करें। रोजाना आप 5-10 काजू का सेवन कर सकते हैं। यदि आप हैल्दी फैट और प्रोटीन के सोर्स की तरह इसका सेवन करते हैं तो आप 15-30 काजू का सेवन एक दिन में कर सकते हैं। हालांकि बेहतर होगा कि आप किसी एक्सपर्ट् या डाइटिशियन की सलाह पर ही काजू खाएं।

**दिल रहेगा स्वस्थ**

शोध की मानें तो काजू में हैल्दी फैट मोनोअनसैचुरेटेड और पॉलीअनसेचुरेटेड मौजूद होते हैं। हाई शुगर और कम फाइबर वाले स्टार्च खाद्य पदार्थों के स्थान पर आप काजू का सेवन कर सकते हैं। यह शरीर में खराब एलडीएल कोलेस्ट्रॉल को कम करता है। यह कोलेस्ट्रॉल हृदय रोग का कारण बन सकता है। हाई कोलेस्ट्रॉल और हाई ब्लड प्रेशर की समस्या होने पर सॉल्टेड काजू का सेवन न करें।

**पाचन रहेगा स्वस्थ**

न्यूट्रीएंट जर्नल के अनुसार, नियमित रुप से काजू का सेवन करने से फाइबर, पॉलीफेनोल्स जैसे एंटीइंफ्लेमेरटी प्लांट कंपाउंड मिलते हैं जो आंत के स्वास्थ्य को मजबूत रखने में मदद करते हैं। यह स्वस्थ माइक्रोबायोम बनाता है। काजू में गैलोक्टो, ऑलिगेसेकेरॉइड्क कार्बोहाइड्रेट भी पाए जाते हैं जो एक प्रीबॉयोटीक के रुप में कार्य करते हैं। यह गुड पैथोजेन को पोषण देते हैं जो इम्यूनिटी में सुधार करके सूजन कम करने में मदद करता है।

**मेंटल हेल्थ बनेगी मजबूत**

शोध की मानें तो काजू में ओमेगा-3 फैटी एसिड पाए जाते हैं जो फैटी एसिड हेल्दी ब्रेन की संरचना और फंक्शन से पॉजिटिविटी रुप से जुड़ा हुआ है। यह मस्तिष्क के ब्लड फ्लो को बढ़ाने में भी मदद करता है। यह ब्रेन फ्लूइड की डेंसिटी बढ़ाता है इसके अलावा यह अमीनो एसिड ट्रिप्टोफैन का स्त्रोत भी है जो न्यूरोट्रांसमीटर सेरोटोनिन के स्तर को बनाने और बढ़ाने के लिए जरुरी है। यह मूड को स्थिर करने खुशी की भावनाओं को बढ़ाने और नींद अच्छी लाने में मदद करता है।

**लंबे समय तक भरा रहेगा पेट**

काजू में पाए जाने वाले पोषक तत्व पेट को लंबे समय तक भरा हुआ रखने में मदद करते हैं। काजू के हाई प्रोटीन, हैल्दी फैट या कार्ब्स होते हैं जो ब्लड शुगर लेवल को स्थिर करने के साथ-साथ वजन प्रबंधन में भी मदद कर सकते हैं।

# माइग्रेन और जोड़ों के दर्द का इलाज है पिन्नी

सर्दियां आते ही लोग कई तरह की चीजें अपनी डाइट में शामिल करते हैं ताकि इम्यूनिटी स्ट्रांग हो। इस दौरान ड्राई फ्रूट का भी सेवन किया जाता है, क्योंकि इनकी तासीर गर्म होती है। वहीं हमारी दादी- नानी भी सर्दियों में अकसर हमें पिन्नी का सेवन करने की सलाह देती हैं। इसे खाने के कई सारे फायदे होते, जैसे इम्यूनिटी बूस्ट होती है, आंखों की रोशनी तेज होती है, जोड़ों के दर्द से राहत मिलती है। वहीं अगर सर्वाइकल या माइग्रेन का दर्द ज्यादा बढ़ जाए तो भी ड्राई फ्रूड लड्डू का सेवन कर सकते हैं।

**कैसे करें सेवन?**

ड्राई फ्रूट्स पिन्नी का सेवन का सुबह नाश्ते में गर्म दूध के साथ कर सकते हैं। वहीं रात को अगर आप डिनर लाइट रखना चाहते हैं तो रात को सोने से पहले 1 पिन्नी का गर्मा- गर्म दूध के साथ सेवन कर सकते हैं। इससे नींद अच्छी आती है और इम्यूनिटी स्ट्रांग होती है। लेकिन रात को ये खाकर रहे हैं तो कुछ देर टहलें और फिर सोएं। आइए आपको बताते हैं इसे बनाने की रेसिपी..

आइए आपको बताते हैं इसकी आसान रेसिपी....

- **ड्राई फ्रूट्स पिन्नी बनाने की सामग्री**
- **बेसन- 1 छोटी कटोरी**
- **सूजी- 1 छोटी कटोरी**
- **आटा- 5 कटोरी**
- **देसी घी- 2 कटोरी**
- **काजू- बादाम- 1 कटोरी**
- **किशमिश- 4 चम्मच**
- **खरबूजे की गिरी- 4 चम्मच**
- **गोंद- 4 चम्मच**
- **चिरौंजी- 4 चम्मच**

**ड्राई फ्रूट पिन्नी बनाने की विधि**




सबसे पहले एक कढ़ाई में देसी घी लें और उसमें काजू बादाम को तलकर बाहर निकाल लें। अब इसी घी में गोंद, खरबूजे की गिरी, चिरौंजी को तलकर बाहर निकाल लें और ठंडा होने पर सभी ड्राई फ्रूट्स को मिक्सी जार में डालकर दरदरा पीस लें।

अब घी में किशमिश और नारियल को भूनें । एक बड़ी कढ़ाई में सूजी को मध्यम आंच पर गोल्डन होने तक भूनें। फिर कढ़ाई में थोड़ा घी लें और उसमें बेसन को भी माध्यम आंच पर गोल्डन होने तक भूनें। उसमें आटे को भी माध्यम आंच पर गोल्डन होने तक भूनें। फिर कढ़ाई में थोड़ा सा घी डालें और उसमें सारे ड्राई फ्रूट्स डालकर लगातार चलाते रहें और साथ ही गोल्डन किया हुआ बेसन आटे में डालकर लगातार चलाते रहें। सबको अच्छी तरह से मिक्स कर लें और ठंडा होने दें। अब इनकी छोटी- छोटी पिन्नी बना लें।

# श्रीकृष्ण के बेटे को मिले श्राप की वजह से समुद्र में डूब गई थी द्वारका

पौराणिक कथाओं के अनुसार भगवान श्रीकृष्ण ने मामा कंस वध करने के बाद सभी यदुवंशियों के साथ द्वारिका नगर बसाई थी। लेकिन अब नगरी हमारी बीच नहीं है, वो अचानक से कैसे गायब हो गई। मान्यता है कि महाभारत युद्ध के 36 साल के बाद पूरी द्वारिका नगरी समुद्र में डूब गई थी और उसी के साथ यदुवंश और श्रीकृष्ण ने अपने प्राण त्याग दिए थे। द्वारिका नगरी के अंत को लेकर ये कथा बहुत प्रचलित है...





**ऋषियों ने दिया था श्रीकृष्ण के बेटे को शाप**

कथा के अनुसार श्री कृष्ण के पुत्र सांब को मिले श्राप से द्वारिका नगरी का अंत हुआ। दरअसल ऋषि वाल्मिकी, नारद मुनि और दूसरे ऋषि जब द्वारका का भ्रमण करने आए तो श्रीकृष्ण के पुत्र सांब ने उनका उपहास करने के लिए गर्भवती स्त्री का रुप धारण कर लिया था। जब ऋषियों को इस बात का पता चला तो उन्होंने सांब को श्राप दिया कि उसकी कोख से मूसल पैदा होगा, जिसके चलते पूरे यदुवंश का नाश हो जाएगा।

**श्रीकृष्ण ने किया ऋषियों का सम्मान**

इस घटना का पता श्रीकृष्ण को चला तो उन्होंने कहा यह ऋषियों की वाणी है। व्यर्थ नहीं जाएगी और अगले ही दिन सांब ने एक मूसल उत्पन्न किया। इस मूसल को राजा उग्रसेन ने समुद्र में फिकवा दिया। साथ ही श्रीकृष्ण ने नगर में घोषणा करा दी कि अब कोई भी नगरवासी अपने घर में मदिरा नहीं बनाएगा। क्योंकि कृष्ण नहीं चाहते थे कि उनके कुल के लोग और संबंधी मदिरा के नशे में कोई अनुचित व्यवहार कर परिवार सहित एक-दूसरे का नाश कर बैठें। क्योंकि ऋषियों की वाणी तो सच होनी ही थी।

**कान्हा ने भेज दिया तीर्थ पर**

कहते हैं कि महाभारत युद्ध के 36वें वर्ष में द्वारका नगरी में बहुत अपशकुन होने लगे थे। कान्हा ने सभी यदुवंशी पुरुषों को तीर्थ पर जाने के लिए कहा। इस पर सभी लोग द्वारका नगरी से तीर्थ के लिए निकल गए। प्रभास क्षेत्र में आने पर विश्राम के दौरान किसी बात पर ये लोग आपस में भिड़ गए। यह बहसबाजी, झगड़े में बदली और झगड़ा मारकाट में बदल गया। इस दौरान ऋषियों का शाप इस रूप में फलिभूत हुआ कि सांब ने जिस मूसल को उत्पन्न किया था, उसके प्रभाव से प्रभास क्षेत्र में खड़ी एरका घास को लड़ाई के दौरान जो भी उखाड़ता, वो एरका घास मूसल में परिवर्तित हो जाती। ऐसा मूसल, जिसका एक प्रहार ही व्यक्ति के प्राण लेने के लिए पर्याप्त था। इस लड़ाई में श्रीकृष्ण के पुत्र प्रद्युम्न भी मारे गए।

**सूचना पर पहुंचे श्रीकृष्ण**

सूचना मिलते ही कान्हा प्रभास क्षेत्र पहुंचे। अपने पुत्र और प्रियजनों को मृत देखकर श्रीकृष्ण ने क्रोध में वहां खड़ी एरका घास उखाड़ ली और हाथ में आते ही उस घास ने मूसल का रूप ले लिया। लड़ाई में जो लोग बचे रह गए थे, जिन्होंने अपने परिजनों को मारा था, श्रीकृष्ण ने एक-एक वार से उन सभी का वध कर दिया। अंत में सिर्फ श्रीकृष्ण, उनके सारथी दारुक और बलराम बचे। इस पर श्रीकृष्ण ने दारुक से कहा कि हस्तिनापुर जाकर अर्जुन को यहां ले आओ। फिर बलराम को वहीं रुकने को कहा और स्वयं अपने पिता को इस संहार के बारे में सूचित करने द्वारका चले गए। कान्हा ने वासुदेवजी को इस नरसंहार के बारे में बताया और कहा कि जल्द यहां अर्जुन आएंगे। आप नगर की स्त्रियों और बच्चों को लेकर अर्जुन के साथ हस्तिनापुर चले जाइएगा।

**बलराम ने त्याग दी देह**

जब श्रीकृष्ण वापस प्रभास क्षेत्र पहुंचे तब बलरामजी ध्यानावस्था में बैठे थे। कान्हा के पहुंचते ही उनके शरीर से शेषनाग निकले और समुद्र में चले गए। अब श्रीकृष्ण इधर-उधर घूमते हुए अपने जीवन और गांधारी के शाप के बारे में विचार करने लगे और फिर एक पेड़ की छांव में बैठ गए। इसी समय जरा नामक एक शिकारी का वाण उनके पैर में आकर लगा, जिसने दूर से उनके पैर के अंगूठे को हिरण का मुख समझकर वाण चला दिया था। जब वह शिकारी शिकार उठाने पहुंचा तो श्रीकृष्ण को देखकर क्षमा मांगने लगा। कान्हा ने उसे अभय दान देकर देह त्याग दी।

**समुद्र में डूब गई द्वारका**

अर्जुन ने द्वारका पहुंचकर वासुदेव से कहा कि वह नगर में शेष बचे सभी लोगों को हस्तिनापुर चलने की तैयारी का आदेश दें। फिर अर्जुन ने प्रभास क्षेत्र जाकर सभी यदुवंशियों का अंतिम संस्कार किया। अगले दिन वासुदेवजी ने प्राण त्याग दिए। उस पर उनका अंतिम संस्कार कर अर्जुन सभी महिलाओं और बच्चों को लेकर द्वारका से निकल गए। जैसे ही उन लोगों ने नगर छोड़ा द्वारका का राजमहल और नगरी समुद्र में समा गई। उसी नगरी के पिलर और अवशेषों के बारे में समुद्र से जुड़ी अलग-अलग रिसर्च के दौरान जानकारी मिलती रहती है।